नई दिल्ली

मंगलवार 7 अप्रैल 2026

वैशाख मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 29, अंक : 353

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम

अधि. 28

न्यून. 18

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


विश्व स्वास्थ्य दिवस



**हमने एक वोट की खातिर सरकार खोना मंजूर किया, लेकिन अपनी कार्यप्रणाली और सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया: भाजपा अध्यक्ष**

# 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा के साथ भारतीय जनता पार्टी निरंतर आगे बढ़ रही: नवीन

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से भाजपा परिवार के करोड़ों कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया
- कहा, आज केवल संगठन का स्थापना दिवस नहीं, बल्कि उस विचारधारा का उत्सव है

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी का ध्वज फहराया और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा की राजनीतिक यात्रा, कार्यकर्ताओं के संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए पार्टी के मूल्यों, विचारधारा और राष्ट्र सेवा के प्रति उसके अटूट समर्पण को रेखांकित किया तथा कार्यकर्ताओं से इसी भावना के साथ देशहित में निरंतर कार्य करते रहने का आह्वान किया। नवीन के संबोधन से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से भाजपा परिवार के करोड़ों कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और कहा कि भाजपा आज गुड गवर्नेंस का लास्ट माइल तक डिलीवरी का सिंबल बन गई है और भाजपा की पहचान के साथ ये बात जुड़ गई है कि जो वो कहती है, वो करती जरूर है। कार्यक्रम के दौरान मंच पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी. एल. संतोष, राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री और प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक शिव प्रकाश, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम सहित अन्य वरिष्ठ नेता एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नवीन ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य का दिन है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर भाजपा का 47वां स्थापना दिवस मनाने का अवसर मिला है। आज के दिन मैं अपने पूर्व के राष्ट्रीय अध्यक्षों, जिन्होंने पार्टी की अब तक की सफल यात्रा को यहां तक पहुंचाया है, उन सभी का अभिनंदन करता हूं। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 1980 में हुई, लेकिन यह कहा जा सकता है कि जनसंघ काल से जिस विचार और जिस राष्ट्रवाद को लेकर हमारे वरिष्ठ नेताओं ने काम किया, वह आज भी हमारे लिए प्रेरणा का विषय है। इसी कारण भारतीय जनता पार्टी आज इस स्वरूप में दिख रही है, जिसमें लाखों कार्यकर्ताओं का योगदान है, जिन्होंने पार्टी की अब तक की सफल यात्रा को यहां तक पहुंचाया है और मैं उन सभी का अभिनंदन करता हूं, उन्हें स्मरण करता हूं। उन्होंने कहा कि यह केवल संगठन का स्थापना दिवस नहीं है, बल्कि उस विचारधारा का उत्सव है, जिसमें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का प्रखर राष्ट्रवाद, ▸▸ शेष पेज 5 पर





inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
आरआर एमआई
शाम 7.30 बजे से


## खबर संक्षेप

### अमित जोगी को आजीवन कारावास की सजा



**रायपुर।** छग हाई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को 2003 में राम अवतार जग्गी की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जग्गी की हत्या मामले में दोषी ठहराया है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे और पूर्व विधायक अमित जोगी को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

### रामजस व मिरांडा हाउस कॉलेज को बम धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज और मिरांडा हाउस कॉलेज को सोमवार को ईमेल के जरिए बम संबंधी धमकी दी गई जिसके बाद कई एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और तलाश अभियान शुरू किया। एजेंसियों को संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। ईमेल संदेशों में बम का जिक्र नहीं था, लेकिन उनके विषय वाले हिस्से में धमकी का उल्लेख था।

### चौथे तटरक्षक तीव्र गश्ती पोत का निर्माण शुरू



**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल के लिए तीव्र गश्ती पोत के निर्माण की शुरूआत की गई। यह तटीय सुरक्षा, खोज और बचाव तथा कानून प्रवर्तन के लिए बनाए जा रहे 14 जहाज़ों की श्रृंखला में चौथा जहाज़ है। ये 'आत्मनिर्भर भारत' विज़न के अनुरूप बनाए जा रहे हैं।

# ईरान के विदेश मंत्री से हुई जयशंकर की बातचीत 1777 लोग पहुंचे आर्मेनिया और अजरबैजान

**श्रीलंका और बांग्लादेश** के नागरिकों को भी मदद पहुंचा रहा भारत, 28 फरवरी से लेकर अब तक हुई 7 लाख 30 हजार लोगों की वतन वापसी

**ये जानकारी** अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका, इजरायल के साथ पिछले एक महीने से अधिक वक्त से युद्ध लड़ रहे ईरान का रुख भारत के प्रति फिलहाल सकारात्मक बना हुआ है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच जारी बातचीत के क्रम में बीते रविवार को हुआ संवाद भी शामिल हो गया है। जिसमें पश्चिम-एशिया के मौजूदा हालात पर चर्चा की गई है। इन सबके बीच ईरान से सड़क मार्ग से सीमा पार कर आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंचने वाले भारतीयों की कुल संख्या 1 हजार 777 तक पहुंच गई है। जल्द ही इन सभी की स्वदेश वापसी होगी। वहीं, 28 फरवरी को हुई इस युद्ध की शुरुआत के बाद से लेकर अब तक सुरक्षित देश वापस पहुंचने वाले लोगों की कुल संख्या 7 लाख 30 हजार तक पहुंच गई है। यह जानकारी सोमवार को राजधानी में हुई अंतर-मंत्रालय प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है।



### श्रीलंका, बांग्लादेश को दी मदद

*उन्होंने कहा कि मौजूदा संकट के बीच भारत ईरान से केवल अपने लोगों को ही बाहर नहीं निकाल रहा है। बल्कि तेहरान में मौजूद हमारे दूतावास ने अपने निकट पड़ोसी देशों जैसे श्रीलंका और बांग्लादेश के 2 नागरिकों की भी ईरान से सुरक्षित निकासी में सहायता प्रदान की है। ईरान से सुरक्षित निकाले गए देश के नागरिकों में 1 हजार 545 लोगों को आर्मेनिया और 234 को अजरबैजान पहुंचाया गया है। जायसवाल ने बताया कि 1 हजार 777 के आंकड़े में 895 छात्र और 345 मछुआरे शामिल हैं। पिछले 4 अप्रैल को मछुआरों के इस पूरे बैच की वतन वापसी (चेन्नई पहुंचे) हो गई है। विदेश मंत्री जयशंकर ने आर्मेनिया, अजरबैजान की सरकारों और उनके विदेश मंत्रियों के प्रति इस पूरी कवायद में मदद करने के लिए आभार व्यक्त किया है।*

### ईरान, कतर, यूएई के विदेश मंत्रियों से हुई बात

विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने अपनी कुछ 'एक्स' पोस्ट में बताया कि बीते 5 अप्रैल को उनकी युद्ध में शामिल तीन देशों के अपने समकक्षों यानी विदेश मंत्रियों से बातचीत हुई है। जिसमें ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मुझे फोन किया और हमने क्षेत्र के वर्तमान में बने हुए हालात पर चर्चा की है। वहीं, कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी से टेलीकॉन्फ्रेंस के माध्यम से संघर्ष के मुद्दे पर चर्चा की है। इसी तरह से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ पश्चिम-एशिया के उभरते हुए हालात पर विचार-विमर्श किया गया है।

### संघर्ष में मारे गए 8 भारतीय, 1 लापता

रणधीर ने कहा, पश्चिम-एशिया संघर्ष में अब तक कुल 8 भारतीयों की जान चली गई है। जबकि 1 अन्य लापता है। मारे गए 8 लोगों में से 7 की पार्थिव देह भारत लाई जा चुकी है। जबकि 1 अन्य का मामला ओमान में जारी तकनीकी प्रक्रिया की वजह से फिलहाल लंबित है। लेकिन उसे लेकर ओमान में मौजूद भारतीय दूतावास लगातार प्रयासरत है। जिससे मृतक के शव को स्वदेश वापस लाया जा सके।

### हालात पर पैनी नजर

विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव असीम.आर.महाजन ने कहा, मंत्रालय की पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र में उभरते हालात पर कड़ी नजर बनी हुई है। जिसमें वहां रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। इलाके में हमारे तमाम कूटनीतिक मिशन और दूतावास चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं और देश के लोगों को हर जरूरी सहायता प्रदान कर रहे हैं। मंत्रालय का कंट्रोल रूम भी नियमित रूप से अपने जिम्मेदारी का निर्वाह कर रहा है। खाड़ी क्षेत्र में भारतीय छात्रों को भी सरकार प्राथमिकता दे रही है, जिसमें कोशिश यह जारी है कि किसी भी तरह से छात्रों का शैक्षणिक सत्र बर्बाद न हो। स्थानीय अधिकारियों, स्कूलों और राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के साथ जेईई, नीट प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर मिशन का समन्वय बना हुआ है।

### 7 लाख से ज्यादा लोगों की हुई वापसी

महाजन ने कहा कि तनाव के बीच क्षेत्र के आसपास मौजूद जहाज और उनमें सवार नाविकों की सुरक्षा को हर हाल में बनाए रखने पर जोर दिया जा रहा है। मिशन के जरिए सहयोग देने की प्रक्रिया चल रही है। जिसमें उनके परिवारजनों से बातचीत कराने के अलावा देश वापस लौटने का अनुरोध शामिल है। विमानों का संचालन इलाके में ठीक बना हुआ है। 28 फरवरी से लेकर अब तक क्षेत्र से कुल करीब 7 लाख 30 हजार भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी हुई है। यूएई से आज लगभग 90 उड़ान भारत पहुंचने की संभावना है। ▸▸ शेष पेज 5 पर

# कनाडा में 'एंटी-हेट' बिल को मंजूरी से बौखलाए खालिस्तानी मंदिरों के बाहर किया प्रदर्शन

भारत में प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस ने की ब्रैम्पटन, सरे में प्रदर्शनों की अगुवाई

हिंदू संगठनों ने किया इस बिल का स्वागत, जताई प्रदर्शनों पर रोक की उम्मीद

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मार्क कॉर्नी की यात्रा के बाद से भारत और कनाडा के संबंधों में लगातार सुधार देखने को मिल रहा है। हाल के समय में महत्वपूर्ण शहरों में राजनयिकों की नियुक्ति भी की गई है। लेकिन इन सबके बीच सामने आई एक और बेहद जरूरी जानकारी से ये पता चला है कि कनाडा की संसद के निचले सदन यानी हाउस ऑफ कॉमन्स ने 'एंटी-हेट बिल यानी सी-9' को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। जिससे अब आने वाले वक्त में कनाडा में खासतौर पर खालिस्तानियों द्वारा अपनी नकारात्मक भारत विरोधी गतिविधियों के लिए धार्मिक पूजा स्थलों (हिंदू मंदिरों) को निशाना नहीं बनाया जा सकेगा। साथ ही अब उनके विरोध-प्रदर्शनों पर भी रोक लगी रहेगी। जैसे ही यह खबर खालिस्तानियों तक पहुंची, तो उन्होंने भारत में प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) की अगुवाई में बीते रविवार ▸▸ शेष पेज 5 पर

### भारत के खिलाफ नहीं उगलेंगे आग?

जानकारों का मानना है कि इस बिल को ओटावा की संसद के एक सदन से मिली स्वीकृति के बाद ऐसा लगता है कि अब कनाडा में प्रतिबंधित खालिस्तानी आतंकी संगठनों जैसे सिख फॉर जस्टिस, बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन के हाथ बंध जाएंगे और वह खुलकर भारत के खिलाफ अपनी गतिविधियों को अंजाम नहीं दे पाएंगे। भारत ने पहले ही इन सभी संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया हुआ है।

### समाप्त की गई 'धार्मिक छूट'

मीडिया में जारी रिपोर्ट के मुताबिक, सी-9 बिल के जरिए कनाडा की सरकार ने आतंकवादी संगठनों से जुड़े हुए झंडे, प्रतीकों या बाकी प्रचार सामग्री के साथ किए गए प्रदर्शन को 'अपराध की श्रेणी' में रखा है। ऐसे में अगर कोई व्यक्ति उक्त सामग्री का इस्तेमाल किसी के खिलाफ नफरत फैलाने तथा धार्मिक पूजा स्थलों के बाहर लोगों को डराने, धमकाने और उनका मार्ग बाधित करने के लिए करता है। तो उसे दंडित किया जाएगा और उसका ये कृत्य अपराध की श्रेणी में शामिल किया जाएगा। जबकि पूर्व में इस कानून में पूजा स्थलों के बाहर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध करने, असहमति जताने को लेकर धार्मिक छूट प्रदान की गई थी। जिसे अब हटा लिया गया है। कनाडा के निचले सदन में धार्मिक छूट के मामले पर लंबी बहस हुई है।

**पड़ोसी देश की सरकार ने दिया निमंत्रण 8 से 11 अप्रैल तक करेंगे म्यांमार की यात्रा**

# म्यांमार के नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे कीर्तिवर्धन सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



बीते काफी लंबे समय से राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे म्यांमार के लिए फिलहाल अच्छी खबर है। हालिया संपन्न हुए आम चुनावों के बाद वहां की संसद ने सेनाप्रमुख और सैन्य शासक जनरल मिन आंग ह्लाइंग को नया राष्ट्रपति चुन लिया है। 10 अप्रैल को नेपीडॉ में उनका शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें भारत की तरफ से विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि पड़ोसी देश की सरकार के निमंत्रण पर विदेश राज्य मंत्री राष्ट्रपति ह्लाइंग के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए 8 से 11 अप्रैल ▸▸ शेष पेज 5 पर

# राहुल गांधी ने किया कटाक्ष: पीएम ने कहा कोरोना की तरह निपटेंगे गैस की किल्लत से... ठीक कहा, वैसे ही तो गांव भाग रहे हैं गरीब

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एलपीजी गैस संकट को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाते हुए कटाक्ष किया कि पीएम मोदी ने इस संकट को भी कोविड की तरह संभाला—"नीति शून्य, बड़ी घोषणाएं और बोझ गरीबों पर।" लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले कहा था कि एलपीजी संकट को कोविड की तरह हैंडल किया जाएगा, और अब स्थिति वैसी ही बनती दिख रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि: सरकार की नीतियों का सीधा असर गरीब और मजदूर वर्ग पर पड़ रहा है। 500–800 रुपए की दिहाड़ी कमाने वाले प्रवासी मजदूरों के लिए रसोई गैस अब पहुंच से बाहर हो गई है। कई मजदूरों के पास खाना बनाने तक के पैसे नहीं बच रहे। राहुल गांधी ने दावा ▸▸ शेष पेज 5 पर

# मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग का विपक्षी प्रस्ताव राज्यसभा के सभापति ने किया खारिज

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग चलाकर उन्हें हटाए जाने के विपक्षी प्रस्ताव को राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने खारिज कर दिया। इस पर त्वरित प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्यसभा में कांग्रेस संसदीय दल के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने कहा, सभापति ने ये फैसला उस दबाव के तहत लिया जिसमें उन्हें पता है कि पूर्व में जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को स्वीकार करने के बाद तत्कालीन सभापति का क्या हश्र हुआ था !

राज्यसभा द्वारा जारी संसदीय बुलेटिन-II के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए लाया गया प्रस्ताव खारिज कर दिया गया है। यह निर्णय राज्यसभा के सभापति द्वारा विस्तृत विचार-विमर्श के बाद लिया गया। निर्णय लेने में सभापति ने संवैधानिक रूप से प्रदत्त खास शक्तियों का उपयोग किया।

उल्लेखनीय है कि 12 मार्च को राज्यसभा के 63 विपक्षी सदस्यों द्वारा एक नोटिस प्रस्तुत किया गया था। यह नोटिस भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324(5) और 124(4) के तहत दिया गया था। इसके साथ ही चीफ इलेक्शन कमिश्नर एंड अदर इलेक्शन कमिश्नर्स एक्ट 2023 तथा जजेस (इन्क्वायरी) एक्ट, 1968 के प्रावधानों का हवाला दिया गया था। इस प्रस्ताव का उद्देश्य मुख्य चुनाव आयुक्त को उनके पद से हटाने की प्रक्रिया शुरू करना था।

राज्यसभा के सभापति ने सभी तथ्यों और पहलुओं का गहन और निष्पक्ष मूल्यांकन करने के बाद इस प्रस्ताव को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। ▸▸ शेष पेज 5 पर

**मालदा की घटना पर सुप्रीम की सख्ती**

# हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस का फोन न उठाने पर बंगाल के मुख्य सचिव को लगाई फटकार

कहा -ये बेहद गंभीर लापरवाही, माफी मांगो

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों के घेराव की घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस को मालदा के मामले से जुड़े दस्तावेज एनआईए को सौंपने का निर्देश दिया और कहा कि स्थानीय पुलिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव दुष्यंत नारियाला को कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्होंने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का फोन नहीं उठाया, जो कि बेहद गंभीर लापरवाही है। कोर्ट ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे इस मामले में मुख्य न्यायाधीश से माफी मांगें। इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य की नौकरशाही पर भी तीखी टिप्पणी की। चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची व जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि पश्चिम बंगाल प्रशासन की विश्वसनीयता कमजोर हो रही है और राजनीति सचिवालय और सरकारी ▸▸ शेष पेज 5 पर

**9 से 10 अप्रैल तक बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा 'रण-संवाद'**

# मानवरहित हवाई सिस्टम, लाइटरिंग म्यूनिशन को लेकर सेना ने जारी किया रोडमैप

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया और खाड़ी क्षेत्र में जारी युद्ध और बीते चार साल से अधिक समय से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे तनावपूर्ण वैश्विक हालात के बीच सोमवार को भारतीय सेना ने राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में मानवरहित हवाई सिस्टम (यूएएस) और लाइटरिंग म्यूनिशन जैसे दो क्षेत्रों को लेकर एक तकनीकी रोडमैप जारी किया है। जो विभिन्न प्रकार के विवादों में खासतौर पर तेजी से बदलते हुए युद्धकौशल को ध्यान में रखते हुए तैयार किया ▸▸ शेष पेज 5 पर




### यह हैं पांच श्रेणियां

श्रेणियों में निगरानी, लाइटरिंग म्यूनिशन, हवाई रक्षा भूमिका में यूएएस, विशेष भूमिका और लॉजिस्टिक में यूएएस की भूमिका मुख्य हैं। उप सेनाप्रमुख (कैपेबिलिटी डेवलपमेंट एंड सस्टिनेंस) लेफ्टिनेंट जनरल राहुल .आर. सिंह ने दस्तावेज में शामिल की गई संवेदनशील सामग्री के प्रति सभी भागीदार पक्षों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि इसे किसी भी सूरत में अनाधिकृत लोगों से साझा न करें। क्योंकि ऐसा होने पर यह दुश्मन के हाथ भी लग सकता है। मेजर जनरल सी.एस मान (एडीजी, आर्मी डिजाइन ब्यूरो) ने कहा, यह पहला मौका है, जब सेना ने यूएएस और लाइटरिंग म्यूनिशन के क्षेत्र में ऐसी कोई पहल की है। जिससे इसके महत्व का पता चलता है। मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति के मुताबिक, सेना में दस्तावेज को तैयार करने की तैयारी ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही जारी थी।

### दीर्घावधि जरूरतों का पता चलेगा

दस्तावेज की मदद से उद्योग, शैक्षणिक जगत को सेना की उक्त दोनों क्षेत्रों में लंबी अवधि की आवश्यकताओं के बारे में जानकारी मिलेगी। कार्यक्रम में सेना के अलावा ड्रोन फेडरेशन इंडिया, सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स, फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, रक्षा उद्योग, शैक्षणिक जगत और शोध-अनुसंधान जैसे संगठन शामिल हुए।

**खबर संक्षेप**

### गुटखे को लेकर हुए विवाद में हत्या, चाय विक्रेता गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली में आज़ादपुर मंडी के पास गुटखे की कीमत को लेकर हुए विवाद में एक चालक की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में 19 वर्षीय चाय विक्रेता को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने रविवार रात लिबासपुर निवासी राहुल को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया गया है। पुलिस को तीन अप्रैल को आज़ादपुर मंडी क्षेत्र के पास सराय पीपल थला के नजदीक चाकूबाजी की घटना के संबंध में एक कॉल के माध्यम से सूचना दी गई थी। अधिकारी ने बताया कि पीड़ित को बाबू जगजीवन राम मेमोरियल (बीजेआरएम) अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी नाज़िम के रूप में हुई है, जो आज़ादपुर मंडी में सब्जियां पहुंचाने का काम करता था।

### डीडीए ने लोगों पर डाला बोझ : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) राजधानी में लीज होल्ड प्रॉपर्टियों को फ्री होल्ड में कन्वर्जन के काम पर अस्थायी रोक लगाकर दिल्ली में मकान खरीदने वालों पर आर्थिक बोझ डालने की तैयारी कर रही है। क्योंकि डीडीए दिल्ली सरकार द्वारा नोटिफाईड सर्कल रेट को अपना कर प्रोपर्टी की दरों में बढ़ोत्तरी करने जा रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के निर्देश पर 2 जनवरी 2026 से फ्रीहोल्ड की प्रक्रिया पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। यादव ने कहा कि डीडीए फ्रीहोल्ड कन्वर्जन रोक का उदेश्य मौजूदा नीतियां रुपांतरण दरों और प्रशासिनक प्रक्रियाओं की समीक्षा की अनुमति व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और नागरिकों के अनुकुल बनाने के लिए है। उन्होंने कहा कि फ्रीहोल्ड कन्वर्जन प्रक्रिया ऑनलाईन पोर्टल 3 महीनों से बंद है और जिन लोगों ने पहले पंजीकरण किया था उनका काम भी रोक दिया है।

सीएम का निर्देश, तय समय में पूरे हों बजट के सभी विकास कार्य

# सीएम प्रगति पोर्टल से सभी विभागों के विकास कार्यों पर रहेगी पैनी निगाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




सभी प्रमुख परियोजनाओं की सतत और गहन निगरानी सीएम प्रगति पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। इस पोर्टल पर प्रत्येक विभाग को अपने प्रोजेक्ट्स की प्रगति, तय समय-सीमा और आगामी चरणों का नियमित अपडेट करना होगा ताकि कार्यों की वास्तविक स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा सके। यह निर्देश सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। इस बैठक में बजट 2026-27 में घोषित प्रमुख योजनाओं, उनकी प्रगति और समय-सीमाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री का स्पष्ट कहना था कि राजधानी को 'विकसित दिल्ली' बनाने के लिए बेहतर व प्रभावी कार्य किए जाने आवश्यक है ताकि तय समय में दिल्ली का रूप-रंग निखर सके और दिल्लीवासियों को उस पर गर्व हो। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जरूरत इच्छाशक्ति की है और उन्हें विश्वास है कि विभिन्न विभाग दिल्ली को आधुनिक और सुविधाओं से भरपूर बनाने में पूरी मेहनत से कार्य करेंगे। इस उच्चस्तरीय बैठक में सरकार के मुख्य सचिव श्री राजीव वर्मा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय पर विकास कार्यों से ही दिल्ली का तेजी से विकास संभव है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे 15 दिन, 20 दिन और एक माह जैसे अल्पकालिक लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से निर्धारित कर पोर्टल पर अपडेट करें, जिससे समयबद्ध तरीके से कार्यों को आगे बढ़ाया जा सके और किसी भी प्रकार की देरी को समय रहते चिन्हित कर दूर किया जा सके।

**विभाग अपने लक्ष्यों और समय-सीमाओं को गंभीरता से करें निर्धारित**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग अपने लक्ष्यों और समय-सीमाओं को गंभीरता से निर्धारित कर उसी के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं को अनावश्यक रूप से लंबित रखने की प्रवृत्ति को समाप्त करना होगा और शिलान्यास के साथ ही समय पर पूर्णता की दिशा में ठोस प्रयास करने होंगे। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि टेंडरिंग, कार्यारंभ और पूर्णता की पूरी प्रक्रिया पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार समयबद्ध तरीके से पूरी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी परियोजना में बाधा आती है तो उसे तुरंत उच्च स्तर पर साझा कर समाधान निकाला जाए, न कि कार्यों को लंबित रखा जाए।

## रेखा ने एलजी से जल आपूर्ति व बिजली प्रबंधन को लेकर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से मुलाकात कर जल आपूर्ति और बिजली प्रबंधन समेत आगामी गर्मियों को लेकर दिल्ली सरकार की तैयारियों से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने शहर में समय पर एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं पर कड़ी निगरानी रखे जाने की जानकारी साझा की। साथ में इसकी कमी को दूर करने और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने कोशिशों के बारे में भी बताया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर उपराज्यपाल संधू के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से भेंट कर आगामी गर्मियों के लिए दिल्ली सरकार की तैयारियों की विस्तृत जानकारी साझा की। इस दौरान जल आपूर्ति, बिजली प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं और आपदा प्रबंधन से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। हमारा लक्ष्य है कि गर्मी के मौसम में दिल्लीवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। दिल्ली सरकार सभी आवश्यक कदम उठा रही है और पूरी तरह तैयार है, ताकि नागरिकों को सुचारु सेवाएं और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

## महिला से 'दोस्ती' को लेकर युवक की हत्या

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



उत्तर-पश्चिम दिल्ली के जहांगीरपुरी में 18 वर्षीय युवक की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या इसलिए कर दी गई, क्योंकि उसके बड़े भाई की एक आरोपी की पत्नी के साथ दोस्ती है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पीड़ित की पहचान हसमत के रूप में हुई है। आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं जिनमें दिलशाद, इरफान व इमरान आपस में भाई हैं जबकि रिजबुल उनका करीबी संबंधी है। पुलिस ने बताया कि चारों आरोपी फिलहाल फरार हैं। पुलिस ने बताया कि पीड़ित के भाई हकीम की रिजबुल की पत्नी मनवारा के साथ पिछले पांच से छह वर्षों से कथित दोस्ती थी जो इस घटना का कारण बनी। एक अधिकारी ने कहा, 2024 में हकीम की दूसरी महिला से शादी होने के बावजूद, उसने यह संबंध जारी रखा, जिससे दोनों पक्षों के बीच तनाव पैदा हुआ। ईद पर मनवारा ने हसमत की पत्नी से कथित रूप से दुर्व्यवहार किया जिसके बाद वह आरोपियों के घर पहुंच गया। अधिकारी ने बताया कि तब से ही आरोपियों के मन में उसके प्रति द्वेष था। रविवार शाम करीब छह बजे उन्होंने रामलीला मैदान में हसमत पर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित पर चाकू से कई बार वार किया गया और उसे गंभीर हालत में बाबू जगजीवन राम मेमोरियल (बीजेआरएम) अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान, प्रत्यक्षदर्शी हकीम ने बताया कि हसमत पर आरोपियों ने हमला किया था, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। आगे की जांच जारी है।

### दिल्ली विधानसभा में लोहे का द्वार तोड़कर जबरन अंदर घुसी एसयूवी : तीन पकड़े गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा में सोमवार दोपहर उस वक्त बड़ी सेंध लग गई, जब एक नकाबपोश व्यक्ति एसयूवी लेकर परिसर की सीमा पर बने द्वार को तोड़कर जबरन अंदर घुस गया और विधानसभा अध्यक्ष की कार पर एक गुलदस्ता रखकर उसी रास्ते से निकल भी गया। इसके बाद हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बाद में उत्तर दिल्ली से कार चालक समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया और वाहन को जब्त कर लिया। पुलिस की कई टीमों और बम निरोधक दस्ते ने विधानसभा परिसर की पूरी तरह से तलाशी ली ताकि किसी भी तरह के खतरे की संभावना को खत्म किया जा सके। इस तलाशी के बाद परिसर में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने गुलदस्ते की भी जांच की। पुलिस ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है। एक पुलिस अधिकारी ने विधानसभा को हाल में मिली बम की धमकियों का जिक्र करते हुए कहा कि इस पूरी घटना के मकसद पर टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगी। हमारी टीमें उससे पूछताछ कर रही हैं। मकसद अभी स्पष्ट नहीं है। लेकिन हम हर संभव कोण से पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।ₔ अधिकारी ने कहा, ₹पूरी घटना बहुत जल्दी, महज पांच से सात मिनट में घटित हुई। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश पंजीकरण नंबर वाली कार अपराह्न करीब दो बजे गेट नंबर 2 को तोड़कर विधानसभा परिसर में घुसी। यह कार पीलीभीत क्षेत्र की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कार बेहद लापरवाही से चलाई जा रही थी और दिल्ली विश्वविद्यालय की तरफ से आ रही थी।

## उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव व पुलिस आयुक्त को किया तलब

*विधानसभा, दिल्ली सचिवालय व कानून व्यवस्था पर हुई चर्चा*

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली



उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से सोमवार को दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव राजीव वर्मा व दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा सहित अन्य अधिकारियों को तलब किया। यह बैठक दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था को तार तार करते हुए दरवाजा तोड़कर जबरन अंदर कार घुसने के बाद बुलाई गई। लोक निवास से छनकर बाहर आ रही खबरों के अनुसार विधानसभा परिसर में जबरन कार घुसने के मामले पर गृह मंत्रालय ने एलजी संधू से जानकारी मांगी है। इस घटना ने हाल ही में बजट सत्र के दौरान विधानसभा में बम रखने की धमकी के बावजूद दिल्ली पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों के चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दावों की धज्जियां उड़ाकर रख दी है। सूत्रों का कहना है कि इस बैठक में एलजी ने मुख्य सचिव से विधानसभा परिसर में जबरन कार घुसने से लेकर अन्य विधायी भवनों की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। जबकि पुलिस आयुक्त गोलछा से इस घटना पर जबाब मांगा है कि आखिर सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक कैसे हुई। एलजी ने विधानसभा परिसर में सुरक्षा घेरा तोड़कर कार घुसने और वापस सुरक्षित निकल जाने की इस हास्यपद घटना पर बेहद नाराजगी जताई है। सूत्रों का कहना है एलजी संधू ने इस घटना को सुरक्षा व्यवस्था में बहुत बड़ी चूक मानते हुए कड़ा रूख अपनाने की बात कही है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजधानी में सभी महत्वपूर्ण भवनों, राष्ट्रीय महत्व की इमारतें, जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा सहित दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीरता से पुनः समीक्षा के निर्देश देते हुए कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी में ऐसी घटना होना बेहद गंभीर व चिंता का विषय है। सूत्रों की मानें तो एलजी ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए है कि विधानसभा परिसर, दिल्ली सचिवालय भवन यानी प्लेयर बिल्डिंग की सुरक्षा व्यवस्था की पुनः समीक्षा करते हुए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की सुरक्षा को लेकर भी एलजी ने मुख्य सचिव व पुलिस आयुक्त को निर्देश दिए है। बता दें कि सोमवार दोपहर के समय यूपी नंबर की एक कार विधानसभा परिसर के गेट नंबर दो को तोड़कर जबरन अंदर घुस गई। कार में बैठे व्यक्ति ने बड़े आराम से विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के कार्यालय के बाहर फूलों का एक गुलदस्ता रखा और वापस चला भी गया।

### रामजस व मिरांडा हाउस कॉलेज को बम धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज और मिरांडा हाउस कॉलेजों को सोमवार सुबह बम की धमकी वाले ईमेल मिलने के बाद विद्यार्थियों को संस्थानों से बाहर निकाला गया। रामजस कॉलेज के प्राचार्य अजय कुमार अरोड़ा के अनुसार, ईमेल कॉलेज की ईमेल आईडी पर सुबह करीब नौ बजे भेजा गया था। अरोड़ा ने पत्रकारों को बताया कि ईमेल सुबह करीब 11 बजे भेजा गया, तभी हमें इसके बारे में पता चला। अगले 10 मिनट के भीतर विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों और गैर-शिक्षक कर्मचारियों को भी संस्थान से बाहर निकाला गया और पुलिस को बुलाया गया। रामजस कॉलेज को प्राप्त ईमेल के विषय में कहा गया था कि कॉलेज में कम से कम 13 बम लगाए गए हैं। अरोड़ा ने बताया कि विद्यार्थियों को गेट पर इंतजार करने के बजाय घर जाने के लिए कहा गया था, ताकि अनावश्यक भीड़भाड़ से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि मंगलवार से कक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फिर से शुरू होंगी। बम की धमकी के बाद, सोमवार सुबह कई एजेंसियां दोनों कॉलेजों में पहुंचीं।

## मुख्यमंत्री की पहली प्राथमिकता है गांवों को दी जाएं बेहतर सुविधाएं : सत्या शर्मा

**गांवों में 200 वर्गमीटर तक हाउस टैक्स माफ करने पर किया स्वागत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की पहली प्राथमिकता है कि गांवों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएं। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने निगम मुख्यालय स्थित उनके कार्यालय में हाउस टैक्स छूट के लिए उनका अभिनंदन करने के लिए आए दिल्ली पंचायत संघ के प्रतिनिधियों को सोमवार को यह बात कही। स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि दिल्ली देहात के गांवों के समग्र विकास और वहां के निवासियों को राहत प्रदान करना निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स माफी का यह निर्णय ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को आर्थिक राहत देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने सत्या शर्मा का स्वागत करते हुए कहा कि कई दशकों से लंबित हाउस टैक्स माफी के मुद्दे पर पहली बार किसी जनप्रतिनिधि ने ठोस कदम उठाया है। इस अवसर पर पंचायत संघ प्रतिनिधियों ने दिल्ली देहात के गांवों में 200 वर्गमीटर तक की आवासीय संपत्तियों पर हाउस टैक्स माफ करने के निर्णय के लिए स्थायी समिति अध्यक्ष का अभिनंदन किया।

## क्लस्टर बस चालक की सेवा से रात में यात्रियों को मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- जल्दबाजी के चक्कर में ओवरटेक करने वाले चालक दें ध्यान

दिल्ली में अधिकतर कलस्टर बस चालक शाम ढलते ही बस स्टैंड और बसों को ओवरटेक कर बस रोकने में आनकानी करते नजर आते रहे हैं और इसके पीछे जल्दी घर पहुंचने का कारण बताया जाता है। वहीं, दूसरी तरफ देखा जाए तो इन्हीं में से कुछ कलस्टर बस चालक ऐसे भी जो रात के समय भी बस यात्रियों को राहत देने का कार्य बखूबी से निभा रहे हैं। रविवार को जब बसों की संख्या कम हो जाती है ऐसे में मोरी गेट टर्मिनल से दिल्ली देहात के नरेला क्षेत्र की तरफ चलने वाले रूट नंबर 193 पर एक क्लस्टर बस चालक ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता से यात्रियों का दिल जीत लिया। यात्री बताते हैं कि आमतौर पर रात्रि सेवा के दौरान कई बस चालक जल्दी घर पहुंचने की जल्दबाजी में बस स्टैंड्स को नजरअंदाज करते हुए बसों को ओवरटेक कर देते हैं, जिससे यात्रियों को अपने गंतव्य स्थल तक पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लेकिन बस संख्या डीएल1पीडी 5039 का चालक हरपाल सिंह इस धारणा को गलत साबित करते हुए हर बस स्टैंड पर बस रोककर यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देता नजर आता है। देर रात के समय जब सार्वजनिक परिवहन सीमित हो जाता है, ऐसे में इस चालक की जिम्मेदारीपूर्ण सेवा यात्रियों के लिए राहत बनकर सामने आ रही है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **लक्ष्य शर्मा** पुत्र स्वर्गीय संजीव कुमार शर्मा निवासी मकान नंबर 88, न्यू गोविंद पुरी, जगतपुरी, दिल्ली ने **ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 021630/24 धारा 305(बी)/317(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थाना गीता कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **लक्ष्य शर्मा** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **लक्ष्य शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **लक्ष्य शर्मा, ई-प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 021630/24 धारा 305(बी)/317(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, थाना गीता कॉलोनी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.04.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री प्रेरणा राय**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-02
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/4376/SHD/2026

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank

**पंजीकृत कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदार(ों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक सूचना जारी की गई थी। देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 07 मई 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नम्बर | कर्जदार(ों) के नाम | नीलामी शाखा पता / पते |
|---|---|---|
| **शाखा का नाम : आदमपुर** | | आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नंबर 2, अतिरिक्त अनाज मण्डी, मंडी आदमपुर, हरियाणा-125052 |
| 085962007330 | रमेश कुमार | |
| **शाखा का नाम : अग्रोहा** | | आईसीआईसीआई बैंक लि., खसरा नंबर 191//11/1/2, एनएच-10 सिरसा रोड, अग्रोहा, जिला-हिसार, हरियाणा-125047 |
| 093362005539 | शीलू पुत्र कृष्ण | |
| 093362005541 | छोटू राम | |
| **शाखा का नाम : अम्बाला कैंट** | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एलआईसी बिल्डिंग, जगाधरी रोड, अंबाला कैंट, जिला अम्बाला, हरियाणा-133001 |
| 049862005049 | निर्मल सिंह | |
| **शाखा का नाम : बाबियां** | | आईसीआईसीआई बैंक लि., बूथ नंबर 114, नई अनाज मंडी, बाबैन, कुरुक्षेत्र जिला, हरियाणा-136156 |
| 215362003382 | उषा रानी | |
| **शाखा का नाम : भिवानी** | | आईसीआईसीआई बैंक लि., मेन चौक, सर्कुलर रोड, भिवानी - 127021 |
| 072962003621 | अमित शर्मा | |
| **शाखा का नाम : गुरुग्राम-सेक्टर-15 पार्ट-II** | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ- 22, हुडा मार्केट, सेक्टर 15 पार्ट II, गुरुग्राम, हरियाणा - 122001 |
| 114862000461 | स्नेहलता ना | |
| **शाखा का नाम : गुरूग्राम-सेक्टर-37सी** | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ नंबर ए5 और ए6, जीएफ, इम्पीरिया शॉपिंग सेंट्रल, सेक्टर 37-सी, रैवेन्यू एस्टेट गांव गडोली खुर्द, गुरुग्राम, हरियाणा-122004 |
| 432157000024 | सोनिया | |
| **शाखा का नाम : महम** | | आईसीआईसीआई बैंक लि., अहलावत कॉम्प्लेक्स, क्रांति चौक, गोहाना मोड़, महम, जिला-रोहतक, हरियाणा-124112 |
| 382557000154 | नीलम नीलम | |
| **शाखा का नाम : नारनौंद** | | आईसीआईसीआई बैंक लि., पुलिस स्टेशन के सामने, मेन रोड, नारनौंद, जिला हिसार, हरियाणा-125039 |
| 381862001409 | दर्शन दर्शन | |

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे - अप. 6.00 बजे।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 07.04.2026
स्थान : हिसार, गुरुग्राम, अम्बाला, भिवानी, रोहतक, कुरुक्षेत्र

भवदीय, हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

मौके पर प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और सांसद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रहे मौजूद

# प्रदेश भाजपा कार्यालय पर पार्टी झंडा फहराकर मनाया भाजपा का 47वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




भाजपा का इतिहास त्याग, तपस्या और संघर्ष से भरा हुआ है, और आज यह संगठन विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन बन चुका है। भाजपा कार्यालय पर ध्वाजारोहण के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि आज भाजपा के उन सभी 14 करोड़ भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का पल है क्योंकि वह विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के कार्यकर्ता हैं जिसका नेतृत्व देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कच्छ से कामरूप तक और कश्मीर से कन्याकुमारी तक के हर एक गांव में भाजपा कार्यकर्ता हैं और आज अपनी पार्टी का स्थापना दिवस सेवा और समर्पण के उद्देश्य के साथ मना रहे हैं। बता दें कि भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह की अगुवाई में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में भाजपा के ध्वज को फहराया और साथ ही एक दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर सांसद कमलजीत सहरावत, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, प्रदेश पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। प्रदेश भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस 47वें स्थापना दिवस के मौके पर दिल्ली भाजपा कार्यालय को सजाया गया है और साथ ही आज दिल्ली के सभी जिला कार्यालयों में भी स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर देश भर की तरह दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भी अपने आवास पर भाजपा का झंडा फहराया और पार्टी के एक मजबूत संगठन के सफर को याद किया।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि जनसंघ से जो यात्रा प्रारंभ हुई उस विचार के साथ पार्टी लगातार आगे बढ़ रही है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे तपस्वी जिन्होंने पार्टी की सेवा एवं विचारधारा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया और उसी का परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में हमारी सरकार होने के साथ-साथ 20 राज्यों में एनडीए की सरकार है।

### राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से ओतप्रोत है भाजपा कार्यकर्ता : रेखा गुप्ता

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि भाजपा ने एक लंबा सफर तय किया है और राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से ओतप्रोत भाजपा के कार्यकर्ता राष्ट्रहित में लगातार काम कर रहे हैं और मैं उन्हें बधाई देती हूं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का हर कार्यकर्ता सिर्फ इसलिए कार्य कर रहा है ताकि देश विश्वगुरु बने और देश के हर नागरिक को सम्मान मिले जिसका वह असली हकदार है।

## खबर संक्षेप

### एमसीडी बेलदारों के नियमितीकरण को लेकर आयुक्त को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में लंबे समय से कार्यरत 375 बेलदारों के नियमितीकरण को लेकर बड़ी पहल सामने आई है। निगम की 13 फरवरी 2026 को हुई बजट बैठक के अंतिम मिनट्स अब आयुक्त, एमसीडी को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिए गए हैं, जिससे कर्मियों में उम्मीद की नई किरण जगी है। इंजीनियरिंग विभाग में वर्ष 2006 से 2012 के बीच कार्यरत इन बेलदारों को नियमित करने की मांग लंबे समय से उठती रही है। निगम में सदन के नेता प्रवेश वाही द्वारा आधिकारिक रूप से इस विषय को आगे बढ़ाते हुए निगम आयुक्त को पत्र भेजा गया है, जिसमें तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। निगम के संबंधित बेलदारों का कहना है कि जनहित के दृष्टिकोण से देखा जाए तो नियमितीकरण से न केवल बेलदारों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि निगम के कार्यों की गुणवत्ता और जवाबदेही में भी सुधार आने की उम्मीद है।

### पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में भेदभाव के खिलाफ एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के हिंदी विभाग में पीएचडी नामांकन प्रक्रिया में कथित भेदभाव और मनमानी के विरोध में प्रदर्शन किया। एबीवीपी ने कहा कि हिंदी विभाग द्वारा जारी एक नोटिस में यह स्पष्ट किया गया था कि पीएचडी में प्रवेश केवल जेआरएफ उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ही दिया जाएगा। इसमें नेट (नेईटी) तथा 'ओनली फॉर पीएचडी' उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है। डीयू इकाई के मंत्री अक्षय प्रताप सिंह और इकाई अध्यक्ष अभिनव चौधरी ने कहा कि छात्रों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार बंद कर सभी को समान अवसर प्रदान किया जाना चाहिए।

## दिल्ली के फ्लाईओवरों का होगा कायाकल्प, सीएम के नेतृत्व में एमओयू साइन

# फ्लाईओवरों के नीचे की उपेक्षित जगहों को बनाया जाएगा सुंदर और व्यवस्थित : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के फ्लाईओवरों का जल्द ही कायाकल्प होगा। वहीं इसके साथ ही फ्लाईओवरों के नीचे की खाली जगहों को सुंदर और व्यवस्थित बनाया जाएगा। इस बाबत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को दिल्ली सचिवालय में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सीएसआर के तहत डालमिया भारत लिमिटेड, गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप और इज माय ट्रिप फाउंडेशन के साथ मिलकर एक समझौते पत्र (एएमयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार लोगों के हित में कामों को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए निजी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है, ताकि शहर को और बेहतर बनाया जा सके। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इस समझौते के तहत फ्लाईओवरों के नीचे पड़ी खाली और उपेक्षित जगहों को सुंदर, उपयोगी और लोगों के काम आने वाले स्थानों में बदला जाएगा। इन जगहों पर हरियाली विकसित की जाएगी, दीवारों पर आकर्षक चित्र बनाए जाएंगे, बैठने की सुविधा होगी, साफ-सफाई का अच्छा इंतजाम किया जाएगा और लोगों के उपयोग के लिए जरूरी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। इससे ये स्थान शहर की पहचान का हिस्सा बन सकेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह पहल न केवल दिल्ली के समग्र सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देगी, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सहभागिता को भी मजबूत करेगी। यह प्रयास 'स्वच्छ और सुंदर दिल्ली' के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी सहभागी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार और निजी क्षेत्र के संयुक्त प्रयासों से दिल्ली को आधुनिक, स्वच्छ और आकर्षक शहर के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि इस प्रकार की पहलें दिल्ली को वर्ष 2047 के 'विकसित भारत' के विजन के अनुरूप आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

### यह पहल दिल्ली के शहरी ढांचे को देगी नया स्वरूप: प्रवेश

इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि यह पहल दिल्ली के शहरी ढांचे को नया स्वरूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। फ्लाईओवर के नीचे के स्थानों का सौंदर्यीकरण न केवल शहर को सुंदर बनाएगा, बल्कि इन स्थानों को जन उपयोग के लिए भी अधिक उपयोगी और सुरक्षित बनाएगा। सरकार ऐसे प्रयासों के माध्यम से दिल्ली को स्वच्छ, व्यवस्थित और विश्वस्तरीय शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### अप्सरा बॉर्डर से हनुमान सेतु तक, दिल्ली के 6 बड़े फ्लाईओवरों की बदलेगी तस्वीर

इस परियोजना के तहत अलग-अलग कंपनियां दिल्ली के कई फ्लाईओवरों के नीचे की जगहों को सुंदर और उपयोगी बनाएंगी। सबसे पहले, इज माय ट्रिप फाउंडेशन अप्सरा बॉर्डर फ्लाईओवर (एमसीडी टोल टैक्स बूथ से यूपी बॉर्डर तक करीब 800 मीटर) और मयूर विहार फेज-1 फ्लाईओवर (कनाइन रोड कट से समाचार अपार्टमेंट तक करीब 820 मीटर) का सौंदर्यीकरण करेगी। वहीं, गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप नेताजी सुभाष पैलेस (एनएसपी) फ्लाईओवर (रिंग रोड से एनएसपी मेट्रो स्टेशन तक करीब 570 मीटर) को विकसित करेगा। इसके अलावा, डालमिया भारत लिमिटेड ओबराय फ्लाईओवर (नीला गुंबद से गोल्फ लिंक तक करीब 700 मीटर), लोधी फ्लाईओवर (ओबराय होटल से श्मशान घाट बीआरटी रोड तक करीब 700 मीटर) और मांगी सेतु/हनुमान सेतु (लाल किला से सलीमगढ़ किले तक करीब 400 मीटर) के नीचे की जगहों को सुंदर बनाएगा।

### शिक्षा मंत्री की मौजूदगी में ईडब्ल्यूएस दाखिले के लिए निकला ड्रा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने सोमवार को ईडब्ल्यूएस/डीजी और एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) कैटेगरी के अंतर्गत प्रवेश के लिए कंप्यूटरीकृत ड्रा निकाल दिया है। यह प्रक्रिया शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्राइवेट विद्यालयों में नर्सरी/केजी/कक्षा एक में प्रवेश के लिए हुई है। ड्रा के दौरान दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद और अभिभावक उपस्थित रहे। ड्रॉ के बाद दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि राज्य के प्रत्येक पात्र बच्चे को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिले। शिक्षा मंत्री सूद ने कहा कि इस वर्ष इन सब श्रेणियों में प्रवेश के लिए तकनीकी सुधारों, एनआईसी द्वारा विकसित और स्वीकृत सॉफ्टवेयर और आधार आधारित के माध्यम से डुप्लीकेट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदनों पर प्रभावी रोक लगाई गई है। इससे वास्तविक लाभार्थियों को प्रवेश के अधिक अवसर प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा इस वर्ष कुल सीटों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और इसके साथ ही आवेदन प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं पारदर्शी भी बनाया गया है। इस वर्ष 2025–26 की तुलना में कुल स्कूलों की संख्या 2 हजार 219 से बढ़कर 2 हजार 308 हो गई है। ईडब्ल्यूएस/डीजी श्रेणी के अंतर्गत सीटें 44 हजार 45 से बढ़कर 48 हजार 92 हो गई है, जबकि सीडब्ल्यूएसएन श्रेणी में सीटें 6 हजार 471 से बढ़कर 7 हजार 609 तक पहुंची हैं। इस प्रकार इस वर्ष कुल सीटों की संख्या 50 हजार 516 से बढ़कर 55 हजार 701 हो गई है, जो कि 5 हजार 185 सीटों की वृद्धि को दर्शाता है। सूद ने बताया कि दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग को इस वर्ष कुल 1 लाख 39 हजार 524 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें ईडब्ल्यूएस/डजी श्रेणी में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदनों की संख्या 1 लाख 38 हजार 536 है। वहीं, दूसरी ओर सीडब्ल्यूएसएन श्रेणी में पूर्ण आवेदनों की संख्या 904 से बढ़कर 988 हो गई है। सूद ने कहा कि ड्रा होने के बाद एक बार परिणाम फ्रीज होने के बाद उसमें किसी भी प्रकार का बदलाव संभव नहीं है। पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरती गई हैं। सूद ने कहा कि इस बार ड्रॉ पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से, पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से आयोजित किया गया है।

### प्रगति मैदान अंडरपास-5 के लिए रेलवे की एनओसी मिली, दिसंबर तक पूरा होने का लक्ष्य : प्रवेश

नई दिल्ली। वर्षों से देरी और प्रशासनिक जटिलताओं की प्रतीक बनी आईटीपीओ टनल-अंडरपास-5 बनने का रास्ता साफ हो गया है। इस परियोजना के लिए लंबित भारतीय रेलवे ने अपनी एनओसी दे दी है। इस बात की जानकारी सोमवार को दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दी है। उन्होंने कहा कि रेलवे से एनओसी जारी होने के बाद वे सभी बड़े तकनीकी और अंतर-विभागीय अवरोध समाप्त हो गए हैं, जिनकी वजह से यह परियोजना वर्षों से अटकी हुई थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के केंद्रीय यातायात नेटवर्क की एक अहम कड़ी माने जाने वाला यह अंडरपास अब पटरी पर लौट आया है और इसे दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। यह केवल एक औपचारिक स्वीकृति नहीं, बल्कि लंबे समय से चले आ रहे इंफ्रास्ट्रक्चर गतिरोध का समाधान है। प्रगति मैदान जैसे अत्यंत व्यस्त और संवेदनशील यातायात क्षेत्र में स्थित इस परियोजना में पर्याप्त सार्वजनिक निवेश के बावजूद काम अधूरा था। इसके पीछे जटिल इंजीनियरिंग चुनौतियां और एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी प्रमुख कारण रहे। मंत्री प्रवेश ने बताया कि पहला बड़ा ब्रेकथ्रू अगस्त 2025 में आया, जब केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने पीडब्ल्यूडी द्वारा प्रस्तुत संशोधित कार्य योजना को मंजूरी दी। इस स्वीकृति ने उन मूल तकनीकी समस्याओं का समाधान किया, जिनकी वजह से निर्माण कार्य बीच में ही रुक गया था, विशेषकर संरचना के नीचे मिट्टी का धंसना और रेलवे एंबैंकमेंट के पास डिजाइन में बदलाव की आवश्यकता।

## मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारियों की सुनीं मांगें, दिया सुरक्षा का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा और सेहत के लिए दिल्ली सरकार उठाएगी व्यावहारिक कदम

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में दिल्ली नगर निगम के सफाई कर्मचारी यूनियन की कोर कमेटी के प्रतिनिधियों से संवाद किया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों के मांगों पर मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि दिल्ली सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी है।

कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार ठोस और व्यावहारिक कदम उठाएगी। गौरतलब है कि इस संवाद में अलग-अलग यूनियनों के प्रतिनिधि शामिल हुए और उन्होंने अपने मुद्दे, सुझाव और जमीनी स्तर पर आने वाली दिक्कतों को खुलकर सामने रखा। संवाद के दौरान सफाई कर्मचारियों की भर्ती और नियमितीकरण का मुद्दा प्रमुख रहा। इसके अलावा, कर्मचारियों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा की कमी, वेतन से जुड़ी समस्याएं और सेवा से संबंधित अन्य परेशानियों पर भी बात की।

प्रतिनिधियों ने यह भी मांग की कि सफाई कर्मचारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलें, उन्हें स्थायी नौकरी दी जाए और उनके काम के मुताबिक उन्हें सम्मानजनक माहौल भी सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिनिधियों की बातों को ध्यान से और गंभीरता के साथ सुना। उन्होंने उन्हें भरोसा दिलाया कि दिल्ली सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी शहर को साफ और व्यवस्थित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं इसलिए उनके हितों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार ठोस और व्यावहारिक कदम उठाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि यूनियन द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों की समीक्षा कर जरूरी कार्रवाई की जाए ताकि कर्मचारियों को बेहतर काम करने का माहौल, सुरक्षा और सम्मान मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार एक संवेदनशील और जिम्मेदार प्रशासन के रूप में कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करेगी कि सफाई कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा हो और उनके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार आए।



## खबर संक्षेप

### जमानत पर सुनवाई के दौरान वकीलों में भिड़ंत

**फरीदाबाद।** जिला अदालत में डब्ल्यूटीसी के मालिक आशीष भल्ला की जमानत याचिका पर



सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के वकीलों में विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस बुलानी पड़ी। बताया जा रहा है कि प्लॉट खरीदारों की ओर से पेश अधिवक्ता सत्य प्रकाश यादव द्वारा जमानत का विरोध किए जाने के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। डब्ल्यूटीसी पक्ष की महिला वकील के साथ अभद्र व्यवहार हुआ।

### लड़ाई-झगड़े के मामले में 2 लोग गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** सेक्टर 55 के पास लड़ाई-झगड़े करने के एक मामले में पुलिस चौकी सेक्टर.55 की टीम



ने 5 अप्रैल को 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान सलमान व अखलेश उर्फ गंजा के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार निशांत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भाई सोनू व दोस्त सचिन और पोलू के साथ अपने बड़े भाई तिलक के पास मिलने आया था।

### गाजियाबाद में बुजुर्ग के सिर में मारी गोली

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर में सोमवार को बदमाशों ने घर में घुसकर 55



वर्षीय शिव कुमार नामक व्यक्ति के सिर में गोली मार दी। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें आनन-फानन में नेहरू नगर स्थित यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### एप पर कपड़ों का विज्ञापन डालकर की गई थी ठगी

**फरीदाबाद।** इंस्टाग्राम एप पर कपडों का विज्ञापन डालकर 1,51,255 रुपए की ठगी करने के



एक मामले में साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने 4 अप्रैल को जयपुर राजस्थान से सोनू वासी गांव शयोनंदा जिला दौसा व कुलदीप वासी गांव इंगरी जिला सवाई माधोपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया है।पूछताछ में सामने आया कि दोनों दोस्त है और जयपुर में पढ़ाई कर रहे हैं।

### ट्यूबवेल से वायर चोरी करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने ट्यूबवेल से बिजली की वायर चोरी करने के



मामले में एक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिसकी पहचान नफीस के रूप में हुई है। शहाबुदीन ने थाना धौज में दी गई शिकायत में आरोप लगाया था कि 21-22 मार्च की रात को अज्ञात ने उसके ट्यूबवेल से करीब 1000 फीट बिजली की वायर चोरी कर ली। थाना धौज में मामला दर्ज किया।

### टेलिग्राम टास्क के नाम पर 8,88,497 की ठगी

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने टेलिग्राम के माध्यम से ठगी करने के मामले में



खाता उपलब्ध करवाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिसकी पहचान मोहित निवासी हिसार हाल खरड, चंडीगढ व जितेन निवासी चंद्रलोक कॉलोनी, आजाद नगर, हिसार के रूप में हुई है।दोनों पिछले 6 साल से एक दूसरे को जानते हैं। जिनको न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

---

एक ही स्थान पर अलग-अलग सेवाएं मिलेगी

# नामांतरण, रजिस्ट्री के त्वरित निस्तारण, जीडीए लगाएगा 6 दिन का विशेष कैंप, कार्यालयों के नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

अपर सचिव पीके सिंह ने बताया कि इस विशेष कैंप के माध्यम से आवंटियों एवं संपत्ति धारकों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे उन्हें कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭गाजियाबाद



गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने आमजन की सुविधा एवं लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से नामांतरण एवं रजिस्ट्री संबंधी 6 दिवसीय विशेष कैंप का आयोजन करेगा। यह कैंप 13 अप्रैल से 18 अप्रैल तक किया जाएगा। यह कैंप गाजियाबाद विकास प्राधिकरण कार्यालय में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित होगा। अपर सचिव पीके सिंह ने बताया कि इस विशेष कैंप के माध्यम से आवंटियों एवं संपत्ति धारकों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे उन्हें कार्यालयों के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

कैंप के दौरान प्राधिकरण के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर नामांतरण, रजिस्ट्री एवं संबंधित दस्तावेजों की जांच करते हुए प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करेंगे।

### लंबित मामलों का मौके पर ही समाधान

इसके अतिरिक्त, आवेदकों को आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा, जिससे उनके कार्य सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण हो सकें। इस पहल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को त्वरित एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराना तथा लंबित मामलों का मौके पर ही समाधान करना है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नन्दकिशोर कलाल ने निर्देशित किया है कि इस कैंप के माध्यम से अधिकतम लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए तथा सभी संबंधित अधिकारी इस आयोजन को सफल बनाने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

### कैंप का अधिकतम लाभ उठाने की अपील

उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वे दिनांक 13 अप्रैल 2026 से 18 अप्रैल 2026 के मध्य, प्रातः 10:00 बजे से 3:00 बजे तक, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण कार्यालय में आयोजित इस विशेष कैंप का अधिकतम लाभ उठाएं तथा अपने नामांतरण एवं रजिस्ट्री से संबंधित प्रकरणों का समय से निस्तारण कराएं।

---

भाजपा का 47वां स्थापना दिवस उत्साह और गौरव के साथ मनाया गया

# त्याग, समर्पण व संगठन की शक्ति से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा

भाजपा उन महान विभूतियों के त्याग और तपस्या का परिणाम है, जिन्होंने राष्ट्र प्रथम की भावना को सर्वोपरि रखते हुए अपने जीवन को समर्पित कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭फरीदाबाद

**खास बातें**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की
- ध्वजारोहण कर राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रकट किया



भाजपा के जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि श्भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, सेवा और समर्पण का एक विराट आंदोलन है। उन्होंने कहा कि यह पार्टी उन महान विभूतियों के त्याग और तपस्या का परिणाम है, जिन्होंने राष्ट्र प्रथम की भावना को सर्वोपरि रखते हुए अपने जीवन को समर्पित कर दिया।

उन्होंने आगे कहा कि करोड़ों कार्यकर्ताओं की निष्ठाए परिश्रम और संगठनात्मक अनुशासन के कारण आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। यह पार्टी भारतीय संस्कृतिए राष्ट्रवादए सामाजिक समरसता और विकासोन्मुखी राजनीति का पर्याय बन गई है। पंकज पूजन रामपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश आज वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी समाज के सभी वर्गों महिला, युवा, किसान, गरीब सबको सशक्त करने का कार्य कर रहे हैं। लगातार तीसरी बार केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनना जनता के अटूट विश्वास और समर्थन का प्रमाण है। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के पावन और गौरवपूर्ण अवसर पर भाजपा फरीदाबाद द्वारा एक भव्य, प्रेरणादायी एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल एक उत्सव था, बल्कि राष्ट्र सेवा, संगठनात्मक शक्ति और विचारधारा के प्रति समर्पण का जीवंत उदाहरण भी बना।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय के संघर्षपूर्ण जीवन को स्मरण किया

इस अवसर पर जनसंघ की सेवा में समर्पित वरिष्ठ नेताओ शेर सिंह भाटिया, मूलचंद मित्तल, हरिकिशन चौहान एवं सुरेन्द्र गोगिया ने व हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, खाद्य मंत्री राजेश नागर, जिला महापौर प्रवीण जोशी, पूर्व विधायक नरेन्द्र गुप्ता, पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रकट किया। कार्यक्रम में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं.दीनदयाल उपाध्याय के संघर्षपूर्ण जीवन को स्मरण किया गया।

**अंत्योदय के सिद्धांत पर चलती है भाजपा**

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को स्थापित भाजपा करोड़ों कार्यकर्ताओं के परिश्रम और समर्पण से विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है।

---

भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

# फरीदाबाद महानगर कार्यालय में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭फरीदाबाद

भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर महानगर कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष सोहनपाल छौकर ने ध्वजारोहण भी किया। छौकर ने कहा कि कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता ही पार्टी की वास्तविक पहचान है। भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है, जिसकी शक्ति उसके निष्ठावान व मेहनती कार्यकर्ताओं में निहित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रसेवा और संगठन हित को सर्वोपरि रखते हुए नीतियों को जनता तक पहुंचाएं।

*कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता ही पार्टी की वास्तविक पहचान*

### संगठन को और अधिक मजबूत बनाएं

कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने आगे कहा कि स्थापना दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि हम संगठन को और अधिक मजबूत बनाएं तथा जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

---

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त 1) राजीव कुमार, पुत्रः श्री महेंद्र सिंह, पताः ऑल इंडिया मेडिकोस 229ए, शटर वाली गली, खानपुर, नई दिल्ली, 2) अंकित कुमार मिश्रा, पुत्रः श्री राज कुमार मिश्रा, पताः म. नं. एफ–34, जवाहर पार्क, खानपुर, नई दिल्ली ने FIR No. 358/2020, U/s 160 IPC, पुलिस थाना नेब सराय, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त 1) राजीव कुमार, 2) अंकित कुमार मिश्रा मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त 1) राजीव कुमार, 2) अंकित कुमार मिश्रा फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि FIR No. 358/2020, U/s 160 IPC, पुलिस थाना नेब सराय, दिल्ली के अभियुक्त 1) राजीव कुमार, 2) अंकित कुमार मिश्रा से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 07.05.2026 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री निधि सिंह
प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट–03, दक्षिण जिला
कमरा नं. 212, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/4454/SD/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मंग्लू उर्फ़ राहुल उर्फ़ भूत** पुत्र प्रबुल, निवासी- सीएन-93, गली नंबर 2, विश्वनाथ पुरी, भलस्वा डेयरी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 000556/2019 धारा 380/457/411/34 भा.द.स, थाना द्वारका उत्तर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मंग्लू उर्फ़ राहुल उर्फ़ भूत** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **मंग्लू उर्फ़ राहुल उर्फ़ भूत** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **मंग्लू उर्फ़ राहुल उर्फ़ भूत, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 000556/2019 धारा 380/457/411/34 भा.द.स, थाना द्वारका उत्तर, दिल्ली** के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.05.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री राहुल कटारे**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-06
दक्षिण-पश्चिम जिला
द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली

DP/4346/DW/2026

---

राजपूत महासभा ने किया सम्मानित

# बेटियां समाज के अन्य बच्चों को प्रेरणा देने का काम करेगी



हरिभूमि न्यूज ⏭गुरुग्राम

भारतीय प्रशासनिक सेवा, न्यायिक सेवा तथा श्रेणी-1 एवं श्रेणी-2 में नियुक्त होकर समाज का नाम रोशन करने वाले बच्चों के सम्मान में राजपूत महासभा गुरुग्राम द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। महाराणा प्रताप मेमोरियल स्कूल ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपूत महासभा के अध्यक्ष एडवोकेट अरुण सिंह चौहान ने की। मुख्य अतिथि नेपाल सिंह राणा ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज के बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। अपनी सफलता से समाज का नाम रोशन करने वाली हमारी ये सभी बेटियां समाज के अन्य बच्चों को प्रेरणा देने का काम करेगी।

### इन्हें मिला सम्मान

समारोह में आईएएस अनन्या राणा (करनाल), आईएएस कुमारी रिचा सिंह (पलवल), सिविल जज कुमारी सोनाली चौहान (बेगमपुर खटोला), जिला खेल अधिकारी कुमारी मिनाक्षी राघव (खेड़ला) का उपस्थित अतिथियों व राजपूत महासभा गुरुग्राम के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह और टैबलेट भेंटकर सम्मानित किया। गांव हरसरू की और से प्रतिभावान बेटियों को गीता भेंट की गई।

---

प्रदेश सरकार नहीं है किसान हितैषी

# मंडी में किसानों का कट रहे गेट पास एवं बायोमेट्रिक में काफी खामियां



हरिभूमि न्यूज ⏭फरीदाबाद

जननायक जनता पार्टी ने प्रदेश भर में जननायक चौधरी देवीलाल की 25वीं पुण्यतिथि किसान घाट में चौधरी देवीलाल के समाधि पर पुष्प अर्पित करके मनाई। इसके अलावा हरियाणा प्रदेश के पूर्व में रहे उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के मोहना अनाज मंडी में पहुंचने पर किसानों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किसान अपनी फसलों को लेकर गेट पर खड़े रहते हैं लेकिन कोई फसल को खरीदारी करने वाला नहीं है।

### फसलों को उचित मूल्य पर खरीदने का काम करे सरकार

सरकार या तो किसानों की फसलों को उचित मूल्य पर खरीदने का काम करें और ओलावृष्टि एवं बरसात से बर्बाद हुई फसल का उचित मुआवजा देने का भी काम करें नहीं तो जननायक जनता पार्टी प्रदेश भर में किसानों के लिए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने का काम करेगी। इसके अलावा दुष्यंत सिंह चौटाला गांव अटाली एवं बिजोपुर में शोक व्यक्त करने भी पहुंचे।

### किसानों को राहत देने की बजाय दाम में कटौती कर रही सरकार

दुष्यंत चौटाला ने मीडिया को बताया कि फरीदाबाद की मोहना मंडी में किसान भाइयों से बातचीत की। देखने को मिला कि जहां एक और सीएम सैनी 1 तारीख से खरीद शुरू होने का दावा कर रहे हैं, इस मंडी में आज ही शुरू हुई है। पिछले दिनों प्रदेश का मौसम परिवर्तनशील रहा है और उससे गेंहू की चमक का नुकसान तो हुआ ही है। लेकिन, सरकार किसानों को राहत देने की बजाय उनके दाम में कटौती कर रही है और साथ ही यह भी देखने को मिला कि मंडी में एंट्री के लिए बनाई गई व्यवस्था में कई व्यवहारिक खामियां हैं। जिससे किसान परेशान हो रहे हैं। इस पर कोई अधिकारी स्पष्ट जवाब नहीं दे रहा। गेंहू की खरीद में इस प्रकार की सरकारी अरुचि पहले कभी नहीं देखने को मिली। अभी तो और भी किसान फसल लेकर मंडियों में आ रहे हैं।

---

बहुविषयक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

# शिक्षा को अनुसंधान एवं नवाचार से जोड़ने पर बल



हरिभूमि न्यूज ⏭गुरुग्राम

सीपीएसएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन की अनुसंधान समिति एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान प्रणाली 21वीं सदी में नवाचार, अनुसंधान एवं राष्ट्र निर्माण हेतु स्वदेशी ज्ञान परंपराओं का पुनरुद्धार विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

उपाध्यक्ष दीपक गहलोत, रजिस्ट्रार अशोक गोगिया एवं प्राचार्या डॉ. संगीता यादव ने अपने प्रेरणादायी विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन सुशीला देवी द्वारा प्रभावी एवं सुव्यवस्थित रूप से किया गया। उद्घाटन सत्र में चेयरमैन राजेंद्र गहलोत, डॉ. एस.एस. बोकेन (प्राचार्य, डीपीजी डिग्री कॉलेज), डॉ. अमित कुमार, डॉ. सोनम बंसल , डॉ. प्रह्लाद सिंह सहित अनेक शिक्षाविद उपस्थित रहे। सभी ने भारतीय ज्ञान प्रणाली की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए इसे आधुनिक शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार से जोड़ने पर बल दिया।

---

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में गांव पंघाल में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण (नाबार्ड आरआईडीएफ-XXIX) (जीएसटी के बिना) | 02.04.2026 08.04.2026 | 24.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8053857200 xenpwdhansi@gmail.com |
| 2 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | कुमथाल :- 150 मिमी आई/डी डी.आई. राइजिंग मेन बिछाना, चारदिवारी और लोहे के गेट का निर्माण तथा आकार 10'×12' के एक अदद नलकूप चेम्बर का निर्माण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 04.04.2026 10.04.2026 | 12.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- सिरसा कस्बा जिला सिरसा में प्रीत नगर, प्रेम नगर, चत्तरगढ़ पट्टी, नागरिक हस्पताल रोड सी-ब्लॉक, मेन गली कीर्ति नगर और ओल्ड हाउसिंग बोर्ड में सुपर सकर मशीन द्वारा 400 मिमी, 500 मिमी और 600 मिमी आई/डी आरसीसी सीवर लाइन की गाद निकालना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 04.04.2026 10.04.2026 | 47.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | प्रयोगात्मक चैनल के कि.मी. 3.960 पर वी.आर. ब्रिज की मरम्मत + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.04.2026 | 5.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | रबी सीजन 2025-26 हेतु (शेरांवाली सेक्शन) आरडी 0 से 66000 तक शेरांवाली डिस्टी. की आंतरिक और बाहरी सफाई + 7 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.04.2026 | 31.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466063030 xennehrana@yahoo.com |
| 6 | सिविल सर्जन जीन्द | मेटरनिटी वार्ड सीएच जीन्द और अन्य स्वास्थ्य संस्थान जिला जीन्द में गर्भवती महिलाओं को डाइट की आपूर्ति। | 03.04.2026 20.04.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 7015444191 cds.jind@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज भिवानी | भिवानी शहर में गुरू रविदास समाज कल्याण सभा में हॉल का निर्माण एमपी एलएडी + 9 कार्य। | 03.04.2026 08.04.2026 | 231.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज राजौंद | गांव माजरा नंद करण ब्लॉक राजौंद, जिला कैथल में सिदादा पट्टी में बाल्मिकी चौपाल का निर्माण। | 03.04.2026 08.04.2026 | 11.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज राजौंद | विश्वकर्मा सामुदायिक केन्द्र (जाखौली कमान) को पूरा करना। | 03.04.2026 08.04.2026 | 7.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव बहबलपुर ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल की शोधन प्रक्रिया (जीडब्ल्यूएम) और ड्रेन्स का निर्माण + 6 कार्य। | 02.04.2026 09.04.2026 | 288.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2027/200/44460/I/88/7 दि. 06.04.26

# पंचायत चुनाव से पहले गांव-गांव योगी सरकार का अभियान, ग्राम सचिवालयों में लगेगा कैंप

यूपी पंचायत चुनाव की आहट के बीच योगी सरकार गांवों में खास अभियान चलाने जा रहा है। इस अभियान से किसानों की कई दिक्कतें दूर हो सकेंगी। उन्हें विभिन्न योजनाओं का फायदा आसानी से मिल सकेगा। इसके लिए ग्राम सचिवालयों में कैंप लगाए जाएंगे।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर सोमवार को ही यूपी भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि पार्टी पूरी तरह तैयार है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भी समय पर चुनाव की बात कही। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अपनी सक्रियता बढ़ा दी है।

राज्य सरकार ने प्रदेश के करोड़ों किसानों को सरकारी योजनाओं का पारदर्शी और सुगम लाभ दिलाने के उद्देश्य से 'फार्मर रजिस्ट्री' तैयार करने के लिए एक विशेष महाभियान की घोषणा की है। यह अभियान 15 अप्रैल 2026 तक पूरे प्रदेश के प्रत्येक ग्राम सचिवालय में 'मिशन मोड' पर संचालित किया जाएगा।



### पंचायत चुनाव और सुशासन का तालमेल

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पंचायत चुनावों से ठीक पहले गांव-गांव कैंप लगाने का यह फैसला ग्रामीण मतदाताओं के बीच सरकार की पैठ को और मजबूत करेगा। फार्मर रजिस्ट्री न केवल एक सटीक डेटाबेस तैयार करेगी, बल्कि भविष्य में खाद, बीज और कीटनाशकों के वितरण में भी पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी। योगी सरकार का यह कदम 'डिजिटल विलेज' की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक मील का पत्थर माना जा रहा है।

### लेखपाल और सचिवों की तय की गई जवाबदेही

प्रत्येक शिविर में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, लेखपालों की भागीदारी अनिवार्य कर दी गई है। लेखपालों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र की ग्राम पंचायत के शिविर में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहकर किसानों की समस्याओं और नाम संबंधी त्रुटियों का मौके पर ही निस्तारण करें।

### ग्राम सचिवालयों में लगेंगे विशेष शिविर

सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य तकनीक के माध्यम से भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना और बिचौलियों को खत्म करना है। अभियान के तहत प्रदेश की हर ग्राम पंचायत के सचिवालय में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंपों में किसानों का डिजिटल पंजीकरण किया जाएगा, जिससे उन्हें भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य कृषि सब्सिडी और सरकारी सुविधाओं का लाभ बिना किसी देरी के सीधे उनके बैंक खातों में मिल सके।

### अब तक 1.72 करोड़ से अधिक किसान पंजीकृत

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में अब तक 1,72,06,355 किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जा चुका है। हालांकि, सरकार का लक्ष्य प्रदेश के प्रत्येक पात्र किसान को इस डिजिटल डेटाबेस का हिस्सा बनाना है। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए 15 अप्रैल तक की समयसीमा तय की गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे कैंप के दौरान किसानों को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दें और मौके पर ही रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कराएं।

## खबर संक्षेप

### आईईडी धमाके में सीआरपीएफ जवान घायल

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले में सीपीआई द्वारा लगाए गए आईईडी के फटने से सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन का जवान घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने बताया कि घटना छोटानागरा पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत सारंडा जंगल में संयुक्त माओवादी विरोधी चलाए जा रहे अभियान के समय हुआ। एसपी ने कहा कि सीपीआई द्वारा लगाए गए आईईडी में धमाका हो गया।



### पत्रकारों को मान्यता के साथ कैशलेस सुविधा

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा है कि सही पत्रकारों को मान्यता प्राप्त का सर्टिफिकेट और आई कार्ड मिलना चाहिए। ताकि सही-गलत की पहचान हो सके। इससे पत्रकार कहीं जाएंगे तो पहचान का संकट नहीं होगा। वहीं उन्हें कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा का लाभ देने में सरकार को भी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि सरकार पत्रकारों को कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ना चाहती है।



### आरजेडी विधायक पर सीवान में एफआईआर

**सीवान।** जिले के रघुनाथपुर से राजद के विधायक और बाहुबली पूर्व सांसद मरहूम शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब पर सीवान में आपराधिक मुकदमा दर्ज किया गया है। रघुनाथपुर थाने में ओसामा पर चंदन सिंह ने हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। चंदन सिंह पर भी केस दर्ज कराया गया है। एक कांड में कुल मिलाकर तीन



गोरखपुर में भाजपा के स्थापना दिवस समारोह पर सीएम योगी बोले-

# देश व समाज के लिए जीता है भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम के भाव से जीते हैं

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं में समाज व देश के लिए जीने की भावना जनसंघ काल से चली आ रही है। उनका जीवन राष्ट्र प्रथम के भाव और इसकी संकल्प सिद्धि के लिए ही समर्पित रहता है। अपने संस्थापकों के सिद्धांतों, मूल्यों व आदर्शों पर चलते हुए कार्यकर्ताओं के समर्पण भाव से ही आज भाजपा देश ही नहीं, दुनिया की सबसे बड़ी राजनीति पार्टी के रूप में प्रतिष्ठित हुई है। सीएम योगी सोमवार को भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर मानसरोवर रामलीला मैदान में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यकर्ताओं को उत्साहित व प्रेरित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अनंतकाल तक भारत की विकास यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए हर राष्ट्रभक्त को भाजपा से जुड़ना चाहिए। हमारा जीवन व्यष्टि नहीं, समष्टि के लिए और व्यक्ति की बजाय राष्ट्र के लिए समर्पित हो, यही प्रेरणा पार्टी के संस्थापकों ने दी है।



### कांग्रेस की पृथकतावादी सोच के खिलाफ डॉ. मुखर्जी ने बुलंद की आवाज

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ/भाजपा की इस राजनीतिक परंपरा के पहले अध्यक्ष के रूप में राजनीतिक यात्रा को आगे बढ़ाया। उन्होंने देश की अखंडता पर जोर दिया। आजादी के बाद से ही कांग्रेस नेतृत्व की सरकार ने विश्वासघात करना प्रारंभ कर दिया था। देश के अंदर ही परमिट सिस्टम लागू किया गया, जम्मू कश्मीर को अलग स्टेटस दे दिया गया। शेष भारत के लोग परमिट लेकर वहां जा सकते थे। पूर्वोत्तर राज्यों में भी कुछ जगहों पर यही व्यवस्था लागू की गई। तब पहली बार कांग्रेस की इस पृथकतावादी सोच के खिलाफ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आवाज बुलंद की थी।

### अंबेडकर जयंती तक कार्यक्रम, बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर लगेगा छत्र


अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने भाजपा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संविधान शिल्पी बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक होने वाले कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल को बूथ स्तर तक बाबा साहब की प्रतिमाओं के आसपास और स्मृति पार्कों में स्वच्छता का विशेष अभियान चलेगा।

### भारत की राजनीति में स्थिरता लाए अटल जी

सीएम योगी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का गठन 6 अप्रैल 1980 को हुआ। तब परिस्थितियां विपरीत थीं, किंतु उन विपरीत स्थितियों में भी एक संकल्प था कि हम भारत की आत्मा पर प्रहार करने की छूट किसी को नहीं देंगे। दुनिया के अंदर ऐसा उदाहरण देखने को नहीं मिलता कि किसी दल को उसके गठन के मात्र 16 वर्ष के अंदर देश की सत्ता प्राप्त हो। ये देश की जनता की अटूट निष्ठा का परिणाम है। जिन मूल्यों और जिन आदर्शों को लेकर भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ, जिसमें राष्ट्र सर्वोपरि का भाव है, राष्ट्र प्रथम का भाव है, उस भाव को देश की जनता ने हाथों-हाथ लिया। प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार करते हुए अंत्योदय की बात की। भारत की राजनीति में स्थिरता लाने का कार्य किया।

नौकरियों की होगी भरमार

# एजुकेशन सिटीः 250 एकड़ पर होगा निर्माण, डीपीआर तैयार



एजेंसी ▶▶ पटना

कैबिनेट की मंजूरी के साढ़े तीन माह बाद बिहार में प्रस्तावित एजुकेशन सिटी की स्थापना को लेकर सरकार एक्शन में है। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश पर एजुकेशन सिटी का डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को तैयार किया गया है। एजुकेशन सिटी को ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिस पर आधारित कैंपस मॉडल बनाने का लक्ष्य है। विदेशों की तरह एजुकेशन सिटी का शेयर्ड कैंपस मॉडल बनाया जाएगा, जिसके लिए सरकार कई तरह की साइंटिफिक स्टडीज और इंटरनेशनल मॉडल को अध्ययन करा रही है। जापान एवं सिंगापुर के कंसल्टेंट्स की भी डीपीआर पर सलाह ली जा रही है।

**बिहार में बनेगी इंटरनेशनल मॉडल की एजुकेशन सिटी**

### 16 दिसंबर 2025 को प्रस्ताव को हरी झंडी दी थी

शिक्षा विभाग के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने नई एजुकेशन सिटी की स्थापना के लिए 16 दिसंबर 2025 को प्रस्ताव को हरी झंडी दी थी। एजुकेशन सिटी का शेयर्ड कैंपस मॉडल के तहत निर्माण होगा। इंटरनेशनल मॉडल को ध्यान में रखकर ही एजुकेशन सिटी की स्थापना के लिए डीपीआर को अंतिम दिया गया है। कुछ अंतरराष्ट्रीय स्तर के कंसल्टेंट्स की भी डीपीआर पर सलाह मांगी गई है। एजुकेशन सिटी का एरिया ढाई सौ एकड़ से ज्यादा का होगा। यह एक ऐसा एजुकेशन हब होगा जहां यूनिवर्सिटी या कॉलेज की अपनी अलग पहचान होते हुए भी वे सुविधाएं शेयर करेंगे।

## पेज एक का शेष

### 'राष्ट्र प्रथम' की...

पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का दर्शन और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की सुशासन की राजनीति समाहित है। इसी वैचारिक विरासत को आत्मसात करते हुए माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने 'विकसित भारत' का जो विजन दिया है, वह आज 140 करोड़ देशवासियों का साझा संकल्प बन चुका है। मैं संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को नमन करता हूं, जिन्होंने स्वयं से पहले राष्ट्र और पार्टी को प्राथमिकता दी है। भाजपा के लिए राजनीति सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रनीति का मार्ग है। पार्टी की यह यात्रा आसान नहीं रही है और हजारों कार्यकर्ताओं ने संघर्ष, अमानवीय यातनाएं और बलिदान देकर संगठन को इस मुकाम तक पहुंचाया है। पश्चिम बंगाल, केरल और जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों में जिन कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिया है, स्थापना दिवस के इस अवसर पर मैं उन्हें भी श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। नवीन ने कहा कि 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा के साथ भारतीय जनता पार्टी निरंतर आगे बढ़ रही है और आज 14 करोड़ से अधिक सदस्यों के साथ विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के अटूट विश्वास का प्रतीक है। पार्टी का लक्ष्य अभी दूर है और इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए हर कार्यकर्ता को अपना पूरा योगदान देना होगा। प्रत्येक बूथ को 'अपराजेय बूथ' में बदलना होगा और इसी दिशा में कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संगठन के कार्यकर्ताओं ने लंबे समय तक राज्यों में संघर्ष किया। 1984 के परिणामों में भाजपा केवल दो सीटों पर विजयी हुई थी। फिर भी उस समय भाजपा कार्यकर्ता और नेता न थके, न डरे और न झुके। उन्होंने एक दृढ़ संकल्प लिया और यही कारण है कि दो सीटों के बावजूद हमारे नेताओं ने पार्टी को आगे बढ़ाने का मार्ग तैयार किया। आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

### 7 लाख से....

कतर एयरवेज की 8 से 10 उड़ान नई दिल्ली पहुंचेंगी। कुवैत, बहरीन का एयरस्पेस बंद है, इसलिए ये दोनों अपनी उड़ानों का संचालन सऊदी-अरब के जरिए कर रहे हैं। एयरस्पेस बंद होने और उड़ानों पर पाबंदियों के बीच वैकल्पिक मार्गों से भी कई उड़ान देश पहुंच रही हैं। इजरायल से जॉर्डन और मिस्र के रास्ते, ईरान से आर्मेनिया, अजरबैजान के रास्ते, इराक से जॉर्डन, सऊदी अरब और कुवैत, बहरीन से सऊदी-अरब के रास्ते लोगों की स्वदेश वापसी की जा रही है।

### कनाडा में 'एंटी-हेट'...

को बिल के विरोध में ब्रैम्पटन और सरे शहर के हिंदू मंदिरों के बाहर प्रदर्शन किया। जबकि हिंदू संगठनों में बिल को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। हाउस ऑफ कॉमन्स ने पिछले महीने 25 अप्रैल को इस बिल को हरी झंडी दी थी। जिसके बाद अब इसे कनाडा की सीनेट के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। संसद की मंजूरी मिलने के बाद शाही स्वीकृति ली जाएगी और फिर यह बिल कानून के रूप में तब्दील हो जाएगा।

**राहत की सांस लेंगे भारतीयः** सी-9 बिल का सबसे बड़ा फायदा कनाडा में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को होगा। जिन्हें आए दिन खालिस्तानी चरमपंथी अपनी हिंसक गतिविधियों के जरिए प्रताड़ित करते थे। अब यह सभी लोग सुरक्षित ढंग से धार्मिक स्वतंत्रता का आनंद ले सकेंगे और बिना किसी डर या आशंका के कभी भी अपने पूजा स्थलों का रुख कर सकेंगे।

**जस्टिन ट्रूडो ने बढ़ाया तनावः** गौरतलब है कि कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में भारत और कनाडा के संबंध गर्त में चले गए थे। उन्होंने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भी भारत के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व पर झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाए थे। जिसे नई दिल्ली ने तुरंत ही सिरे से खारिज कर दिया था। हालांकि उस दौर में भारत ने बड़ी संख्या में कनाडा के राजनयिकों को वापस ओटावा भेज दिया था। लेकिन वर्तमान में पीएम कार्नी की सरकार में एक बार फिर से दोनों देशों के संबंधों में सुधार देखने को मिल रहा है और वह सामान्य हो रहे हैं।

### म्यांमार के नए...

तक म्यांमार की यात्रा करेंगे।

**प्रवासी भारतीयों से होगी मुलाकातः** मंत्रालय ने बताया कि अपनी यात्रा के दौरान कीर्तिवर्धन सिंह नेपीडॉ में म्यांमार सरकार से संबंधित वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों से बातचीत कर सकते हैं। जिसमें मौजूदा व्यापार, आर्थिक, विकास सहायता जैसे कदमों को लेकर द्विपक्षीय वार्ताओं में भी उनकी भागीदारी देखने को मिलेगी। इसके अलावा उनकी यांगून में प्रवासी भारतीयों और फ्रेंड्स ऑफ इंडिया के सदस्यों से मुलाकात होगी।

**जुंटा के प्रमुख रहे हैं जनरल ह्लाइंगः** गौरतलब है कि म्यांमार में यह चुनाव सेना ने ही कराया था। जिसमें जनरल ह्लाइंग समेत कुल तीन उम्मीदवार मैदान में थे। जनरल ह्लाइंग, जो कि वर्ष 2021 में आंग सान सू ची की नागरिक सरकार का तख्तापलट कर सत्ता पर काबिज हुए जुंटा के मुखिया थे। उन्होंने पिछले छह साल में म्यांमार की सत्ता में अपनी मजबूत पकड़ बनाई हुई थी। विरोधी दलों और पर्यवेक्षकों ने इन चुनावों को निष्पक्ष और पारदर्शी नहीं माना था। वह इसे सैन्य शासन की सत्ता पर बनी हुई पकड़ को और अधिक मजबूत बनाए रखने का नाम दे रहे थे। चुनावों में भागीदारी करने वाले ज्यादातर लोग या दल सेना के समर्थन वाले ही थे। जनरल ह्लाइंग को पिछले सप्ताह ही चुनाव में जीत मिली है।

### राहुल गांधी ने ...

किया कि महंगाई और गैस कीमतों के कारण मजदूर एक बार फिर शहर छोड़कर गांवों की ओर पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। उनका कहना है कि फैक्ट्रियों और टेक्सटाइल मिलों में काम करने वाले मजदूर सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। उद्योगों की रीढ़ माने जाने वाले ये मजदूर आर्थिक दबाव में टूट रहे हैं। राहुल गांधी ने अपने बयान में यह भी कहा कि टेक्सटाइल सेक्टर पहले से ही कमजोर स्थिति में है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर भी दबाव में है। इस तरह के संकट से देश की अर्थव्यवस्था को लंबी अवधि का नुकसान हो सकता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह संकट कूटनीतिक स्तर पर हुई गलतियों का परिणाम है, जिसे सरकार स्वीकार नहीं कर रही। राहुल गांधी ने एक गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि "हर संकट में सबसे पहले गरीब ही क्यों प्रभावित होता है?" उन्होंने लोगों से इस मुद्दे पर आवाज उठाने की अपील करते हुए कहा कि यह केवल गरीबों का नहीं, बल्कि पूरे समाज का सवाल है।

### मुख्य चुनाव आयुक्त...

उन्होंने जजेस (इन्क्वायरी) एक्ट, 1968 की धारा 3 के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए नोटिस को "एडमिट" नहीं किया। इस फैसले का सीधा अर्थ यह है कि मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ हटाने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ेगी। मामला प्रारंभिक स्तर पर ही समाप्त हो गया। संसद में इस मुद्दे पर आगे कोई जांच या बहस नहीं होगी।

### हाई कोर्ट के ....

दफ्तरों में घुस रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मालदा घटना पूर्व नियोजित और प्रेरित थी, जिसमें न्यायिक अधिकारियों को घंटों घेरा गया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने विशेष अधिकार अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए मालदा की घटना से जुड़े सभी मामलों की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि इस मामले में पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 26 लोगों से अब एनआईए पूछताछ करेगी। 700 न्यायिक अधिकारी पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड से एसआईआर प्रक्रिया में तैनात थे, जो 60 लाख से अधिक मतदाताओं के आपत्तियों और दावों का निपटारा कर रहे थे।

**सुप्रीम कोर्ट का एसआईआर न्यायाधिकरणों को आदेशः** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची अपडेट के लिए एक दिन की समयसीमा तय की और एसआईआर न्यायाधिकरणों को दस्तावेजों को फिर से देखने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा, हमने न्यायाधिकरणों से अनुरोध किया है कि वे पूरी दस्तावेजी प्रक्रिया को फिर से देखें, जिसमें न्यायिक अधिकारियों के कारण भी शामिल हैं, ताकि किसी भी शक को दूर किया जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा, हमने उनसे अनुरोध किया है कि पक्षकारों को निष्पक्ष सुनवाई दी जाए।

### मानवरहित हवाई...

गया है। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह रोडमैप कुल 50 पृष्ठों का एक दस्तावेज है। जिसमें उद्योग और शैक्षणिक जगत की भागीदारी के साथ 30 प्रकार के यूएएस, लाइटरिंग म्यूनिशन को पांच श्रेणियों और लगभग 80 प्रकारों में विभाजित किया गया है। वहीं, एक अन्य जानकारी में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 9 से 10 अप्रैल तक वायुसेना की प्रशिक्षण कमांड (बेंगलुरु) में त्रि-सेवा संगोष्ठी रण संवाद का आयोजन किया जाएगा। जिसका विषय 'बहुक्षेत्रीय अभियानः पारंपरिक और अनियमित खतरों से निपटने की अनिवार्यता' है।

योगी सरकार हर पल रख रही नजर

# इजराइल में सुरक्षित हैं उत्तर प्रदेश के 6 हजार मजदूर



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

इजराइल में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच उत्तर प्रदेश के 6000 से अधिक श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी श्रमिकों की नियमित निगरानी की जा रही है। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डॉ. शन्मुगा सुंदरम लगातार इजराइल में भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं और वहां मौजूद भारतीय, विशेषकर यूपी के श्रमिकों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। दूतावास से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इजराइल में कार्यरत सभी भारतीय श्रमिक सुरक्षित हैं और फिलहाल किसी भी तरह की आपात स्थिति या बड़े खतरे की सूचना नहीं है।

### भारतीय राजदूत के साथ संपर्क में यूपी सरकार

इजराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह के साथ प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ शन्मुगा सुंदरम लगातार यूपी के श्रमिकों के विषय में अपडेट ले रहे हैं। डॉ शन्मुगा सुंदरम ने बताया कि भारत के राजदूत जेपी सिंह के साथ टेलीफोन पर उनकी लगातार बातचीत हो रही है। 11, 17 और 28 मार्च को साझा किए गए अपने संदेशों में भारतीय राजदूत ने उन्हें स्पष्ट रूप से बताया है कि सभी भारतीय श्रमिक, जिनमें उत्तर प्रदेश के श्रमिक भी शामिल हैं, सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि मौजूदा परिस्थितियों में स्वाभाविक रूप से कुछ चिंता का माहौल है। लेकिन किसी भी श्रमिक की ओर से भारत लौटने का कोई विशेष दबाव या मांग नहीं आई है। दूतावास सभी के साथ लगातार संपर्क में है और उनकी हर जरूरत का ध्यान रखा जा रहा है।

पुलिस ने भेजा जेल

# 53 कारतूसों के साथ पकड़ी गई मृत दीवान की पत्नी



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

बादशाह नगर मेट्रो स्टेशन पर चेकिंग के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने एक महिला को 53 कारतूसों के साथ पकड़ लिया। इसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। महानगर पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसकी पहचान कानपुर के साढ़ स्थित तिवारीपुर निवासी प्रतीभा पाल के रूप में हुई है। महिला के पास से 303 बोर और प्रतिबंधित नौ एमएम की कारतूसें मिली हैं। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

महानगर इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि प्रतिभा रविवार को कानपुर स्थित घर जाने के लिए बादशाह नगर मेट्रो स्टेशन पहुंची। यहां से उसे आलमबाग बस स्टेशन जाना था। आलमबाग से बस पर बैठकर उसे कानपुर जाना था। मेट्रो स्टेशन पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने महिला के बैग को एक्स-रे बैगेज इंस्पेक्शन सिस्टम (एक्सबीआइएस) पर रखा।

स्क्रीन पर बैग में कारतूस जैसा कुछ नजर आया। इस पर टीम ने तुरंत महानगर पुलिस को सूचना दी। मौके पर दारोगा अनुराग कुमार सिंह को भेजा गया। पुलिस टीम ने बैग की छानबीन की तो उसमें से 303 बोर के 35, नौ एमएम के 18 कारतूस मिले। बैग से नौ एमएम के नौ और 303 बोर का एक खोखा भी मिला है।

कानपुर किडनी रैकेट केस के आरोपी का वीडियो वायरल

# बिस्तर पर नोटों की गड्डियां, ऊपर लेटा डॉक्टर अफजल

एजेंसी ▶▶ कानपुर

कानपुर पुलिस ने 31 मार्च को बिना अनुमति किडनी ट्रांसप्लांट करने के आरोप में 6 लोगों को गिरफ्तार कर बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया। इस गिरोह ने मेरठ की पारुल तोमर के लिए बिहार के युवक आयुष को 6 लाख रुपए का लालच देकर किडनी देने के लिए राजी किया था। यह पूरा सौदा टेलीग्राम ग्रुप के जरिए हुआ, लेकिन युवक को तय रकम से



कम पैसे मिलने पर मामला पुलिस तक पहुंच गया। जांच में मेरठ के अल्फा अस्पताल के कथित डॉक्टर अफजल और अन्य स्टाफ की संलिप्तता सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। कानपुर पुलिस ने अहूजा अस्पताल के डॉ. सुरजीत, उनकी पत्नी प्रीति अहूजा और फर्जी डॉक्टर बने एम्बुलेंस चालक शिवम सहित अन्य को जेल भेज दिया है। इन सबके बीच डॉ. अफजल का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह बिस्तर पर नोटों की गड्डियों के साथ लेटा हुआ है। नोटों को हाथ में लेकर आरोपी डॉक्टर रील बनवा रहा है। साथ में एक और शख्स नजर आ रहा है।

### सीएमओ का नोटिस और अस्पताल की सफाई

मेरठ के सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया ने अल्फा अस्पताल को नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। नोटिस में फिजियोथैरेपिस्ट अमित कुमार, डॉ.वैभव मुदगल और डॉ.अफजल समेत कई कर्मचारियों के नाम शामिल हैं। दूसरी ओर, अस्पताल मैनेजर सचिन ने आरोपों को नकारा है। उनका कहना है कि उनके यहां कोई डॉक्टर अफजल नहीं है और उनके ओनर अमित पर लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं।

### टेलीग्राम पर किडनी का सौदा और मेरठ का लिंक

जांच में पता चला है कि गिरोह ने डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर डोनर तलाशा था। मेरठ के अल्फा अस्पताल के कथित डॉ. अफजल ने टेलीग्राम पर डिमांड डाली थी। देहरादून में पढ़ रहे बिहार के छात्र आयुष को 6 लाख रुपए का ऑफर दिया गया। लेकिन उसे केवल 3.50 लाख रुपए ही मिले। इसी विवाद ने पुलिस को इस काले कारोबार तक पहुंचा दिया। अब मेरठ का स्वास्थ्य विभाग भी सक्रिय हो गया है और संदिग्धों की तलाश जारी है।



विशेष
विश्व स्वास्थ्य दिवस

महिलाएं परिवार की देखभाल में ऐसी खो जाती हैं कि स्वयं पर उनका ध्यान जाता ही नहीं। ऐसी स्थिति में उनका स्वास्थ्य गिरता जाता है, वे बीमार हो जाती हैं। परिवार के सदस्यों की देखभाल के साथ अपना ध्यान रखना भी जरूरी है। इसीलिए इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम है-टूगेदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विद साइंस। हम प्रैक्टिकल और साइंटिफिक सोच अपना कर स्वयं और पूरे परिवार को स्वस्थ रख सकते हैं।

# अपनों को संभालते हुए स्त्रियां खुद को भी संभालें

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

सेहत को जीवन का सबसे बड़ा धन कहा गया है। अच्छे स्वास्थ्य से ही क्वालिटी ऑफ लाइफ को आंका जाता है। हेल्थ प्रॉब्लम्स की दस्तक ही जीवन को हर फ्रंट पर मुश्किल बना देती हैं। यूं तो हर इंसान का ही मेंटली, इमोशनली और फिजिकली फिट रहना आवश्यक है, पर महिलाओं का शारीरिक रूप से स्वस्थ और भावनात्मक मोर्चे पर मजबूत होना और भी जरूरी है। उनके हिस्से अपनों की देखभाल का जिम्मा भी होता है। स्त्रियों को घर के बच्चों-बुजुर्गों की केयर से जुड़ी भाग-दौड़ करनी होती है। महिलाओं को ही शारीरिक परेशानी या मानसिक उलझनों से जूझते हुए अपनों की हर जरूरत का ख्याल रखना होता है। बावजूद इसके स्त्रियां अपने ही स्वास्थ्य को दोयम दर्जे पर रखती हैं, जबकि उन्हें अपनों को संभालते हुए खुद को भी संभालना चाहिए।



## साइंटिफिक अप्रोच अपनाएं

महिलाएं अपनों को लेकर बहुत भावुक होती हैं। घर के बड़े-बुजुर्ग हों या बच्चे-युवा, सबकी केयर में खुद की अनदेखी करती रहती हैं। व्यस्तता की स्थिति में महिलाओं की हेल्थ बिगड़ती है। ऐसे में महिलाएं स्वास्थ्य के मामले में इमोशन फीलिंग्स की बजाय साइंटिफिक अप्रोच को अपनाएं। यह स्पष्ट रूप से समझ लें कि हर इंसान का शरीर एक बायोलॉजिकल मशीन ही है। महिला-पुरुष के फर्क से परे इसे हर हाल में देखभाल की जरूरत होती है। गौरतलब है कि इस साल वर्ल्ड हेल्थ-डे की थीम भी 'टूगेदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विद साइंस' ही है। यह विषय स्वास्थ्य से संबंधित चीजों को साइंटिफिक सोच के साथ समझने का आह्वान करता है। इसीलिए सेहत संभालने के लिए घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ ही, हेल्थ से जुड़े फैक्ट्स और साइंस आधारित गाइडलाइंस को भी फॉलो करें। प्रैक्टिकली देखा जाए तो इस वर्ष की थीम, भावनाओं में बहने के बजाय वैज्ञानिक समझ से जोड़कर अपनों और अपनी देखभाल की संतुलित समझ रखने की बात लिए है। परिवार में किसी के बीमार होने पर डॉक्टर्स भी तो यही कहते हैं कि मरीज की देख-भाल के साथ-साथ महिलाएं खुद की सेहत का भी ध्यान रखें। महिलाओं को ठीक रहना, सब कुछ ठीक से संभालने की पहली शर्त है।

## संतुलित लाइफस्टाइल चुनें

घर-परिवार के कामों की व्यस्तता के बीच कई महिलाएं कठिन व्रत, उपवास करती हैं तो कई सुबह-सुबह की भागदौड़ में नाश्ता तक नहीं कर पातीं। बहुत-सी कामकाजी महिलाएं घर और वर्कप्लेस, दोनों की जिम्मेदारियां साधती हैं। लेकिन उन्हें अपनी संभाल की सुध नहीं रहती। आज भी महिलाएं त्योहारों, बच्चों के एग्जाम्स, अपनों की हारी-बीमारी और सामाजिक-पारिवारिक आयोजनों में खुद को पूरी तरह भुला देती हैं। ध्यान रहे, समय गुजर जाता है लेकिन आपका शरीर, मन-मस्तिष्क हर तरह की अनदेखी को याद रखता है। यह आम-सी अनदेखी बड़ी बीमारियों की जड़ बन जाती है। आज के समय में सही समय पर भोजन न करना, बड़ी उम्र की महिलाओं में ही नहीं, युवतियों में भी डाइजेशन और एसिडिटी की तकलीफ का बड़ा कारण है। साथ ही घर-दफ्तर की भाग-दौड़ में स्त्रियां एक्सरसाइज के लिए भी समय नहीं निकाल पातीं। हाउसवाइव्स तो घर के काम को ही कसरत समझती हैं। जबकि कुछ वक्त निकालकर योग, कसरत, ध्यान और प्राणायाम करना हेल्थ सही रखने के लिए बेहद जरूरी है। देखने में आता है कि आराम करने, ताजा भोजन करने और फिजिकल एक्टिविटी करने के लिए घर के दूसरे सदस्यों को प्रोत्साहित करने वाली स्त्रियां खुद इन आम सी बातों को भी नहीं अपनातीं। जबकि आज की जटिल जीवनशैली में तो बैलेंस्ड लाइफस्टाइल अपनाना सभी के लिए आवश्यक हो चला है।





## भावनात्मक सेहत की संभाल

स्त्रीमन को अपराधबोध भी बहुत जल्दी घेरता है। अपनों की देखभाल में जरा-सी चूक होना उन्हें गिल्ट के घेरे में ले आता है। ऐसी मनःस्थिति हार्मोनल चेंज की बड़ी वजह बनती है। कई घरों में उनकी संभाल-देखभाल की भागीदारी के लिए सराहना के दो शब्द तक नहीं कहे जाते। जिसके चलते वे उपेक्षित और कमतर महसूस करती हैं। अपनों का यह बर्ताव भी मनोभावों पर नेगेटिव असर डालता है। मन की हेल्थ पर दुष्प्रभाव डालने वाली ऐसी बातें बहुत से साइंटिफिक रिसर्च में भी सामने आ चुकी हैं। इतना ही नहीं, थका-उलझा सा मन शरीर को भी बीमार बना देता है। हर पल की चिंता दिल की सेहत भी बिगाड़ती है। हर दिन अपनी जिम्मेदारियां निभाने की भाग-दौड़ से महिलाएं अच्छी नींद भी नहीं ले पातीं। इससे ना सिर्फ तनाव और अवसाद बढ़ता है बल्कि नींद की कमी तो हेल्थ के हर पहलू को प्रभावित करती है। कई महिलाओं को रिश्तों की उलझनें, डिलीवरी में देखभाल की कमी और परिजनों के नेगेटिव कमेंट्स भी गहरा मेंटल ट्रॉमा देते हैं। ऐसे में वे इमोशनल विदड्रॉल का शिकार हो जाती हैं। भावनात्मक अलगाव की इस मनोस्थिति में स्त्रियां अपने इमोशंस को शेयर करना छोड़ देती हैं। इससे उन्हें अकेलापन और डिप्रेशन घेर लेते हैं। इसीलिए महिलाओं का अपनी इमोशनल सेहत की केयर करना भी जरूरी है। इसलिए प्रैक्टिकल और साइंटिफिक सोच अपनाएं और स्वस्थ रहें। ❀

# मन का सुकून छीनती मास्किंग

सोशल स्टेटस मेंटेन करने का दबाव लोगों को ऐसी इमेज के साथ जीने के लिए बाध्य करने लगता है, जो वे वास्तव में होते ही नहीं हैं। इस तरह फेक इमेज यानी मास्किंग के साथ जीने से मन-जीवन का सुकून खोने लगता है।

लाइफस्टाइल

चैतन्या



हाल के वर्षों में वर्चुअल वर्ल्ड में ही नहीं, असली दुनिया में भी अपनी एक अलग सी छवि पेश करने का दबाव देखने को मिल रहा है। बहुत सी महिलाएं इमेज मेकिंग के इस फेर में एक मुखौटा पहने रहती हैं। इस बनावटी छवि के कारण तनाव भी झेलती हैं। सोशल कैमॉफ्लाजिंग की यह आदत आगे चलकर खुद को ही धोखा देने की स्थितियां बना देती है। इसी को मास्किंग कहा जाता है।

**मास्किंग के दुष्प्रभावः** असल में औरों के मुताबिक ढल जाने की इस कोशिश में यह समझना आवश्यक कि मास्किंग से स्ट्रेस, डिप्रेशन और दूसरों से अपनी तुलना करने की नेगेटिव सोच जड़ें जमा लेती है। जो हर तरह से आपके व्यक्तित्व को नुकसान पहुंचाती है। मन का सुकून छीनती है। हर उम्र की महिलाओं को समझना चाहिए कि दूसरों को छलने वाली मास्किंग असल में अपने आपके साथ भी फरेब करने वाला व्यवहार बन जाता है।

**सहज इमोशंस की अनदेखीः** मास्किंग, कहीं ना कहीं अपनी सहज भावनाओं को दबा देने वाला बर्ताव है। वही कहना जो कोई सुनना चाहे। वैसा ही व्यवहार करना, जो दूसरों के मन भाए। उसी तरह से रहना-जीना, जो दूसरों को अच्छा लगे। यह सब सोशल कैमॉफ्लाजिंग का ही हिस्सा है। इसी के चलते सामाजिक दबाव के कारण बनने वाली यह मास्किंग की आदत वास्तविक व्यक्तित्व ही भुला देती है। सेल्फ अवेयरनेस के बिना खुद का अस्तित्व अधूरा सा हो जाता है। दूसरों की स्वीकार्यता पाने की सोच अपने सहज व्यवहार से दूर कर देती है। सच्चे इमोशंस को जताने की हिम्मत छीन लेती है। समझना जरूरी है कि सहज भावनाओं को छिपाने के पीछे डर का एक अनदेखा सा घेरा होता है। बावजूद इसके कई महिलाएं मास्किंग के आवरण को चुनती हैं। खुद को परफेक्ट दिखाने के लिए पहना जा रहा यह मुखौटा सबसे अधिक भावनात्मक मोर्चे पर ही चोट करता है।



**नकली इमेज का घेराः** दूसरों की खुशी देने के लिए नकली इमेज के फेर में पड़ना सचमुच एक गलत च्वाइस है। अपने हों या पराए, उनकी नजर में स्वीकार्यता पाने के लिए जानबूझकर डेवलप की गई मास्किंग क्षमता, असल में आपको अक्षम बना देती है। इसीलिए सोशलाइजेशन का जो दायरा आपके मन पर दिखावटी-बनावटी बने रहने का दबाव बनाता हो, उससे दूरी ही भली है। सामाजिक अपेक्षाओं के अनुरूप पूरी तरह से बदल जाना अपने व्यक्तिगत भावों की अनदेखी ही तो है। जो सीधे-सीधे आपकी अवास्तविक छवि बनाने वाला बर्ताव है। यह नकली इमेज मन को थकाने वाली होती है। मस्तिष्क को असहज रखती है। कुछ खोने की एंगजाइटी हर समय घेरे रहती है। कोई गलती पकड़े जाने की चिंता सताती रहती है। दिल और दिमाग बेवजह अलर्ट मोड में रहने लगते हैं। जिसके खामियाजे आपको हर पहलू पर झेलने पड़ते हैं। आवश्यक है कि इस फेक इमेज के घेरे में आने की सोच से भी दूर रहा जाए।

**हेल्थ पर दुष्प्रभावः** जब आप असली विचार या भावनाएं साझा करना छोड़ देती हैं तो दिलो-दिमाग पर गहरा असर पड़ता है। इसीलिए सामाजिक आयोजन हों, पारिवारिक मेल-मिलाप या कामकाजी संसार की जिम्मेदारियां। हर जगह, हर मामले में अपने विचार और रिएक्शंस देने की आदत रखनी चाहिए। आखिर कोई कितनी देर औरों के मुताबिक रह सकता है? खुद को अपने ही असली व्यक्तित्व से अलग प्रस्तुत करना बहुत असुविधाजनक होता है। देखने में आता है कि बहुत सी महिलाएं लंबे समय तक मास्किंग करने से बर्नआउट का भी शिकार हो जाती हैं। जिससे बेवजह की थकान, स्ट्रेस, डिप्रेशन और घबराहट का सामना करती हैं। दूसरों की स्वीकार्यता और प्रशंसा के फेर में अपनी रोजमर्रा की एक्टिविटीज से दूर हो जाती है। आम जीवन में सब कुछ औरों के मुताबिक ना तो किया जा सकता है और ना ही यह करना सही है। यह स्थिति शारीरिक और मानसिक सेहत को बहुत नुकसान पहुंचाती है। इसीलिए मास्किंग छोड़िए और मन का सुकून चुनिए। ❀

अपने बच्चों के सामने पैसे की कमी का रोना सही नहीं है। इससे वे मनी एंग्जायटी का शिकार हो सकते हैं। कहीं आप भी तो अंजाने में ऐसा नहीं करतीं, इससे कैसे बचें, जानिए।

# अपने बच्चों को न बनाएं मनी एंग्जायटी का शिकार



बच्चे और आप

शिखर चंद जैन

बारह वर्षीय संजना ने अपने पड़ोस में रहने वाले नौ वर्षीय रितेश से पूछा, 'मैंने ऑनलाइन ऑर्डर देकर बहुत अच्छे कलर्स और आर्ट-क्राफ्ट का बॉक्स मंगवाया है केवल 250 में। तेरे लिए भी मंगवा दूं?' इस पर रितेश ने उदास होकर कहा, 'नहीं दीदी, अभी हम लोगों की फाइनेंसियल कंडीशन ठीक नहीं है।' संजना घर जाकर अपनी मम्मी से यह बात बताई। उसकी मम्मी अनुष्का और रितेश की मम्मी देविका अच्छी फ्रेंड हैं। अनुष्का उसी समय देविका के घर गई। उसने पूछा, 'देविका तुम्हारे हस्बैंड जॉब तो कर रहे हैं ना? किसी तरह की कोई परेशानी तो नहीं? किसी प्रकार की फाइनेंसियल हेल्प चाहिए तो बोल देना।' यह सुनकर देविका को हैरानी हुई। उसने कहा, 'अरे नहीं, ऐसी कोई दिक्कत की बात नहीं है, पर तुम ऐसा क्यों पूछ रही हो?' इस पर अनुष्का ने संजना और रितेश के बीच हुई बातचीत के बारे में उसे बताया। देविका समझ गई कि रितेश ने ऐसा क्यों कहा होगा।



वह मन ही मन शर्मिंदा हुई। लेकिन बात संभालते बोली, 'अरे बच्चा है, उसमें इतनी समझ कहां?'

असल में देविका और उसके पति ने अनजाने में रितेश को मनी एंग्जायटी का शिकार बना दिया था। कहीं आप भी तो नहीं करती ऐसी गलतियां, जो देविका और उसके पति ने की?

**बच्चे के सामने ना करें पैसे को लेकर झगड़ाः** कुछ पति-पत्नी बच्चों के सामने ही एक-दूसरे को फिजूलखर्च, कमाई में ठीक से ध्यान ना देना और बचत पर ध्यान ना देने जैसे आरोप लगाते हुए झगड़ते हैं। मम्मी-पापा के बीच पैसों को लेकर ऐसी खींचतान और बहस से बच्चा घबरा जाता है। उसे लगता है कि मम्मी-पापा के पास पैसे नहीं है, इसीलिए उनका झगड़ा होता है। अगर आपको ऐसे इश्यूज पर डिस्कशन करना ही है तो बच्चे के सामने कभी न करें।

**पैसे की कमी की चिंताः** माना कि तरह-तरह की फाइनेंसियल इमरजेंसी पर विचार-विमर्श करना, उनके बारे में चिंता रखना और अपनी वित्तीय स्थिति का आकलन करना जरूरी है। लेकिन इसका भी एक तरीका होता है। जब आप बच्चों के सामने ऐसा कुछ कहते हैं कि 'भगवान ना करें कल को बीमारी आ जाए या नौकरी चली जाए तो हम तो दाने-दाने को मोहताज हो जाएंगे।' तो बच्चे का सहम जाना स्वाभाविक ही है। ये बातें पॉजिटिव तरीके से या बच्चे की अनुपस्थिति में भी डिस्कस की जा सकती हैं।

**आचरण-बातचीत में अंतरः** कई बार माता-पिता अपने बच्चों की किसी भी डिमांड पर हाथ की तंगी, रोजगार में गड़बड़ी आदि की बातें कह देते हैं। बच्चा मन मसोसकर रह जाता है। लेकिन जब बच्चा देखता है कि उसके खिलौने या गैजेट की बात को नकारने के अगले ही दिन घर में कोई महंगा उपकरण आया है। पापा या मम्मी के लिए स्मार्ट फोन आया है, गहनों की खरीद हुई है। तो बच्चा यह देखकर अपनी उपेक्षा समझ कर उदास हो जाता है। पैरेंट्स को अपने आचरण और बातचीत में ऐसा अंतर हरगिज नहीं करना चाहिए। ❀

# सेटिंग स्प्रे से आपका मेकअप रहेगा लॉन्ग लास्टिंग

मेकअप

सरिता गुप्ता

मेकअप करने के बाद उसे लंबे समय तक टिकाने के लिए मेकअप स्प्रे का उपयोग किया जाता है। इसे आमतौर पर सेटिंग स्प्रे कहा जाता है। यह मेकअप को अच्छी तरह सेट कर देता है, जिससे मेकअप जल्दी खराब नहीं होता और चेहरा लंबे समय तक अट्रैक्टिव दिखाई देता है। आजकल अधिकतर महिलाएं मेकअप के बाद इस स्प्रे का इस्तेमाल करती हैं। इस बारे में कुछ यूजफुल सजेशंस।

**कैसे करें अप्लाईः** मेकअप स्प्रे का इस्तेमाल करना बहुत आसान है। सबसे पहले अपना पूरा मेकअप कर लें जैसे फाउंडेशन, कॉम्पैक्ट पावडर, ब्लश, आई मेकअप और लिपस्टिक। जब मेकअप पूरी तरह हो जाए, तब अंत में मेकअप स्प्रे का इस्तेमाल करें। स्प्रे लगाने से पहले बोतल को हल्का-सा हिला लें ताकि उसमें मौजूद सभी तत्व अच्छी तरह मिल जाएं। इसके बाद स्प्रे को चेहरे से लगभग 8 से 10 इंच की दूरी पर रखें और हल्के-हल्के पूरे चेहरे पर स्प्रे करें। स्प्रे करते समय आंखें बंद रखें। स्प्रे लगाने के बाद चेहरे को हाथ से न छुएं और उसे अपने आप सूखने दें। इससे मेकअप अच्छे से सेट हो जाता है और चेहरा ज्यादा स्मूद और नेचुरल दिखाई देता है।





**किसे करना चाहिए स्प्रे का यूजः** मेकअप स्प्रे का उपयोग सभी महिलाएं कर सकती हैं, लेकिन कुछ महिलाओं के लिए यह ज्यादा फायदेमंद होता है। जिन महिलाओं को लंबे समय तक मेकअप रखना पड़ता है, जैसे ऑफिस, पार्टी या शादी-समारोह में जाना होता है, उनके लिए मेकअप स्प्रे बहुत उपयोगी होता है। इसके अलावा जिनकी स्किन ऑयली होती है और जिनका मेकअप जल्दी फैल जाता है, वे भी मेकअप स्प्रे का इस्तेमाल कर सकती हैं। गर्मियों के मौसम में भी मेकअप जल्दी खराब हो जाता है, इसलिए इस मौसम में मेकअप स्प्रे काफी मदद करता है। ब्राइडल मेकअप या हैवी मेकअप करने वाली महिलाओं के लिए भी यह बहुत अच्छा विकल्प है।

**मेकअप स्प्रे के फायदेः** यह मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखता है।

- इससे मेकअप जल्दी खराब नहीं होता और बार-बार टच-अप करने की जरूरत भी कम पड़ती है।
- सेटिंग स्प्रे आपके चेहरे को फ्रेश और ग्लोइंग लुक देता है।
- कई बार पावडर या फाउंडेशन लगाने के बाद चेहरा थोड़ा पावडरी दिखाई देता है, लेकिन मेकअप स्प्रे लगाने से यह समस्या कम हो जाती है और मेकअप ज्यादा नेचुरल लगता है।
- यह पसीने और नमी के कारण मेकअप को फैलने से भी बचाता है। कुछ मेकअप स्प्रे, स्किन को हल्की नमी भी देते हैं, जिससे चेहरा सूखा नहीं लगता।

कुल मिलाकर कह सकते हैं कि मेकअप स्प्रे मेकअप को लंबे समय तक टिकाने और चेहरे को फ्रेश बनाए रखने में बहुत मदद करता है। अगर आप चाहती हैं कि आपका मेकअप पूरे दिन सुंदर और साफ दिखाई दे, तो मेकअप के बाद मेकअप स्प्रे का उपयोग जरूर करें। ❀

**(मेकअप आर्टिस्ट मीनाक्षी खन्ना से बातचीत पर आधारित)**

प्रिकॉशन

डॉ. ज्योति गुप्ता

सीनियर आईवीएफ कंसल्टेंट
मदरहुड फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, गुरुग्राम

वर्कआउट करना फिटनेस के लिए बहुत जरूरी है। लेकिन कुछ महिलाएं फिट रहने के लिए हार्ड वर्कआउट रूटीन फॉलो करती हैं। इससे फर्टिलिटी पर बुरा असर पड़ सकता है। इस बारे में कॉन्शस रहना जरूरी है।

# क्या ओवर वर्कआउट से फर्टिलिटी होती है प्रभावित



आजकल फिटनेस के बारे में लोगों में काफी जागरूकता बढ़ गई है। खासकर यंग पुरुषों और महिलाओं के बीच फिटनेस का चलन तेजी से बढ़ रहा है। फिट रहने और वेट कंट्रोल के लिए नियमित व्यायाम करना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। लेकिन कुछ महिलाएं वजन जल्दी कम करने के लिए या स्लिम दिखने के लिए जरूरत से ज्यादा व्यायाम करती हैं।

**ज्यादा एक्सरसाइज है हार्मफुलः** महिलाओं को यह समझना जरूरी है कि अगर व्यायाम बहुत ज्यादा किया जाए या बहुत कम खाना खाया जाए, तो शरीर में हार्मोन का संतुलन बिगड़ सकता है। इससे आगे चलकर प्रजनन क्षमता यानी गर्भधारण करने की क्षमता पर असर पड़ सकता है। इसलिए महिलाओं को अपने शरीर के अनुसार डाइट और व्यायाम करना चाहिए और इसके लिए विशेषज्ञ की सलाह लेना काफी जरूरी है।



**फर्टिलिटी पर पड़ता है असरः** कुछ महिलाएं जल्दी वजन कम करने के लिए क्रैश डाइट, फैड डाइट, लिक्विड डाइट, इंटरमिटेंट फास्टिंग या कीटो डाइट जैसी डाइट अपनाती हैं। जब बहुत कम कैलोरी वाली डाइट के साथ बहुत ज्यादा व्यायाम किया जाता है, तो शरीर में ऊर्जा की कमी हो सकती है। इससे प्रजनन से जुड़े हार्मोन और ओव्यूलेशन यानी अंडाणु बनने की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। जब शरीर पर बहुत ज्यादा शारीरिक दबाव पड़ता है, तो इसका असर हार्मोन, मासिक धर्म, ओव्यूलेशन और गर्भधारण की क्षमता पर पड़ सकता है।

**डॉक्टर से करें कंसल्टः** जो महिलाएं बहुत ज्यादा या कठोर वर्कआउट करती हैं, उन्हें गर्भधारण करने में परेशानी हो सकती है। हालांकि हर महिला को ऐसी समस्या नहीं होती। फिर भी किसी तरह की सख्त डाइट या फिटनेस रुटीन अपनाने से पहले विशेषज्ञ से सलाह लेना जरूरी है, ताकि यह समझा जा सके कि आपके शरीर के लिए क्या सही है।

**फर्टिलिटी को ऐसे रखें हेल्दीः** महिलाओं को फिट रहने के लिए मध्यम स्तर का व्यायाम करना चाहिए, जैसे वॉक करना, योग करना या हल्की स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करना। पर्याप्त कैलोरी, प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स लेना भी बहुत जरूरी है। अगर किसी महिला के पीरियड्स अनियमित हो जाएं तो डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। जो महिलाएं गर्भधारण की योजना बना रही हैं, उन्हें डॉक्टर से सलाह लेकर ही अपना फिटनेस रुटीन और वजन नियंत्रित करना चाहिए। डॉक्टर उन्हें यह बता सकते हैं कि उनके लिए कितना व्यायाम सुरक्षित है। इससे उनकी प्रजनन क्षमता भी सुरक्षित बनी रह सकती है। ❀

**प्रस्तुतिः सहेली फीचर्स**

# सीएम सैनी का कांग्रेस पर कटाक्ष, बोले- हुड्डा क्यों नहीं बताते कि किसने क्रॉस वोटिंग की!

## ■ मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया

**गुरुग्राम।** भाजपा के जिला कार्यालय गुरुकमल में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने ग्रीवेंस मीटिंग में पहुंचकर फरियादियों की शिकायतें सुनी। मीटिंग में कुल 15 शिकायतें रखी गई थी। यहां पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस और भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर जमकर निशाना साधा। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये कांग्रेस का अपना इंटरनल मामला है। क्योंकि इनके प्रभारी और विपक्ष के नेता दोनों कुर्सी पर बैठे थे। दोनों सारी वोट देख रहे थे, फिर किसने क्रॉस वोटिंग कर दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हुड्डा साहब बताएं या इनके प्रभारी बताएं कि किसने क्रॉस वोटिंग की। देखा तो इन दोनों ने ही है और कौन देखने वाला था। या फिर



इनकी चाल है कोई न कोई, ये दूसरे को बदनाम कर रहे हैं। इनका घर ठीक नहीं है, कांग्रेस पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। कांग्रेस की नीति और नियत दोनों खराब है। क्योंकि लंबे समय तक कांग्रेस ने राज किया और देश को पीछे धकेलने का काम किया।

## ततीमा मामलों के निपटारे के लिए अभियान चलेगा

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेशभर में लंबित ततीमा से संबंधित सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में देरी के कारण आमजन को दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं, अनावश्यक विवाद और न्यायालयीन प्रक्रियाएं बढ़ती हैं।मुख्यमंत्री सोमवार



को गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कुल 15 परिवाद रखे गए, जिनमें से मुख्यमंत्री ने 11 का मौके पर ही निपटारा किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे आमजन की समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करें।

## मौसम में राहत के बाद सैलानियों ने पिकनिक स्थलों पर जमकर मस्ती की



**भोपाल ।** राजधानी में पांच से छह दिनों से बदले मौसम का असर रविवार को फिजां में राहत घुलने के रूप में सामने आया। शहर में सुबह और शाम को गर्मी का असर लगभग गायब रहा, जबकि रात में भी मौसम सुहाना बना रहा। इससे सैलानियों ने दोपहर बाद से ही शहर की नहीं, आसपास के पिकनिक स्पॉट्स पर दो से तीन घंटे के लिए डेरा जमाना शुरू कर दिया। देर रात 10 बजे तक शहर के अंदर जहां बोट क्लब, शाहपुरा लेक, मनुआभान की टेकरी, वनविहार में सैलानियों की शाम तक भीड़ रही। चिड़ियाटोल और कंकाली मंदिर की ओर जाने वाली सड़क के किनारे देर शाम तक लोग गाड़ियों के बाहर निकल कर टहलते हुए नजर आए। रविवार को शहर का दिन का पारा लगातार तीसरे दिन गिरने से सामान्य से 4 डिग्री तक कम दर्ज हुआ, जबकि रात का पारा भी सामान्य से एक डिग्री कम रहने से राहत रही। दिन का पारा 33.4 और रात का 20 डिग्री के करीब रहा। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को भी भोपाल में मौसम ऐसा ही रहेगा।

## खबर संक्षेप

### पीडब्ल्यूडी की सड़कों की मरम्मत की डेडलाइन अप्रैल तक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोक निर्माण विभाग की सड़कों और भवनों के रखरखाव को लेकर सख्ती बढ़ा दी गई है। विभाग के प्रमुख अभियंता केपीएस राणा ने सभी मुख्य अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि विभाग के अंतर्गत आने वाली सड़कों और भवनों के मरम्मत व मजबूतीकरण के कार्य 30 अप्रैल तक हर हाल में पूरे कर लिए जाएं। निर्देश में साफ कहा गया है कि बारिश शुरू होने के बाद मरम्मत कार्यों में बहानेबाजी स्वीकार नहीं की जाएगी। इसलिए समय सीमा तय करते हुए इंजीनियरों को अभी से काम में तेजी लाने के लिए कहा गया है। इन कार्यों की मॉनिटरिंग अब सॉफ्टवेयर के जरिए की जाएगी। हर सोमवार को कार्यों की समीक्षा भी होगी, जिससे प्रगति पर लगातार नजर रखी जा सके। अधिकारियों को अपने अधीनस्थ अमले को भी समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश देने को कहा गया है।

**बजट स्वीकृति के साथ ही तय होगी टाइमलाइन-** अब तक विभाग में बजट स्वीकृत होने के बाद डीपीआर तैयार करने, टेंडर जारी करने और काम शुरू करने में करीब दो महीने लग जाते थे। इससे कई बार बारिश आने से पहले काम पूरा नहीं हो पाता था। इसे देखते हुए अब बजट स्वीकृति के साथ ही कार्यों की समय सीमा तय कर दी गई है।

**विधायकों की सिफारिशों का दबाव-** विभाग के पास प्रदेशभर के सांसदों और विधायकों की ओर से नई सड़कों के निर्माण और पुरानी सड़कों की मरम्मत के लिए बड़ी संख्या में प्रस्ताव लंबित हैं।

### सड़क हादसे में पति-पत्नी और बेटे की मौत ड्राइवर गंभीर घायल

**सरगुजा।** सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में प्रतापपुर-अंबिकापुर मार्ग पर सकालो जंगल के पास यह दुर्घटना हुई। इसमें एक ही परिवार के तीन लोग पति-पत्नी और बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए इस हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। दुप्पी चौरा रजापुर निवासी एक परिवार सुबह करीब पांच बजे कार से अंबिकापुर की ओर आ रहा था। इसी दौरान प्रतापपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने कार को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

## गायत्री शक्ति पीठ में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की प्रावीण्य सूची में 33 छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में रविवार को गायत्री शक्तिपीठ, एमपी नगर में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, प्राचार्य, शिक्षक एवं परीक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजकों ने सहभागिता की। इस वर्ष लगभग 6 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 33 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में चयनित हुए। इन मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। साथ ही प्रत्येक जिले से एक-एक शिक्षक एवं प्राचार्य को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विगत 32 वर्षों से आयोजित यह परीक्षा बच्चों के नैतिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



गायत्री शक्तिपीठ।

### नैतिक उत्थान का सशक्त माध्यम है यह परीक्षा

कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार के राम यश तिवारी ने परीक्षा को विद्यार्थियों के नैतिक उत्थान का सशक्त माध्यम बताया। वहीं सुधीर श्रीपाद ने कहा कि यह परीक्षा विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जोड़ने के साथ उनके भविष्य निर्माण में भी सहायक सिद्ध हो रही है, यहां तक कि इसके प्रश्नपत्रों से प्रेरणा लेकर कई विद्यार्थियों ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ भोपाल के व्यवस्थापक राजेश पटेल, के एल पटेल, पूनम चंद वर्मा सहित अनेक परिजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### 21 बहनों का पुंसवन संस्कार

इसी क्रम में "आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी" अभियान के अंतर्गत 21 बहनों का पुंसवन संस्कार प्रातः 10:30 बजे सम्पन्न कराया गया, जो आयोजन का विशेष आकर्षण रहा।कार्यक्रम के अंत में जिला समिति की गोष्ठी आयोजित कर आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया तथा पूरे आयोजन का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

### 13 सूत्रीय अभियानों की कार्य योजना पर विमर्श



संध्याकालीन समय में तीसरा कार्यक्रम भोपाल जिला समन्वय समिति की गोष्ठी में 3 तहसील 11 चेतना केंद्र के साथ मध्य प्रदेश के जोनल समन्वयक राजेश पटेल एवं रमेश नागर जिला समन्वयक की उपस्थिति में शताब्दी वर्ष की आगामी 13 सूत्रीय अभियानों की कार्य योजना पर विस्तार से विचार विमर्श कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## ईसाई समुदाय ने धूमधाम से मनाया ईस्टर पर्व, गिरजाघरों में हुई प्रार्थना सभा

प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प, शहर में हुए कई आयोजन

**भोपाल।** ईस्टर संडे यानी पास्का रविवार सभी गिरजाघरों में धूमधाम से मनाया गया। गुड फ्राइडे के तीसरे दिन प्रभु यीशु पुनर्जीवित हो गए थे। इसी खुशी में ईसाई समाज के लोग ईस्टर मनाते हैं। इस मौके पर गिरजाघरों में मिस्सा बलिदान चढ़ाने के साथ विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया । इस दौरान प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इसके साथ ही पुर्नरूत्थान के गीत गाए गए।



ईस्टर पर प्रार्थना सभा।

### एक अंत के बाद हमेशा नई शुरूआत होती है आर्च बिशपः अयोध्या

होली फैमिली चर्च चर्च में आयोजित कार्यक्रम में आर्चबिशप डॉ ए. ए. एस दुरईराज शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जीवन की तमाम चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बीच, ईस्टर हमें यह महत्वपूर्ण संदेश देता है कि एक अंत के बाद हमेशा एक नई शुरूआत होती है। उन्होंने कहा कि ईस्टर हमें अपने हृदयों में दया, करुणा और समझ जैसे मानवीय मूल्यों को विकसित करने और इन गुणों को अपने आस-पास के सभी लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करता है। फादर अल्फ्रेड डिसूजा ने ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए कहा ईस्टर का पर्व अपने साथ आशा, नवीनीकरण और अपार खुशी का संदेश लेकर आता है।

# 'सबका साथ-सबका विकास' से सिकल सेल का उन्मूलन संभव



राज्यपाल ने की कार्यक्रम में शिरकत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन प्रयासों को जन-आंदोलन बनाना होगा। सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को अपनाकर ही इस अनुवांशिक बीमारी से समाज को मुक्त किया जा सकता है। यह बात रविवार को बदनावर के सिविल अस्पताल के नवीन भवन के लोकार्पण और मेगा स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कही। राज्यपाल ने कहा कि सिकल सेल उपचार के विषय मे भ्रामक जानकारियों से भ्रमित नहीं हो। सिकल सेल उपचार के प्रति किसी भी प्रकार की भ्रांति नही पालें। केवल पंजीकृत चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार ही दवाइयों का नियमित सेवन करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस बीमारी को निरंतर उपचार और सही जानकारी के माध्यम से ही नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 1 करोड़ 31 लाख से अधिक जांचें की जा चुकी हैं। जनजातीय क्षेत्रों में विशेष रूप से जागरूकता बढ़ाने के लिए सिकल सेल मित्र तैयार किए जा रहे हैं, जो इस मिशन में सेतु का कार्य करेंगे। राज्यपाल ने बदनावर प्रवास के दौरान संकल्प से समाधान अभियान के समापन कार्यक्रम में शासन कि विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किए। स्थल पर शासकीय विभागों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, विधायक नीना विक्रम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेढ़ा, नगर पालिका अध्यक्ष मीना शेखर यादव, पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव और शहीद नरेंद्रसिंह राठौर के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

**राज्यपाल ने सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन को जन-आंदोलन बनाने का किया आह्वान**

## कवर्धा बाईपास निर्माण पर अहम चर्चा

# सांसद पांडेय ने की केंद्रीय मंत्री गडकरी से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

भाजपा सांसद संतोष पांडेय ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने छत्तीसगढ़ सहित देश में सड़क विस्तार के कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। इस मुलाकात में कवर्धा शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव का मुद्दा उठाया गया। सांसद पांडेय ने कवर्धा बाईपास निर्माण का प्रस्ताव रखा। साथ ही कबीरधाम जिले से चिल्फी घाटी होते हुए मध्यप्रदेश को जोड़ने वाली करीब 125 किलोमीटर लंबी एक लेन सड़क को उन्नत करने की मांग की। यह सड़क धवईपानी से सिमगा तक फैली है। इसे चार लेन में अपग्रेड करने का प्रस्ताव मंत्री गडकरी को ज्ञापन के माध्यम से सौंपा गया। कवर्धा शहर में बढ़ती आबादी और मालवाहक वाहनों की संख्या के चलते यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। बाईपास सड़क बनने से भारी वाहनों का शहर में प्रवेश कम होगा। यह बाईपास शहर के भीतर यातायात को सुगम बनाने में सहायक होगा।

### छग-मप्र के बीच मजबूती

चार लेन सड़क से छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच संपर्क मजबूत होगा। इससे दोनों राज्यों के बीच आवागमन आसान हो जाएगा। व्यापारिक गतिविधियों को भी बड़ा बढ़ावा मिलने की संभावना है। बालाघाट की सांसद भारती पारधी भी इस दौरान मौजूद थीं। भारती पारधी ने भी क्षेत्रीय विकास के लिए सड़क परियोजनाओं की आवश्यकता पर जोर दिया।

## भारत ही बनेगा विश्व के भविष्य का आधार'

# एसजीटीयू में तीन दिवसीय 'सिनर्जी-ज्ञानोत्सव-2026' का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भारत हर क्षेत्र में जिस तेजी आगे बढ़ रहा है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि दुनिया के भविष्य का आधार भारत ही बनेगा। शिक्षा पर सबसे अधिक खर्च भारत कर रहा है। छात्रों को फ्यूचर का इंतजार नहीं करना बल्कि फ्यूचर को तैयार करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'जय अनुसंधान' के संदेश ने भारत के वर्तमान और भविष्य को स्वर्णिम बना दिया है।ये विचार आज श्री गुरु गोबिंद सिंह ट्राईसेंटेनरी यूनिवर्सिटी (एसजीटीयू) के 'सिनर्जी-ज्ञानोत्सव-2026' कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि ने अपने संबोधन में व्यक्त किए।कार्यक्रम के मुख्य



अतिथि एवं सिस्टोपिक लेबोरेट्रीज प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक पी. के. दत्ता ने कहा कि भारत में ट्रांसफार्मेशन के दो दौर आए। पहला दौर राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में कंप्यूटरीकरण का था। दूसरा दौर आर्थिक उदारीकरण का आया जब मनमोहन सिंह भारत के वित्त मंत्री थे। कंप्यूटरीकरण का शुरू में घोर विरोध हुआ था और आर्थिक उदारीकरण को भी सहज रूप में स्वीकार नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि आज कंप्यूटर के बिना कोई व्यवस्था नहीं चल सकती। आर्थिक मोर्चे पर भारत की विकास गति से दुनिया अचंभित हैं।

## एनटीपीसी कावेरी विहार कॉलोनी की घटना

# युवक की पिटाई, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

दर्री थाना क्षेत्र के एनटीपीसी कावेरी विहार कॉलोनी में एक युवक की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह घटना लगभग 30 मार्च 2026 के आसपास की बताई जा रही है। पीड़ित युवक कावेरी विहार सर्वेंट क्वार्टर में रहता है। उसकी पत्नी अधिकारियों के घरों में साफ-सफाई का काम करती है। बताया जा रहा है कि पीड़ित शराब पीने का आदी है और घटना के समय वह नशे में था। उसने अपने एक परिचित की बाइक ली और शराब पीने चला गया। वह वापस तो लौटा, लेकिन बाइक लेकर नहीं आया। इसके बाद बाइक के मालिक ने पीड़ित की जमकर पिटाई कर दी। उसे इतना पीटा गया कि उसके कपड़े तक निकाल दिए गए। सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर उसे नग्न हालत में पीटा गया। राहगीरों की नजर पड़ने पर युवक को रोका गया। लोगों ने घटनाक्रम की जानकारी ली, तब पता चला कि उसने गाड़ी बेच दी थी।

### घटना के बाद लोगों का लगा हुजूम

इस घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। युवक खून से लथपथ इधर-उधर भागने लगा। लोगों ने उसे कॉलोनी से कहीं और जाने के लिए कहा। कई लोग कॉलोनी में आना-जाना कर रहे थे, जिसमें युवतियां और महिलाएं भी शामिल थीं। लोगों ने तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 112 को सूचना दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

## अब कन्फर्म टिकट के लिए यात्रियों को परेशान होने की नहीं होगी जरूरत

# उधना-जयनगर के बीच चलेगी समर स्पेशल ट्रेनः इटारसी सहित कई स्टेशनों पर ठहराव, गाड़ी में 22 जनरल कोच लगाए, यात्रियों को मिलेगी सहूलियत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गर्मियों की छुट्टियों में ट्रेनों में होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने भोपाल मंडल से होकर उधना और जयनगर के बीच एक स्पेशल अनारक्षित (जनरल) ट्रेन चलाने का फैसला किया। यह ट्रेन पूरी तरह से जनरल डिब्बों वाली होगी, जिसमें कुल 22 कोच लगाए गए हैं। इस ट्रेन की सबसे खास बात यह है कि इसमें सभी डिब्बे जनरल श्रेणी के हैं। यानी यात्रियों को कन्फर्म टिकट के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं होगी और वे सीधे स्टेशन से टिकट लेकर सफर कर सकेंगे। गर्मी के मौसम में यात्रियों के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए रेलवे इसे विशेष किराये के साथ

### उधना से जयनगर का टाइम-टेबल

गाड़ी संख्या 09061 उधना-जयनगर स्पेशल ट्रेन 5 और 12 अप्रैल को पटरी पर दौड़ेगी। यह ट्रेन हर रविवार को उधना से रात 1:30 बजे रवाना होगी। सफर के दौरान यह दोपहर 12:50 बजे इटारसी, शाम 4:40 बजे जबलपुर, शाम 6:15 बजे कटनी और रात 7:55 बजे सतना पहुंचेगी। अगले दिन यानी सोमवार दोपहर 2:30 बजे यह ट्रेन जयनगर पहुंच जाएगी।

### जयनगर से उधना की वापसी

वापसी में गाड़ी संख्या 09062 जयनगर-उधना स्पेशल ट्रेन 6 और 13 अप्रैल को चलाई जाएगी। यह हर सोमवार को जयनगर से शाम 5:30 बजे रवाना होगी। अगले दिन यानी मंगलवार को यह सुबह 11:40 बजे सतना, दोपहर 1:15 बजे कटनी, दोपहर 3:15 बजे जबलपुर और शाम 7:00 बजे इटारसी पहुंचेगी। बुधवार सुबह 6:15 बजे यह ट्रेन उधना पहुंच जाएगी।

### इन शहरों के यात्रियों को मिलेगा फायदा

यह ट्रेन रास्ते में नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय (मुगलसराय), बक्सर, आरा, पटना और दरभंगा जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी।

### निशातपुरा कोच फैक्ट्री में 1336 कोचों का मेंटेनेंस कर बनाया नया रिकॉर्ड

**भोपाल।** सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना, निशातपुरा भोपाल में पिछले साल रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। 1336 कोचों का मेंटेनेंस कर नया रिकॉर्ड बनाया है। कोच फैक्टरी में चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 1336 कोचों का सफलतापूर्वक पीरियोडिक ओवर हॉलिंग (पीओएच) कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। वरिष्ठ अधिकारियों की सतत निगरानी में भोपाल कारखाना प्रबंधन ने टीम भावना और सुनियोजित कार्ययोजना के साथ यह सफलता हासिल की।

**संरचनात्मक उपकरणों की मरम्मत की जाती है**

**मुख्य रूप से यह काम हुए**

- कोचों की बॉडी और अंडरफ्रेम की मरम्मत कर परिचालन में अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।
- ट्रॉली, बोगी के सभी महत्वपूर्ण पार्ट्स की मरम्मत की जाती है, जो सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।
- एयर ब्रेक सिस्टम, बफर व अन्य संरचनात्मक उपकरणों की मरम्मत की जाती है ताकि यात्रियों को झटका-रहित और सुरक्षित यात्रा का अनुभव हो सके।
- व्हील और एक्सल का रखरखाव और मरम्मत कर परिचालन सुरक्षा को सुदृढ़ किया जाता है।

### बदल रहा मौसम का मिजाज कभी बारिश तो कभी तेज धूप

**कोरबा ।** जिले में पिछले तीन दिनों से मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। कभी तेज धूप तो कभी काली घटा के साथ अचानक तेज बारिश, आंधी तूफान और आकाशीय बिजली का प्रकोप देखने को मिल रहा है। इससे जनजीवन खासा प्रभावित हुआ है और लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ओवेश पुत्र** मुस्तकिन **निवासीः** 237, 10 मार्करी चौक, जाफराबाद, दिल्ली, ने **FIR No. 36251/2022, U/S 379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन नंद नगरी, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ओवेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ओवेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 36251/2022, U/S 379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन नंद नगरी, उत्तर–पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **ओवेश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.05.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03,
कमरा नं0–19, प्रथम तल, शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/4427/NE/2026
(Court Matter)

## चिंतन

# रिश्तों को भी प्रभावित कर रही डिजिटल दुनिया

भारत में डिजिटल क्रांति ने जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित किया है, लेकिन अब इसका असर सबसे संवेदनशील क्षेत्र रिश्तों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। ग्लीडेन और एमोर जैसे विवाहेतर डेटिंग प्लेटफॉर्म्स पर 40 लाख से अधिक भारतीयों की मौजूदगी केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि बदलते सामाजिक ताने-बाने का संकेत है। सवाल यह है कि क्या यह बदलाव आधुनिकता की पहचान है या रिश्तों के संकट की आहट? इन प्लेटफॉर्म पर महिलाओं और पुरुषों दोनों की ही बढ़ती संख्या यह दर्शाती है कि अकेलेपन और अलगाव होने के बाद साथी की जरूरत ही लिव इन या ऐसे डेटिंग एप्स पर लोगों को आने का मजबूर करती है। भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं, बल्कि दो परिवारों का जुड़ाव माना जाता रहा है, लेकिन अब इस परंपरा को डिजिटल दुनिया नई दिशा दे रही है। महानगरों बेंगलुरु, हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई और पुणे में इन एप्स की बढ़ती लोकप्रियता यह दिखाती है कि तेज रफ्तार जीवनशैली और बढ़ते तनाव ने रिश्तों में दरारें पैदा की हैं। अब लोग भावनात्मक संतुष्टि और रोमांच की तलाश डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर कर रहे हैं। इस प्रवृत्ति के पीछे कई परतें हैं। सबसे प्रमुख कारण है भावनात्मक अकेलापन। व्यस्त दिनचर्या, करियर का दबाव और आपसी संवाद की कमी ने दांपत्य संबंधों को कमजोर किया है। जब घर में समझ और जुड़ाव नहीं मिलता, तो लोग बाहर विकल्प तलाशते हैं। एक रिसर्च के अनुसार, यही हाल रहा तो भारत 2027 में अमेरिका के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा डेटिंग सर्विस मार्केट बन जाएगा। चिंताजनक बात यह है कि इस ट्रेंड में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की संख्या में 148 प्रतिशत तक की वृद्धि यह दर्शाती है कि अब वे भी अपने निजी जीवन में अधिक स्वतंत्र निर्णय ले रही हैं। यह बदलाव एक ओर महिला सशक्तिकरण का संकेत माना जा सकता है, लेकिन दूसरी ओर यह पारिवारिक स्थिरता के लिए चुनौती भी बन रहा है। सिर्फ युवा ही नहीं, 40 वर्ष से अधिक आयु के लोग भी तेजी से इन प्लेटफॉर्म्स की ओर बढ़ रहे हैं। यह संकेत है कि विवाह के वर्षों बाद भी लोग भावनात्मक खालीपन महसूस कर रहे हैं। समाजशास्त्रियों के अनुसार, यह केवल 'अफेयर' का मामला नहीं, बल्कि रिश्तों की बदलती परिभाषा का संकेत है। हालांकि, इस बदलाव के खतरनाक पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि हुई है, और कई मामलों में रिश्तों में अविश्वास और धोखा भी एक कारण बन रहा है। इसके अलावा, डेटिंग प्लेटफॉर्म्स पर पहचान छिपाने की सुविधा अपराधियों के लिए भी अवसर बन सकती है। ऐसे में डिजिटल रिश्तों का यह जाल सामाजिक सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर रहा है। देश में पिछले कुछ समय से शादी, डेटिंग या लिव-इन जैसे अंतरंग रिश्तों में हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं। राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की सितंबर 2025 में जारी रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में महिलाओं के खिलाफ 4.48 लाख अपराध दर्ज हुए, जो 10 साल में सबसे ज्यादा हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में यूपी, महाराष्ट्र, प. बंगाल और राजस्थान सबसे आगे हैं। एक सर्वे के मुताबिक करीब 59% शादियां पार्टनर की बेवफाई की वजह से ही टूट रही हैं। रिश्तों में विश्वास की कमी समाज में अस्थिरता को जन्म दे सकती है। इसका समाधान रिश्तों से बाहर नहीं, बल्कि रिश्तों के भीतर खोजने की जरूरत है। संवाद, समझ और समय ये तीन तत्व किसी भी संबंध को मजबूत बना सकते हैं।

## स्वास्थ्य दिवस आज

महेन्द्र तिवारी



# बदलते परिवेश में स्वास्थ्य चुनौतियां

विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाता है, जो न केवल स्वास्थ्य के प्रति चेतना जगाने का कार्य करता है, बल्कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को भी प्रेरित करता है। इस विशेष दिन की नींव 7 अप्रैल 1948 को विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना के साथ रखी गई थी, और इसे आधिकारिक रूप से पहली बार 1950 में मनाया गया। वर्ष 2026 में, जब दुनिया तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति के एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है, विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम 'स्वास्थ्य के लिए एकजुट। विज्ञान के साथ खड़े रहें' निर्धारित की गई है। यह थीम एक अत्यंत महत्वपूर्ण मोड़ पर हमारे सामने आई है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी सूचनाओं, मिथकों और वैज्ञानिक तथ्यों के बीच एक निरंतर संघर्ष देखा गया है। यह विषय हमें इस बात के लिए प्रोत्साहित करता है कि हम अपने जीवन और स्वास्थ्य के प्रति निर्णय लेते समय भावनाओं या अफवाहों के बजाय साक्ष्य-आधारित विज्ञान को आधार बनाएं। 2026 का यह अभियान इसी वैज्ञानिक दृष्टिकोण को वैश्विक सहयोग के साथ जोड़ने की एक सशक्त पुकार है। इतिहास देखें तो वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग की यात्रा 19वीं शताब्दी के मध्य में शुरू हुई थी। वर्ष 1851 में पेरिस में आयोजित पहला अंतरराष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन इस दिशा में पहला बड़ा कदम था, जिसका उद्देश्य हैजा जैसी संक्रामक बीमारियों के प्रसार को रोकना था। इसके बाद 1902 में पैन-अमेरिकन सैनिटरी ब्यूरो और 1907 में ऑफिस इंटरनेशनल डी'हाइजीन पब्लिक जैसे संगठनों ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सहयोग की नींव को और मजबूत किया। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका के बाद जब संयुक्त राष्ट्र का गठन हुआ, तब यह महसूस किया गया कि एक ऐसी वैश्विक संस्था की आवश्यकता है जो बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के पूरी मानवता के स्वास्थ्य की रक्षा कर सके। परिणामस्वरूप, 1946 में न्यूयॉर्क में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सम्मेलन में विश्व स्वास्थ्य संगठन के संविधान पर 61 देशों ने हस्ताक्षर किए और अंततः 7 अप्रैल 1948 को यह संगठन अस्तित्व में आया। वर्तमान में विश्व स्वास्थ्य संगठन के 194 सदस्य देश हैं, जो दुनिया भर में 'स्वास्थ्य सबके लिए' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की सबसे बड़ी सफलता 1980 में चेचक का वैश्विक उन्मूलन रही है, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि यदि दुनिया विज्ञान के साथ एकजुट होकर खड़ी हो, तो किसी भी असाध्य बीमारी को जड़ से मिटाया जा सकता है। इसके अलावा, पोलियो के मामलों में 99 प्रतिशत से अधिक की कमी, एचआईवी/एड्स के उपचार में प्रगति और हाल के वर्षों में मलेरिया के पहले टीके (आरटीएस, एस/एएस01) की मंजूरी विज्ञान की ही गौरवशाली उपलब्धियां हैं। टीकाकरण से लेकर कैंसर के उपचार तक, लोग अक्सर वैज्ञानिक प्रमाणों के स्थान पर अवैज्ञानिक दावों की ओर आकर्षित हो जाते हैं। ऐसे में यह थीम दुनिया को याद दिलाती है कि विज्ञान ने ही हमें टीके, एंटीबायोटिक्स, उन्नत सर्जिकल तकनीक और जीवन रक्षक दवाएं दी हैं। वैज्ञानिक अनुसंधान के प्रति सम्मान और शोध में निवेश ही वह मार्ग है, जिससे भविष्य की महामारियों को रोका जा सकता है। इसके साथ ही, 2026 का अभियान वन हेल्थ दृष्टिकोण पर बहुत अधिक जोर देता है। विज्ञान हमें बताता है कि मनुष्यों का स्वास्थ्य अकेले नहीं सुधारा जा सकता, क्योंकि यह पशुओं और हमारे साझा पर्यावरण के स्वास्थ्य से गहराई से जुड़ा हुआ है। डेटा बताते हैं कि मनुष्यों में होने वाली लगभग 75 प्रतिशत नई उभरती संक्रामक बीमारियां 'जूनोटिक' होती हैं, यानी वे जानवरों से मनुष्यों में फैलती हैं। गैर-संचारी रोग जैसे हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर और श्वसन संबंधी बीमारियां वर्तमान में दुनिया भर में होने वाली कुल मौतों का लगभग 74 प्रतिशत हिस्सा हैं। डेटा के अनुसार, प्रत्येक वर्ष लगभग 41 मिलियन लोग इन बीमारियों के कारण अपनी जान गंवाते हैं, जिनमें से 17 मिलियन मौतें 70 वर्ष की आयु से पहले ही हो जाती हैं। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि हमारी जीवनशैली और वैज्ञानिक परामर्श की अनदेखी हमें किस ओर ले जा रही है। विशेष रूप से मधुमेह की समस्या एक वैश्विक संकट बन चुकी है, जिससे दुनिया भर में 530 मिलियन से अधिक लोग प्रभावित हैं और यह संख्या 2045 तक बढ़कर 780 मिलियन होने का अनुमान है। मानसिक स्वास्थ्य भी एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर 2026 के इस अभियान में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अतः यह दिवस हमें निरंतर यह प्रेरणा देता रहे कि स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक धरोहर है, जिसे हमें वैज्ञानिक सोच और एकजुटता के साथ सुरक्षित रखना है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# डिजिटल युग में भरोसेमंद है अखबार



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

बीते दिनों एक समाचार पत्र द्वारा आयोजित एक किताब के विमोचन समारोह अवसर पर 'डिजिटल सुनामी के बीच प्रिंट' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता द्वारा परंपरागत मीडिया के सामने डिजिटल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस 'एआई' के चुनौतियों के बारे में अनेक पहलुओं पर विचार साझा किया गया। व्याख्यान का कुल मिलाकर लब्बोलुआब यही था कि डिजिटल मीडिया की सुनामी और 'एआई' के झंझावात के बावजूद प्रिंट मीडिया की विश्वसनीयता अभी भी कायम है। बिलाशक मीडिया विस्फोट के बावजूद अखबार आज भी आम भारतीय परिवारों के दिनचर्या का अहम हिस्सा है। एक दौर वह भी था जब घरों में सुबह की शुरुआत अखबार और चाय की प्याली से होती थी। अखबार के प्रति लोगों में बेकरारी का आलम यह होता था कि यदि तय वक्त में यह न पहुंचे तो लोग दरवाजे पर हॉकर का इंतजार करते थे। उस पीढ़ी में परिवार के लोग अखबार के अलग-अलग पन्नों को बांटकर पढ़ा करते थे और सबके अपने-अपने पसंदीदा पेज हुआ करता था।

गौरतलब है कि प्रागैतिहासिक काल से आधुनिक सभ्यता के विकास के हर दौर में मनुष्य सूचनाओं के प्रति हमेशा से जिज्ञासु रहा है।मानवीय जिज्ञासा का ही परिणाम है कि संचार माध्यमों का बड़ी तेजी से विकास हुआ है जिससे मीडिया जगत भी अछूता नहीं है। वक्त ने करवट बदली और नयी पीढ़ी अखबार से दूर होते चली गई। इस बदलाव की प्रमुख वजह युवा पीढ़ी की अस्त-व्यस्त दिनचर्या और अखबारों के प्रति उदासीनता के अलावा डिजिटल मीडिया की लत है। आज की पीढ़ी खबरों के लिए सोशल मीडिया खंगालती है भले ही खबरों की सत्यता संदेहास्पद हो। अखबार और डिजिटल मीडिया में यही मूल अंतर है कि समाचार-पत्रों में किसी भी खबर के प्रति मर्यादा और जवाबदेही होती है जबकि डिजिटल मीडिया में इसका सर्वथा अभाव होता है। नयी पीढ़ी को अखबारों से जोड़ने के उद्देश्य से ही उत्तरप्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में वहां के सरकारों ने सभी सरकारी स्कूलों में छात्रों को प्रतिदिन अखबार पढ़ाए जाने का निर्णय लिया है। इस फैसले के पीछे प्रमुख मंशा छात्रों में पढ़ने की आदत और रूचि को विकसित करना है और यह समाचार पत्रों के माध्यम से ही संभव है। बेशक राज्य सरकारों का यह निर्णय अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय है क्योंकि इससे छात्रों के स्क्रीन टाइम में भी कमी आएगी जो एक बड़ी चुनौती है।

सूचना क्रांति के वर्तमान दौर में डिजिटल और सोशल मीडिया के धमक ने सदियों पुराने पारंपरिक मीडिया के वर्चस्व को तोड़ दिया है। इंटरनेट ने समाचारों की गति और प्रकृति दोनों को बदल दिया है जबकि पत्रकारिता का उद्देश्य तकनीक में नहीं बल्कि खबरों की सत्यता में है। विडंबना है कि आज के 'इंस्टेंट' दौर में पाठक सोशल मीडिया की बिखरी हुई खबरों को सच मान रहा है जो पत्रकारिता के लिए एक त्रासदी है। डिजिटल और सोशल मीडिया ने खबरों की रफ्तार को रॉकेट साइंस की गति दे दी है फलस्वरूप सबसे पहले और सबसे जल्दी की फेर में खबर की सत्यता परखे बिना फर्जी खबरें और विडियो को रिट्वीट या वायरल करने की दिवानगी काफी बढ़ी है।हाल के दिनों में अनेक राजनेताओं और सेलेब्रिटियों के मौत से लेकर सांप्रदायिक दंगों से संबंधित फेक न्यूज और विडियो वायरल होने के मामले प्रकाश में आई है जिससे तनाव बढ़ा था। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एक शोध में पता चला है कि डिजिटल मीडिया में फर्जी खबरें बड़ी तेजी से फैलती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि फेक न्यूज 'अधिक नवीन' होता है और यूजर्स भी अपने उतावलेपन में बिना खबर की पुष्टि किए तेजी से रिट्वीट या शेयर करते हैं। वैश्विक परिदृश्य में देखें तो शोध के नतीजे सौ फीसदी सटीक हैं क्योंकि कोरोना महामारी और युद्ध के दौरान सबसे फर्जी खबरें और वीडियो सोशल मीडिया के जरिए ही फैली है।



बकौल वरिष्ठ पत्रकार आलोक पुतुल 'डिजिटल मीडिया ने सूचना को लोकतांत्रिक बनाया है लेकिन इसमें संपादन की संस्कृति कमजोर हो गई है। डिजिटल मीडिया में संवाद बढ़ा है लेकिन भाषा और तथ्य दोनों असावधान हो गए हैं। उनका मानना है कि डिजिटल मीडिया अभिव्यक्ति का सबसे बड़ा माध्यम है लेकिन सत्य और असत्य का फासला काफी कम रह गया है।इसके इतर प्रिंट मीडिया में खबरें कई स्तरों से गुजरती है और संपादक का निर्णय अंतिम होता है मतलब साफ है कि इस माध्यम में खबरों की जवाबदेही तय है। अखबारों की इसी जिम्मेदारी के चलते पाठकों का भरोसा आज भी डिजिटल मीडिया की तुलना में प्रिंट मीडिया के प्रति अधिक है।मुकम्मल बात यह कि मीडिया जगत में हो रहे तमाम बदलाव के बावजूद डिजिटल मीडिया के सामने सबसे बड़ा संकट भरोसे का है जिसके चलते गंभीर पाठकों का विश्वास अखबारों पर ही है। ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशंस 'एबीसी' के एक सर्वे के मुताबिक 70 फीसदी से अधिक पाठकों ने प्रिंट मीडिया को भरोसेमंद बताया है।


गौरतलब है कि भारत में समाचार पत्रों का स्वर्णिम इतिहास रहा है, देश के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर स्वातंत्र्योत्तर भारत के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में अखबारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अखबारों के इतिहास पर गौर करें तो दुनिया में अखबारों की शुरुआत 400 साल पहले हुई वहीं भारत में यह 245 साल पुराना है। देश का पहला अंग्रेजी अखबार 1780 में 'द बंगाल गजट ' के नाम से कोलकाता से प्रकाशित हुआ तथा 1826 में 'उदन्त मार्तण्ड' के नाम से पहले हिंदी समाचार पत्र की शुरुआत हुई। इंटरनेट क्रांति से पहले तक अखबार ही समाचार और सूचनाओं के लिए एक सबसे प्रभावी माध्यम हुआ करता था। देश में भारतीय परिवारों के बीच रेडियो , टेलीविजन न्यूज चैनलों की पैठ होने के बावजूद अखबारों की प्रासंगिकता थी क्योंकि समाचार पत्र ही एक ऐसा माध्यम था जो लोगों को स्थानीय से लेकर देश और दुनिया की खबरें देने में कामयाब है।मीडिया जगत में हो रहे बदलाव के मद्देनजर अखबारों ने भी अपने तकनीक को विकसित किया है जिसका परिणाम है कि आज समाचार पत्र भी डिजिटल से लेकर प्रिंट के स्वरूप में पाठकों के सामने है। समाचार पत्रों के बाजार को देखें तो कोरोना महामारी के दौर को छोड़ दें तो भारत दुनिया का सबसे बड़ा समाचार पत्र बाजार है। बीते वर्ष 2025 में भारतीय अखबार उद्योग का कुल राजस्व 26,000 करोड़ से अधिक था जिसका चालू वर्ष में 30,000 करोड़ रुपए होने की संभावना है। अनुमान के मुताबिक साल 2030 भारतीय अखबार उद्योग का बाजार 36,000 करोड़ रुपए पहुंचने की उम्मीद है। कोरोना महामारी ने प्रिंट मीडिया पर खासा असर डाला था फलस्वरूप 2020 में राजस्व प्राप्ति 19,000 करोड़ रुपए की थी।

अलबत्ता अखबार केवल बौद्धिक विकास में ही सहायक नहीं है बल्कि यह बुजुर्गों में होने वाले मानसिक रोग 'अल्जाइमर' के बचाव और नियंत्रण में भी सहायक है। इस दिमागी बीमारी में व्यक्ति की याददाश्त धीरे-धीरे कमजोर होते जाती है जिससे उसके सोचने - समझने की क्षमता और व्यवहार पर असर पड़ता है। चिकित्सा विशेषज्ञों की मानें तो अखबारों में प्रकाशित होने वाले शब्द पहेली, सुडोकू और वर्ग पहेली का नियमित अभ्यास अल्जाइमर के बचाव और नियंत्रण में मददगार हो सकता है। दरअसल शब्द पहेली और सुडोकू मस्तिष्क को सक्रिय रखती है तथा याददाश्त में सुधार भी करता है। इन पहेलियों से लोगों में जहां तर्क शक्ति बढ़ती है वहीं इससे मनोरंजन भी होता है जो एकाकीपन और अवसाद से बचाता है। लिहाजा हम कह सकते हैं कि अखबार केवल राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक चेतना के लिए ही नहीं बल्कि सेहत और बौद्धिक विकास के लिए भी आवश्यक है। अखबार केवल सूचना और बौद्धिक विकास के माध्यम ही नहीं है बल्कि यह लाखों लोगों के आजीविका का भी साधन है।

बहरहाल भारत में अखबारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती राजस्व की है क्योंकि एक दौर में विज्ञापनों पर एकाधिकार सिर्फ अखबारों और पत्रिकाओं का था लेकिन टेलीविजन के विस्तार ने इस एकाधिकार पर तेजी से असर डाला है। आज इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया से आगे डिजिटल मीडिया खड़ा है जिसके हिस्से में अच्छा - खासा राजस्व जा रहा है लिहाजा अखबारों के सामने अनेक चुनौतियां भी हैं। अलबत्ता आम पाठकों की रूचि गंभीर लेखन और सच को पढ़ने की है इसलिए तमाम चुनौतियों के बावजूद अखबार का अस्तित्व हमेशा रहेगा। यह भी सच है कि जो भरोसेमंद होता है वही टिकाऊ होता है लिहाजा यह भरोसा कायम रखने के लिए अखबारों को भी वर्तमान जरूरत के मुताबिक अपने कलेवर और कंटेंट में बदलाव करना होगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## मन पतंग, श्वास डोर!



संकलित

दर्शन

केवल एक स्वस्थ कली ही खिल सकती है। उसी प्रकार केवल एक स्वस्थ व्यक्ति ही सफल हो सकता है। तो स्वस्थ होना क्या है? यदि आपके भीतर कड़ापन, बेचैनी या असंतोष है, तो आप स्वस्थ नहीं हैं। यदि मन अस्थिर और अशांत है, तो आप मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। यदि भावनाएं असंतुलित हैं, तो आप भावनात्मक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। पूर्ण स्वास्थ्य की स्थिति प्राप्त करने के लिए मन को शांत, स्थिर और भावनाओं को कोमल रखना आवश्यक है। पूर्ण स्वास्थ्य हमारे भीतर से बाहर और बाहर से भीतर निरंतर प्रवाहित होना चाहिए। संस्कृत में स्व या आत्मा में स्थित होने को स्वास्थ्य कहते हैं। हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि हमारा अस्तित्व के पांच कोश (परत) होते हैं। पहला है पर्यावरण, अर्थात हमारे चारों ओर का वायुमंडल- यह हमारा मूल आवरण है। दूसरा है भौतिक शरीर। तीसरा है प्राणमय कोश, अर्थात जीवन ऊर्जा। चौथा है मनोमय कोश, जिसमें विचार, भावनाएं और कल्पनाएं होती हैं। पांचवां है विज्ञानमय या अंतर्ज्ञानमय कोश, जिसमें सहज अनुभूति और गहरी समझ होती है- यह अत्यंत सूक्ष्म और प्रभावशाली है। जब कोई रोग उत्पन्न होता है, तो वह पहले विचार रूप में आता है, फिर ध्वनि रूप में, फिर प्रकाश रूप में आभामंडल में प्रकट होता है, और अंततः शरीर में दिखाई देता है।

## जब हमसे कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार करें



संकलित

प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### युद्ध की आग में झुलसती दुनिया

मध्य पूर्व का क्षेत्र एक बार फिर भय और अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। चारों ओर धुएं के गुबार उठ रहे हैं और कभी आबाद रहने वाले शहर अब खामोश खंडहरों में बदलते जा रहे हैं। जहां कभी बच्चों की आवाजें गूंजती थीं वहां अब सन्नाटा और डर का माहौल है। इमारतें धीरे धीरे जंगल का रूप लेती जा रही हैं और इनसान अपनी ही बनाई तबाही के बीच जीने को मजबूर है। यह केवल किसी एक देश की त्रासदी नहीं है बल्कि पूरी मानवता के लिए एक चेतावनी है। ईरान और अमरीका के बीच बढ़ता संघर्ष केवल दो देशों का टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक संतुलन को प्रभावित करने वाला संकट बन चुका है। हाल की घटनाओं में जिस तरह से युद्ध ने तीव्र रूप लिया है उससे यह साफ हो गया है कि हालात किसी भी समय और ज्यादा गंभीर हो सकते हैं। दुनिया युद्ध की आग में झुलस रही है। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### कार्यकर्ता ही ताकत



भाजपा की ताकत उसके कार्यकर्ताओं में निहित है। उनकी अटूट निष्ठा और सेवा के प्रति समर्पण ही यह सुनिश्चित करता है कि पार्टी का विजन देश के हर कोने तक पहुंचे। उनके प्रयास पार्टी को आगे बढ़ाने की ऊर्जा प्रदान करते हैं। **-नरेंद्र मोदी,** पीएम

### मेडिकल कॉलेजों में सीटें बेची



नारायणसामी सरकार के दौरान मेडिकल कॉलेजों की पीजी और डिप्लोमा सीटें खुलेआम बेची जाती थीं। दलित भाइयों और बहनों के लिए आरक्षित सीटें भी आरक्षण नियमों से बाहर जाकर बेची गईं। उन्होंने इस खूबसूरत राज्य को बर्बाद करने का काम किया। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### एलडीएफ-भाजपा में डील



आने वाले केरलम चुनाव के लिए एलडीएफ और भारतीय जनता पार्टी के बीच एक सीक्रेट डील हुई है। हमने देखा है कि सबरीमाला मंदिर में बड़े पैमाने पर चोरियां हुई हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से एक शब्द भी नहीं आया। यहीं इस डील के सबूत हैं। **-प्रियंका गांधी,** कांग्रेस सांसद


### मोदी कुछ नहीं बोले



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने खुलेआम कोलकाता पर हमला करने की धमकी दी है। और नरेंद्र मोदी ने क्या कहा? कुछ नहीं। क्या हम इंडियन यूनियन का एक स्टेट नहीं माने जाते? क्या हमारे लोगों की जान कोई मायने नहीं रखती? **-ममता बनर्जी,** सीएम पश्चिम बंगाल

## करंट अफेयर


# किम की बेटी हो सकती है उनकी उत्तराधिकारी



दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी का कहना है कि अब उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की किशोरवय बेटी को उनकी उत्तराधिकारी के रूप में देखना उचित होगा। यह किम जोंग उन की बेटी की बढ़ती राजनीतिक स्थिति पर अब तक का सबसे जोरदार आकलन है, जिसके बारे में एजेंसी का मानना है कि वह अपने परिवार के शासन को चौथी पीढ़ी तक बढ़ा सकती है। सरकारी मीडिया द्वारा किम की 'सबसे प्रिय' या 'सम्मानित' संतान के बतायी जा रही यह लड़की, 2022 के अंत से अपने पिता के साथ कई हाई-प्रोफाइल कार्यक्रमों में शामिल हुई है, जिससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि उसे उत्तर कोरिया की भावी नेता के रूप में तैयार किया जा रहा है। 'नेशनल असेंबली' में हुई एक गुप्त बैठक के दौरान, दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा के निदेशक ली जोंग-सीओक ने कहा कि लड़की को किम का उत्तराधिकारी माना जा सकता है। बैठक में शामिल सांसदों में से एक, ली सियोंग क्वोन के अनुसार, निदेशक ने यह बात लड़की की राजनीतिक स्थिति के बारे में सांसदों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में कही। सांसद ली ने बैठक के दौरान बताया कि जब किम की बहन किम यो जोंग ( जिन्हें लंबे समय से उत्तर कोरिया का दूसरा सबसे शक्तिशाली व्यक्ति माना जाता रहा है।

## ऑफ बीट

# क्या वजन से स्वास्थ्य का आकलन हो सकता है



हमें पढ़ाया गया है कि दुबलेपन का सेहत से और अधिक वजन का बीमारी से संबंध होता है। लेकिन विज्ञान एक ज़्यादा बारीक कहानी कहता है—जहां वजन एक कहीं ज़्यादा जटिल तस्वीर में सिर्फ एक आंकड़ा भर है। तो अगर अकेले वजन ही यह नहीं दर्शाता कि हम कितने स्वस्थ हैं, तो और क्या दर्शाता है? शरीर का वजन स्वास्थ्य के सबसे ज्यादा मापे जाने वाले पैमानों में से एक है। समाज इस पर बहुत जोर देता है और किसी व्यक्ति के वजन की आलोचना को अक्सर स्वास्थ्य संबंधी चिंता के रूप में देखा जाता है। तो वजन असल में कितनी सार्थक स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करता है? सीधे शब्दों में कहें तो, व्यक्ति का वजन शरीर द्वारा ग्रहण की जा रही कैलोरी पर निर्भर करता है। समय के साथ वजन में बदलाव कैलोरी की खपत की ओर इशारा कर सकता है। अगर उनका वजन बढ़ रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी जला रहे हैं, उससे ज़्यादा सेवन कर रहे हैं। वहीं, अगर उनका वजन घट रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी ले रहे हैं, उससे ज़्यादा जला रहे हैं। शायद यह समझना ज़्यादा उपयोगी होगा कि वजन हमें स्वास्थ्य संबंधी कौन-सी जानकारी नहीं देता। कोलेस्ट्रॉल, रक्त शर्करा, रक्तचाप और हृदय गति जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतक अक्सर नहीं मापे जाते हैं।

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।





प्रधानमंत्री मोदी ने डिब्रूगढ़ में एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित किया

# असम में पीएम मोदी ने कांग्रेस को लिया आड़े हाथ, कहा- असम की कनेक्टिविटी की अनदेखी की, असम में भाजपा सरकार के काम गिनाए



असम के डिब्रूगढ़ की एक विशाल जनसभा चुनावी रैली के दौरान भाजपा उम्मीदवारों के साथ मंच पर पीएम मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम विधानसभा चुनाव प्रचार की अपनी मुहिम के तहत सोमवार को डिब्रूगढ़ में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। मोदी ने कहा कि उन्हें डिब्रूगढ़ आने का कई बार अवसर मिला है, लेकिन इस बार जो जोश और उत्साह देखने को मिला, वह पहले कभी नहीं देखा। उन्होंने कहा कि यह जनसमर्थन कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है और मतदान से पहले यह तस्वीरें विपक्ष को पस्त कर देंगी।

पीएम मोदी ने असम की सांस्कृतिक विविधता और एकता की सराहना करते हुए कहा कि यहां विभिन्न समुदाय-अहोम, कोच-राजबंशी, मोरान, मोतोक, मिसिंग, देवरी-सदियों से सौहार्द के साथ रहते आए हैं। उन्होंने कहा कि भाषा भले अलग हो, लेकिन सभी का सपना एक है-विकसित असम और विकसित भारत। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि नुमालीगढ़ से डिब्रूगढ़ तक का हाईवे उसकी उपेक्षा का उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि 2005 में स्वीकृत परियोजना पर 2013 तक कोई काम नहीं हुआ, जबकि उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में असम की कनेक्टिविटी की अनदेखी की गई, लेकिन अब बोगिबिल ब्रिज, भूपेन हजारिका सेतु और जोरहाट-माजुली सेतु जैसे प्रोजेक्ट्स से क्षेत्र में विकास की नई गति आई है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में मोरान में एक नए हाईवे पर लड़ाकू विमानों की लैंडिंग ने दुनिया का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने खुद भी वायुसेना के साथ उसी सड़क पर उतरने का अनुभव साझा किया और कहा कि यह असम के बदलते इंफ्रास्ट्रक्चर की झलक है।

मोदी ने महिला आरक्षण के एजेंडे में कई वर्षों की देरी के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम-जो संसद और असम विधानसभा दोनों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण प्रदान करता है-भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के सत्ता में रहते हुए पारित किया गया था। मोदी के अनुसार, इस संशोधन से यह सुनिश्चित होगा कि 2029 के चुनावों तक लोकसभा सांसदों में कम से कम 33 प्रतिशत महिलाएं हों। उन्होंने कहा कि मैंने कांग्रेस से भी आग्रह किया है कि वह इस पर राजनीति न करे, बल्कि संशोधन को पूरा समर्थन दे ताकि महिलाओं के पक्ष में सर्वसम्मति से निर्णय लिया जा सके। प्रधानमंत्री मोदी ने 2029 चुनावों से 33% महिला आरक्षण लागू करने हेतु कांग्रेस से समर्थन का आग्रह किया है, जबकि कांग्रेस ने अप्रैल में बुलाए गए विशेष संसद सत्र को आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए सरकार की मंशा पर सवाल उठाया है। यह राजनीतिक गतिरोध नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संशोधन पर सर्वसम्मति बनाने के प्रयासों को जटिल बना रहा है।

## असम चुनावः खरगे बोले- मुख्यमंत्री सरमा भ्रष्टाचार में डूबे हुए, उनकी पत्नी के पास तीन-तीन देशों के पासपोर्ट कहां से आए?

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे असम की कचार जिले के बोरखोला विधानसभा में

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को "भ्रष्टाचार में डूबा हुआ" बताते हुए सवाल किया कि उनकी पत्नी के पास तीन-तीन देशों के पासपोर्ट कहां से आए। उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को आंकड़ों के साथ बेनकाब करने का दावा करते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के कार्यकाल (2005-2013) में 88 हजार 792 अवैध प्रवासियों को देश से निकाला गया था, जबकि मोदी सरकार के कार्यकाल (2014-2019) में केवल 2 हजार 566 अवैध प्रवासियों को ही बाहर किया गया। उन्होंने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर घुसपैठिया है तो भाजपा निकाल क्यों नहीं रही? बोरखोला की जनसभा में मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि भाजपा पिछले दस सालों से केंद्र और राज्य दोनों जगह सत्ता में है, फिर भी घुसपैठियों को बाहर निकालने में नाकाम रही है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह असम आकर बांग्लादेशी घुसपैठियों की बात करते हैं, लेकिन उन्हें देश से बाहर नहीं निकालते। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि उनकी सरकार देश का जल, जंगल और जमीन निजी हाथों में बेच रही है। उन्होंने बताया कि असम में हजारों एकड़ जमीन अडानी को दे दी गई है और प्रदेश के अन्य संसाधन भी लूटे जा रहे हैं।

असम की भौगोलिक समस्याओं का जिक्र करते हुए खरगे ने कहा कि बाढ़ से फसलें बर्बाद हो जाती हैं और घर तबाह हो जाते हैं, लेकिन भाजपा सरकार के पास इसका कोई स्थायी समाधान नहीं है। उन्होंने सिलचर की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि जिसे इंदिरा गांधी ने शांति का द्वीप कहा था, आज वहां विकास का नामोनिशान नहीं है। जलभराव, भीषण जाम, खराब सड़कें और टूटा हुआ ड्रेनेज सिस्टम ही अब इलाके की पहचान बन गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन के पिछले दस वर्षों में इलाके की उपेक्षा हुई है और सरकार की नाकामी के कारण छात्र, मजदूर समेत हर वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा कि असम में भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए परिसीमन का गलत इस्तेमाल किया। जिस क्षेत्र में मुस्लिम मतदाता ज्यादा थे, वहां से उन्हें हटाकर दूसरे लोगों को जोड़ दिया गया और जहां दलित-आदिवासी ज्यादा थे, वहां अन्य वर्गों के लोगों को शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा का मकसद सिर्फ चुनाव जीतना और कांग्रेस को सत्ता से बाहर रखना रहा है। लोकतंत्र में जनता का राज होता है, लेकिन भाजपा ने हमेशा इसका मजाक बनाया है।

खरगे ने यह भी पूछा कि मोदी सरकार महिला आरक्षण बिल पर 30 महीने तक क्यों सोई रही और इसे जनवरी के संसद सत्र में क्यों नहीं लाया गया? उन्होंने कहा कि भाजपा अब चुनाव देखकर इसका फायदा लेने की कोशिश कर रही है। उन्होंने जनता से कांग्रेस को जिताने का आह्वान करते हुए कहा कि देश और लोकतंत्र को बचाने के लिए भाजपा को सत्ता से हटाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार अब कुछ ही दिनों की मेहमान है। इस दौरान उन्होंने असम के लोगों के लिए कांग्रेस पार्टी की गारंटियां भी गिनाईं।

## खबर संक्षेप

### शरद पवार सहित 19 नए सदस्यों ने ली शपथ



**नई दिल्ली।** एनसीपी-एससीपी नेता शरद पवार सहित राज्यसभा के 19 नए सदस्यों ने सोमवार को शपथ ली। राज्यसभा अध्यक्ष सीपी राधाकृष्णन की उपस्थिति में शपथ ली गई। उपसभापति हरिवंश और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी उपस्थित थे।

### डॉ. छेत्री का 106 वर्ष की आयु में निधन



**नई दिल्ली।** प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ और पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. मणि छेत्री का 106 वर्ष की आयु में उनके आवास पर निधन हो गया। उन्हें दो सप्ताह पहले गिरने के बाद सिर में चोट लगी थी और अस्पताल से घर लौटने के बाद से वह बिस्तर पर ही थे।

### कुंभ वाले बाबा अभय सिंह ने की शादी

**झज्जर।** प्रयागराज महाकुंभ में चर्चा में आए आईआईटी बाबा अभय सिंह लंबे समय बाद हरियाणा के झज्जर में अपनी पत्नी के साथ दिखाई दिए। बताया कि 15 फरवरी को शिवरात्रि के अवसर पर हिमाचल प्रदेश के अघंजर महादेव मंदिर में शादी की।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री नड्डा ने असम के तिनसुकिया और लखीमपुर की जनसभाओं में कांग्रेस को घेरा

## कांग्रेस ने सदैव असम और नॉर्थ ईस्ट के साथ सौतेला व्यवहार किया, भाजपा ने विकास और शांति दीः नड्डा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को असम के तिनसुकिया और लखीमपुर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया और जनता से असम में भाजपा और एनडीए को प्रचंड बहुमत के साथ जिताने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर असम के प्रभारी हरीश द्विवेदी, डुमडुमा से प्रत्याशी रूपेश बाला, लखीमपुर से प्रत्याशी मानब डेका समेत अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

नड्डा ने कहा कि जब हम असम की बात करते हैं, तो असम की संस्कृति, असम की भाषा, यहां का बिहू, यहां के चाय बागान और यहां के ब्रह्मपुत्र की लहरें हमें सदा-सदा याद आती हैं। असम, पूर्वोत्तर का यह प्रवेश द्वार है। आज पूर्वोत्तर के उस पुराने दौर को भी याद रखना आवश्यक है जब बम, बंदूक, हड़ताल, आतंकवादी हमले, अशांति और कर्फ्यू ही असम की पहचान बन चुका था। कांग्रेस की सरकारों ने लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया था और उन्हें केवल एक वोट बैंक की तरह समझा। चाय बागान के लोग कांग्रेस के लिए वोट बैंक थे, लोगों ने उन्हें एकाधिकार दे रखा था, लेकिन उनकी सेवा या विकास में उनका कोई योगदान नहीं था। वे केवल वोट बैंक समझकर पांच साल बाद आते थे, वोट बैंक को इकट्ठा करते थे और फिर छोड़कर चले जाते थे।

### कांग्रेस के लोगों ने घुसपैठियों को बढ़ावा दिया

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इतने वर्षों तक राज करते हुए लोगों के भविष्य को अंधकार में डाल दिया। उन्होंने कहा कि एक समय भारत फ्रैजाइल इकॉनमी में गिना जाता था, भारत में पॉलिसी पैरालिसिस की स्थिति थी। जब 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुन कर आए तब भारत 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था था, वह आज चौथे नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है। अब समय दूर नहीं है कि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा की सरकार बनाकर असम को विकसित असम बनाया जाएगा और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत अब तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने घुसपैठियों को बढ़ावा दिया, उनके आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनवाए और उन्हें वोट बैंक की राजनीति के तहत उपयोग किया।

### यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करेंगे

असम में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू किया जाएगा। जो लोग असम में गरीब जनता की जमीन पर कब्जा करके बैठे हैं, उन्हें चिन्हित कर बाहर निकाला जाएगा और असम की जमीन को मुक्त कराया जाएगा। अभी एसआईआर के तहत मतदाता सूची से घुसपैठियों के नाम हटाए जा रहे हैं और जो नाम शेष रह गए हैं, उन्हें भी हटाया जाएगा। असम के मतदाताओं से निवेदन है कि वे कमल के पक्ष में मतदान करें और 9 तारीख को अपने इष्ट देवता का स्मरण करते हुए सीधे मतदान केंद्र पहुंचें तथा भाजपा और एनडीए के सभी प्रत्याशियों को विजयी बनाएं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि नामः **सोनू, पुत्रः अमर सिंह, निवासीः झुग्गी नंबर 167, कलंदर कॉलोनी, भलस्वा डेयरी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरूद्ध **FIR No.396/2021 U/S 279/338 IPC** के तहत एक मामला **थाना सनलाइट कॉलोनी, दक्षिण पूर्व जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **सोनू** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **FIR No.396/2021 U/S 279/338 IPC, थाना सनलाइट कॉलोनी, दक्षिण पूर्व जिला, दिल्ली** के अभियुक्त उक्त **सोनू** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 11.05.2026** को ठीक **10.00 बजे** या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री अदिति राव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07
कमरा संख्या 508, दक्षिण पूर्व जिला
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

DP/4396/SE/2026
(अदालती मामला)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हयात अंजुम, पत्नी अहमद हुसैन, निवासी एफ-83, वेस्ट जवाहर पार्क, लक्ष्मी नगर, पूर्वी दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 437/2019, धारा 135/138/150 बिजली एक्ट, थाना लक्ष्मी नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **हयात अंजुम** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **हयात अंजुम** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 437/2019, धारा 135/138/150 बिजली एक्ट, थाना लक्ष्मी नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हयात अंजुम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.06.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री आशीष रस्तोगी**
**एलडी. अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-05**
**पूर्व जिला, कमरा नं. 21, प्रथम तल**
**कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली**

**DP/3704/ED/2026**


## पश्चिम एशिया संकट के बीच केंद्र ने दिया भरोसा

# देश में खाद्यान्न, गैस और आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच केंद्र सरकार ने देशवासियों को आश्वस्त किया है कि भारत में खाद्यान्न और आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी नहीं है। नई दिल्ली में "पश्चिम एशिया की हालिया स्थिति" पर आयोजित अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थिति की जानकारी दी।

### खाद्यान्न और कीमतों पर स्थिति



उपभोक्ता मामलों के विभाग के अतिरिक्त सचिव अनुपम मिश्रा ने बताया कि देश में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कोई असामान्य उतार-चढ़ाव नहीं देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि दालों का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हुआ है और सरकार लगातार कीमतों व आपूर्ति की निगरानी कर रही है।

### गेहूं-चावल का पर्याप्त भंडार

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की संयुक्त सचिव सी. शिखा ने बताया कि देश में गेहूं और चावल का पर्याप्त बफर स्टॉक मौजूद है। वर्तमान में लगभग 602 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कमजोर वर्गों को लगातार खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही ओपन मार्केट सेल स्कीम के जरिए बाजार में आपूर्ति बढ़ाकर कीमतों को स्थिर रखा जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि खाद्य तेल और चीनी की आपूर्ति भी संतोषजनक है तथा महंगाई नियंत्रण में है। पैकेजिंग सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों और आपात उपायों का सहारा लिया जा रहा है।

### समुद्री मार्ग और गैस आपूर्ति सुरक्षित

पोर्ट्स, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि भारतीय ध्वज वाले दो जहाज ग्रीन संघवी और ग्रीन आशा हाल ही में हॉर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित गुजर चुके हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पश्चिमी फारस की खाड़ी क्षेत्र में 16 भारतीय जहाज मौजूद हैं, जिनमें 433 भारतीय नाविक सवार हैं। पिछले 24 घंटों में किसी भी जहाज के साथ कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है।

### एलपीजी गैस वितरण में रिकॉर्ड स्तर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देशभर में प्रतिदिन लगभग 50 लाख गैस सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है। ऑनलाइन बुकिंग का स्तर 97 फीसदी तक पहुंच गया है, जबकि ओटीपी के माध्यम से डिलीवरी सत्यापन अब करीब 90 फीसदी मामलों में लागू हो चुका है।

### विदेशों से भारतीयों की सुरक्षित वापसी

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि ईरान से अब तक 1 हजार 777 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला गया है, जिनमें 895 छात्र शामिल हैं। यह निकासी आर्मेनिया और अज़रबैजान के रास्ते की गई। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कतर, यूएई और ईरान के विदेश मंत्रियों से बातचीत कर क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा की है। सरकार के अनुसार, पश्चिम एशिया में तनाव के बावजूद भारत में खाद्यान्न, ईंधन और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पूरी तरह से नियंत्रित और पर्याप्त है। सरकार लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है ताकि आम जनता पर किसी भी प्रकार का असर न पड़े।

### सुप्रीम कोर्ट ने अरुणाचल में 1,270 करोड़ के सरकारी ठेकों के मामले में सीबीआई को जांच के आदेश दिए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को आदेश दिया है कि वह अरुणाचल प्रदेश में सीएम पेमा खांडू के परिवार से जुड़े कंपनियों को दिए गए सरकारी ठेकों की प्रारंभिक जांच दो सप्ताह के भीतर शुरू करे। न्यायाधीश विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि जांच में 1 जनवरी 2015 से 31 दिसंबर 2025 तक राज्य में हुए सभी सार्वजनिक कार्यों, ठेकों और वर्क ऑर्डर्स की समीक्षा शामिल होगी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि सीबीआई इस मामले की स्थिति रिपोर्ट 16 हफ्तों के भीतर सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत करे। अदालत ने यह आदेश 17 फरवरी को मामले की सुनवाई के दौरान सुरक्षित रखा था। याचिकाओं में दावा किया गया है कि पिछले 10 वर्षों में चार कंपनियों को, जो सीएम पेमा खांडू के परिवार से जुड़ी हैं।


**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | **पंजीकृत कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007 **कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदार(ों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक सूचना जारी की गई थी। देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 07 मई 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नम्बर | कर्जदार(ों) के नाम | नीलामी शाखा पता / पते |
|---|---|---|
| शाखा का नाम : दिल्ली-छत्तरपुर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान संख्या 619-10, तिवोली गार्डन के सामने, छतरपुर, दिल्ली - 110074 |
| 354357000062 | विकास शाह | |
| शाखा का नाम : दिल्ली-महारानी बाग | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 12, डॉ. सी.वी. रमन मार्ग, तैमूर नगर, नई दिल्ली - 110065 |
| 342657000028 | सुनील कुमार | |
| शाखा का नाम : दिल्ली-महीपालपुर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 84, बी-1, महिपालपुर, नई दिल्ली - 110037 |
| 347405001717 | मयंक | |
| शाखा का नाम : दिल्ली-रोहिणी सेक्टर-7 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., ई-2/27, सेक्टर-7, रोहिणी, नई दिल्ली - 110085 |
| 344357000054 | तेजवीर सिंह दून | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-कमला नगर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., यूए/31, जवाहर नगर, कमला नगर, नई दिल्ली - 110007 |
| 038762002879 | राहुल राहुल | |
| 038757000029 | कृष्णा कृष्णा | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-मोहन कोऑपरेटिव इंड. एस्टेट | | आईसीआईसीआई बैंक लि., बी-1/11, मोहन कोऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, नई दिल्ली - 110044 |
| 135757000101 | सौरभ सिंह | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-यमुना विहार | | आईसीआईसीआई बैंक लि., सी-1/13ए, यमुना विहार, दिल्ली - 110053 |
| 113562003184 | नईम अहमद | |

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे - अप. 6.00 बजे।

कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 07.04.2026
स्थान : सेंट्रल दिल्ली, नई दिल्ली, नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली, नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली, साउथ दिल्ली, साउथ-ईस्ट दिल्ली,

भवदीय, हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

### अतिरिक्त सचिव अनुपम मिश्रा ने अंतर-मंत्रालयी सम्मेलन में कहा

# जरूरी वस्तुओं की कीमतों में असामान्य उतार-चढ़ाव नहीं, स्थिति पर नजर: सरकार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार ने सोमवार को कहा कि जरूरी वस्तुओं की कीमतों में फिलहाल कोई 'असामान्य उतार-चढ़ाव' नहीं देखा गया है और देशभर के थोक एवं खुदरा बाजारों में कीमतों पर लगातार नजर रखी जा रही है। सरकार ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अलावा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए गेहूं और चावल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। राज्यों को आवश्यक खाद्य वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है। उपभोक्ता मामले विभाग के अतिरिक्त सचिव अनुपम मिश्रा ने अंतर-मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश की खाद्य सुरक्षा स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग रोजाना 528 केंद्रों से 40 वस्तुओं के दाम के बारे में सूचना जुटाता है और इन्हें एक मोबाइल ऐप पर अद्यतन किया जाता है।

## जमाखोरी व कालाबाजारी रोकने के प्रयास

मिश्रा ने कहा, /''अब तक आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कोई असामान्य उतार-चढ़ाव नहीं देखा गया है।/'' उन्होंने कहा कि कीमतों पर नजर रखने के साथ जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने और जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के भीतर गेहूं और चावल का पर्याप्त भंडार मौजूद है।


- देशभर के थोक व खुदरा कीमतों पर लगातार नजर
- आवश्यक वस्तुओं की मुनाफाखोरी पर सख्त कार्रवाई के आदेश

### गेहूं का 222 और चावल का 380 लाख टन भंडार

शिकायतों की निगरानी के लिए एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। इस मौके पर खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की संयुक्त सचिव सी. शिखा ने कहा कि सरकार के पास मौजूद गेहूं और चावल का बफर स्टॉक निर्धारित मानकों से लगभग तीन गुना है। उन्होंने कहा, ''वर्तमान में लगभग 222 लाख टन गेहूं और 380 लाख टन चावल का भंडार उपलब्ध है, जो पीडीएस और आकस्मिक जरूरतों के लिए पर्याप्त है।''




### प्याज का बफर स्टॉक बनाने खरीदी शुरू



सरकार ने प्याज का बफर स्टॉक बनाने के लिए खरीद भी शुरू कर दी है जिससे कीमतों में संभावित उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम (एस्मा), 1955 के तहत राज्यों के पास जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई करने के अधिकार हैं और केंद्र सरकार इस संबंध में लगातार राज्यों के संपर्क में है।

### दालों का करीब 28 लाख टन का बफर स्टॉक



दालों के बारे में मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष उत्पादन पिछले साल से अधिक रहने का अनुमान है और सरकार के पास करीब 28 लाख टन का बफर स्टॉक है। तुअर (अरहर) और उड़द के आयात को मार्च, 2027 तक 'मुक्त श्रेणी' में रखा गया है। प्याज, आलू और टमाटर के संबंध में उन्होंने कहा कि इनकी पैदावार पिछले साल के लगभग बराबर है और आपूर्ति पक्ष में कोई बाधा नहीं है।

### खाद्य तेल की स्थिति पर सरकार की नजर



सचिव ने कहा कि पिछले एक साल से गेहूं और चावल की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। खाद्य तेल की घरेलू उपलब्धता भी वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद संतोषजनक बनी हुई है और इंडोनेशिया, मलेशिया, रूस, यूक्रेन, अर्जेंटीना एवं ब्राजील से इनका आयात जारी है।''सरकार खाद्य तेल की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखेगी और जरूरत पड़ने पर हस्तक्षेप करेगी। इसके साथ चीनी के खुदरा दाम भी स्थिर बने हुए हैं।''

# डॉलर के कमजोर होने से चांदी 5,000 रुपये चढ़ी सोना 2,300 रुपये मजबूत

- चांदी बढ़कर 2.42 लाख रुपए प्रति किलोग्राम हुई
- सोना उछलकर 1.53 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें 5,000 रुपये बढ़कर 2.42 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि सोना बढ़कर 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 5,000 रुपये, या 2.11 प्रतिशत बढ़कर 2,42,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो शुक्रवार के बंद भाव 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 2,300 रुपये, या 1.52 प्रतिशत बढ़कर 1,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले सत्र में यह 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। विश्लेषकों ने कहा कि कीमती धातुओं में हालिया गिरावट के बाद कीमतें घटने पर होने वाली लिवाली के कारण सर्राफा की कीमतों में सुधार आया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि सोमवार को सोने की कीमतों में सुधार आया, क्योंकि व्यापारियों ने सस्ते में लिवाली बढ़ा दी, इसे डॉलर में आई नरमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि कीमती धातुओं के पश्चिम एशिया में होने वाले भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रति संवेदनशील बने रहने की उम्मीद है, जो घरेलू बाजारों में बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।



### मजबूत आर्थिक आंकड़ों से सोने में तेजी

अमेरिका के मजबूत वृहद आर्थिक आंकड़ों की वजह से सोने की कीमतों में तेजी सीमित रह सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि नौकरियों के उत्साहजनक आंकड़ों के कारण सोने की कीमतें ऊपर-नीचे और अस्थिर बनी रह सकती हैं।

### वैश्विक राजनीति मुख्य कारक बनी रहेगी

कोटक सिक्योरिटीज में जिंस रिसर्च की एवीपी, कायनात चैनवाला ने कहा कि इस सप्ताह भू-राजनीति ही मुख्य कारक बनी रहेगी और इससे ही सर्राफा कीमतों को दिशा मिलेगी।

# एनएमडीसी ने लौह अयस्क के दाम 11.1 % तक बढ़ाए

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सरकारी स्वामित्व वाली एनएमडीसी ने लौह अयस्क के दामों में 11.1 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी ने बताया कि नई कीमतें पांच अप्रैल 2026 से प्रभावी हो गईं।

कंपनी सूचना के अनुसार बैलाडीला खदानों (छत्तीसगढ़) से उत्पादित उच्च गुणवत्ता वाले बायला लंप (65.5 प्रतिशत लौह अंश) के दाम में 10.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। वहीं बायला फाइंस (64 प्रतिशत लौह अंश) के दाम 11.1 प्रतिशत बढ़ाए गए हैं। बायला फाइंस 10 मिलीमीटर से कम आकार का उच्च गुणवत्ता वाला लौह अयस्क उत्पाद है जो बैलाडीला क्षेत्र की खदानों से प्राप्त होता है। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि पांच अप्रैल 2026 से लौह अयस्क की कीमतें इस प्रकार तय की गई हैं। बायला लंप (65.5 प्रतिशत, 10-40 मिमी) : 5,300 रुपये प्रति टन, बायला फाइंस (64 प्रतिशत, 10 मिमी से कम) 4,500 रुपये प्रति टन।

- कीमतें 5 अप्रैल से प्रभावी हो गई
- बैलाडीला से उत्पादित बायला लंप में 10.4 फीसदी की बढ़ोतरी



### समाप्त वित्त वर्ष में रिकार्ड उत्पादन

*एनएमडीसी ने हाल ही में समाप्त वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 5.3 करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन किया और 5.02 करोड़ टन लौह अयस्क की बिक्री दर्ज की थी।*

# भारतीय मुद्रा संभली, रुपये में आई 14 पैसे की तेजी

- रुपया चढ़कर 93.04 प्रति डॉलर पर
- सट्टेबाजी पर अंकुश से रुपए में अस्थिरता कम

एजेंसी ▸▸| मुंबई



रुपया सोमवार को 14 पैसे चढ़कर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.04 (अस्थायी) पर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने और रुपये में अस्थिरता को कम करने के लिए उठाए गए कदमों से घरेलू मुद्रा थोड़ी संभली है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी, मजबूत डॉलर और अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के बीच कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से रुपये पर अब भी दबाव कायम है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.13 पर खुला और कारोबार के दौरान तेजी से चढ़कर 92.79 के उच्च स्तर पर पहुंचा। अंत में रुपया 93.04 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कड़े कदमों के बाद रुपये में बृहस्पतिवार को कई साल की एक दिन की सबसे बड़ी तेजी दर्ज की गई और यह अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 152 पैसे मजबूत होकर 93.18 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ था।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### एटम ऑन व्हील्स : लोगों को दी परमाणु ऊर्जा की उपयोगिता की जानकारी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के अंतर्गत कार्यरत न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) मुंबई द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी परमाणु ऊर्जा जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत एटम ऑन व्हील्स चलित प्रदर्शनी के हरियाणा में द्वितीय चरण के अभियान का 6 जनवरी 2026 से शुभारंभ किया गया है । एनपीसीआईएल के गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना ,इस भावी संयंत्र के निकटवर्ती क्षेत्रों में आने वाले गांव में लोगों को परमाणु ऊर्जा के फायदे एवं उपयोगिता को समझने एवं इससे जुड़े आशंकाओं के निराकरण के उद्देश्य से इस प्रदर्शनी को परियोजना के आसपास के गांव में जनजागृति हेतु 6 जनवरी2026 को गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना के परियोजना निदेशक श्री सत्यजीत रथ के हाथों हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया ।

# कच्चे तेल के दाम में नरमी से सेंसेक्स 787 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त में रहे। बीएसई सेंसेक्स 787 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 23,000 अंक के करीब पहुंच गया।

पश्चिम एशिया में युद्धविराम के प्रयासों की रिपोर्ट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार बढ़त में रहा। कारोबारियों के अनुसार, बैंक और आईटी शेयरों में अच्छी लिवाली और रुपये में मजबूती से भी निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 787.30 अंक बढ़कर 74,106.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 887.91 अंक चढ़कर 74,207.46 अंक पर पहुंच गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 3,207 लाभ में रहे, जबकि 1,147 में गिरावट दर्ज की गयी। वहीं 190 के भाव अपरिवर्तित रहें। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 255.15 अंक यानी 1.12 प्रतिशत बढ़कर 22,968.25 अंक पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''पश्चिम एशिया में संभावित युद्धविराम की खबरों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के साथ वैश्विक जोखिम धारणा में भी सुधार हुआ।''



- युद्ध विराम के प्रयासों से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट
- निफ्टी 255 अंक मजबूत होकर 23,000 अंक के करीब पहुंचा

### रिलायंस के शेयर तीन प्रतिशत लुढ़के

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सोमवार को तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 3.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,304.75 रुपये पर बंद हुआ, जबकि कारोबार के दौरान यह 4.50 प्रतिशत तक टूटकर 1,290 रुपये तक आ गया था। वहीं एनएसई पर यह 3.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,304.70 रुपये पर बंद हुआ।

### वर्ष 2025-26 में वाहनों की बिक्री बढ़कर रिकॉर्ड 2.96 करोड़ इकाई तक पहुंची

# वाहनों की खुदरा बिक्री में 13.3 फीसदी की वृद्धि: फाडा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

- जीएसटी 2-0 के लागू होने से बाजार में आई तेजी

देश में सभी श्रेणियों में वाहनों की खुदरा बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 13.3 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 2,96,71,064 इकाई पर पहुंच गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

वाहन उद्योग के निकाय के अनुसार इससे गत वित्त वर्ष 2024-25 में कुल खुदरा बिक्री 2,61,87,255 इकाई थी। वर्ष की शुरुआत सुस्त रहने के बावजूद माल एवं सेवा कर में बदलाव (जीएसटी 2.0) के लागू होने से बाजार में तेजी आई। फाडा के बयान के अनुसार, यात्री वाहन की खुदरा बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 13 प्रतिशत बढ़कर 47,05,056 इकाई हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 41,63,927 इकाई थी।



### भविष्य में पड़ने वाले असर के प्रति सतर्क

संगठन ने कहा कि वह आशावादी रुख अपनाए है, लेकिन पश्चिम एशिया युद्ध के भारत में वाहनों की मांग पर भविष्य में पड़ने वाले संभावित प्रभाव के प्रति सतर्क भी है। इसी तरह दोपहिया वाहनों की बिक्री भी पिछले साल 13.4 प्रतिशत बढ़कर 2,14,20,386 इकाई हो गई जबकि 2024-25 में यह 1,88,89,595 इकाई थी।

### उपभोक्ता विश्वास पर असर पड़ेगा

दरों के पुनर्संतुलन से दोपहिया, छोटी कारों, तिपहिया और कुछ वाणिज्यिक श्रेणियों पर प्रभावी कर बोझ कम हुआ, जिससे उस समय वहनीयता में सुधार हुआ जब उपभोक्ता खरीद के लिए तैयार थे। भविष्य के परिदृश्य पर फाडा ने कहा, ''मुख्य कारक पश्चिम एशिया की स्थिति और उसका ईंधन कीमतों, आपूर्ति उपलब्धता तथा उपभोक्ता विश्वास पर प्रभाव होगा।''

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

# आरपीएफ के महानिदेशक का पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे दौरा सुरक्षा, समन्वय और बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मालीगांव



रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक सुश्री सोनाली मिश्रा, आईपीएस ने 5 एवं 6 अप्रैल, 2026 को पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे का दो दिवसीय विस्तृत निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य सुरक्षा, समन्वय तथा बुनियादी ढांचे के विकास को सुदृढ़ करना था। अपने गुवाहाटी दौरे के दौरान, आरपीएफ के महानिदेशक ने प्रोटोकॉल के अनुरूप एक व्यापक इलेक्शन ब्रिफिंग में भाग लिया और मालीगाँव स्थित रंग भवन में आयोजित सुरक्षा सम्मेलन में उपस्थित हुईं। इस सम्मेलन में विभिन्न बुनियादी ढांचा विकास पहलों पर चर्चा की गई। आरपीएफ की डीजी सुश्री मिश्रा ने रेलवे सुरक्षा बल के गुवाहाटी पोस्ट का भी विस्तृत निरीक्षण किया तथा असम के पुलिस महानिदेशक और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च-स्तरीय बैठक की, जिससे सुरक्षा व्यवस्थाओं पर समन्वय को और अधिक सुदृढ़ किया गया। तत्पश्चात उन्होंने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक श्री चेतन कुमार श्रीवास्तव तथा प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ व्यापक चर्चा की, जिसमें रेलवे सुरक्षा, परिचालन दक्षता तथा समग्र तैयारियों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर बातचीत हुई। इसके अतिरिक्त, आरपीएफ के महानिदेशक ने पू. सी. रेलवे (निर्माण) के महाप्रबंधक श्री आशीष बंसल के साथ बातचीत में पूर्वोत्तर क्षेत्र में चल रही नई रेल परियोजनाओं की प्रगति पर सुरक्षा को लेकर समीक्षा की।

# युवाओं को सशक्त बना राष्ट्रीय विकास रोडमेप से जोड़ना एनएसएस का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज (DIAS) की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई ने सफलतापूर्वक विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम (VBYCP) का आयोजन किया। यह कार्यक्रम युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य भारत के युवाओं को सशक्त बनाना तथा उन्हें विकसित भारत@2047 के राष्ट्रीय विकास रोडमैप से जोड़ना है। यह कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उस दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिसमें वे युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने तथा 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए निरंतर प्रेरित करते रहे हैं। विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को संरचित सहभागिता एवं नागरिक भागीदारी के माध्यम से विकसित भारत@2047 की परिकल्पना से जोड़ना था। साथ ही, नीति-निर्माताओं, जनप्रतिनिधियों एवं युवा प्रतीकों के साथ संवाद के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाना भी इसका प्रमुख लक्ष्य था। इस कार्यक्रम में MY Bharat पोर्टल पर पंजीकरण के माध्यम से डिजिटल सहभागिता को बढ़ावा देने तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले सक्रिय युवाओं का एक सशक्त नेटवर्क तैयार करने पर भी विशेष बल दिया गया।

### पीएनबी मेटलाइफ और रिस्पॉन्सनेट ने 500 महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

**नई दिल्ली।** पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने रिस्पॉन्सनेट के साथ मिलकर युवा महिलाओं के लिए क्षमता स्किल डेवलपमेंट और आजीविका कार्यक्रम शुरू किया है। यह पहल पीएनबी मेटलाइफ की सामुदायिक विकास और महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता का हिस्सा है। अगस्त 2025 में शुरू की गई क्षमता पहल का उद्देश्य 500 युवा महिलाओं को कस्टमर केयर, डेटा एंट्री और डिजिटल मार्केटिंग में प्रशिक्षण देना है। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को उद्योग से जुड़े और डिजिटल कौशल प्रदान करता है।

## शब्द पहेली - 6188




**बाएँ से दाए**
1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्ट्रीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

### शब्द पहेली- 6187 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | | क | दा | चा | र |
| ती | खा | | हा | | चा | क | र | | र | वा |
| वि | | अ | ज | ग | र | | म | ल | | य |
| धी | मा | प | न | | | म | | की | म | त |
| ही | | ल | | श | ता | न | न | | जा | |
| न | म | क | दा | नी | | मा | न | सि | क | ता |
| | क | | म | च | ल | ना | | या | | र |
| अ | र | ज | | र | | | ऐ | रा | व | त |
| ह | | स | द | | न | रो | त | म | | म्य |
| म | न | | ख्र | स | म | | बा | | टा | पू |
| क | र | त | ल | | श | रा | र | त | पू | र्ण |



# हरियाणा के संग्राम सिंह अर्जेंटीना की धरती पर एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एमएमए आइकन और इंडियन फाइटर संग्राम सिंह ने अर्जेंटीना में इतिहास रचते हुए महज 1 मिनट 45 सेकंड में अपनी फाइट जीती। प्रोफेशनल रेसलिंग से मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) के मुकाबले में शानदार जीत के साथ वह अर्जेंटीना में एमएमए मुकाबला जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। संग्राम सिंह ने उम्र में 16 साल छोटे फ्रांस के फाइटर फ्लोरियन काउडियर को बयूनस आयर्स के स्टेडियम में धराशायी कर दिया। तिबस्ली (जॉर्जिया) और एम्स्टर्डम (नीदरलैंड) में जीत के बाद उन्होंने एमएमए में जीत की हैट-ट्रिक भी पूरी कर ली। इस फाइट में उन्हें कुश्ती के दांव पेंचों का काफी फायदा हुआ। उनकी जीत के लिए रोहतक, उदयपुर और वाराणसी में हवन यज्ञ किए गए थे। देश में लौटने पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। खेल मंत्रालय की फिट इंडिया मूवमेंट के ब्रैंड एम्बेसडर संग्राम सिंह ने कहा कि इस बार हालात उनके लिए काफी मुश्किल थे। कॉम्पीटिशन से दो दिन पहले उनका वजन निर्धारित सीमा से 600 ग्राम अधिक था। दिन भर उन्होंने अपने कोच के साथ कड़ी मेहनत की। खूब पसीना बहाया। दिन भर में आधा गिलास पानी पीया। संग्राम सिंह 83 किलो वजन में उतरे जहां दो किलो की छूट थी। संग्राम सिंह ने कहा कि वह मानसिक और शारीरिक रूप से बड़ा दबाव महसूस कर रहे थे। इस अवसर पर मौजूद भारतीय राजदूत और उनके बेटे ने भी इस जीत के बाद बेहद भावुक होकर उन्हें बधाई दी। उस समय पूरा स्टेडियम शोर से गूंज उठा था। स्टेडियम के एक कोने से भारत माता की जय के भी नारे लग रहे थे। संग्राम ने कहा कि मुझे भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि पूरा स्टेडियम मेरी फाइट के दौरान मुझे ही क्यों चीयर-अप कर रहा है।

## पूरी की जीत की हैट-ट्रिक, 1 मिनट 45 सेकंड में मुकाबला जीता





### मैं या तो जीतता हूं या सीखता हूं : संग्राम सिंह

जीत के बाद रिंग पर दिए उनके एक बयान से पूरा एमएमए एरिना तालियों के शोर से गूंज उठा। दोहरे कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैम्पियन संग्राम सिंह ने कहा कि मेरे लिए जीत-हार कोई मायने नहीं रखती। मैं या तो जीतता हूं या सीखता हूं। मैं अक्सर कहता हूं कि पैशन (किसी कार्य के प्रति जुनून)की कोई उम्र नहीं होती। मेरा अर्जेंटीना में फाइट जीतने पर पहले भारतीय बनने का सपना साकार हुआ। उन्होंने आयोजकों के साथ ही अपने कोच भूपेश का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पिछले 25 साल से उनके साथ हैं। वह भी मुझे कामयाबी दिलाने में दिन-रात जुटे रहे।

### काम आए कुश्ती के दांव पेंच

संग्राम ने कहा कि फ्लोरियन दिखने में तगड़े ज़रूर थे लेकिन उनके हाथ-पैर काफी तेज़ी से चल रहे थे। संग्राम ने कहा कि आखिरकार कुश्ती का उनका अनुभव काम आया। फ्लोरियन की किक को पकड़कर उन्होंने नीचे गिराया। यानी उन्हें कुश्ती के लेग अटैक का फायदा मिला। फिर नीचे आकर उन्होंने सांडी तोड़ने की कोशिश की और फिर उन्हें लम्बा करके चोक कर दिया। रेफरी के तीन बार पूछने पर आखिरकार फ्लोरियन ने अपनी हार मान ली। इस तरह संग्राम ने अपनी तीसरी फाइट को भी सहजता के साथ जीता। पाकिस्तानी फाइटर को उन्होंने 90 सेकंड में हराया था जबकि दूसरी फाइट को उन्होंने दूसरे राउंड में जीता था।

## खबर संक्षेप



### लय हासिल करने के लिए बेताब सैमसन : फ्लेमिंग

**बेंगलुरु।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने आईपीएल 2026 में संजू सैमसन के के अब तक के खराब प्रदर्शन को खास तवज्जों नहीं दी और कहा कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज टीम के माहौल में ढलने की प्रक्रिया से गुजर रहा है तथा रन बनाने और टीम की सफलता में योगदान देने के लिए बेताब है। फ्लेमिंग ने कहा, ' जब आप किसी फ्रेंचाइजी (इस मामले में राजस्थान रॉयल्स) की तरफ से लंबे समय से खेल रहे हों तो फिर किसी नई टीम के माहौल में ढलने में समय लगता है। भले ही वह शायद काफी सहज महसूस करता हो, फिर भी अपनेपन की भावना बनी रहती है और वह इस टीम के माहौल में ढलने की प्रक्रिया से गुजर रहा है।' फ्लेमिंग ने कहा कि केरल का यह खिलाड़ी लय हासिल करने के लिए बेताब है।

### हैदराबाद में 16 जून से रग्बी प्रीमियर लीग

**नई दिल्ली।** रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) 16 से 28 जून तक हैदराबाद के गाचीबोवली स्टेडियम में खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन जीएमआर स्पोर्ट्स और रग्बी इंडिया कर रहा है। पिछले साल पहली बार रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया था। पहले सत्र की तरह ही इस बार भी यह प्रतियोगिता रग्बी सेवन प्रारुप में आयोजित की जाएगी। इस बार भी इसमें पिछले साल की तरह छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेगी।



यह घोषणा जीएमआर स्पोर्ट्स के हाल ही में तेलंगाना सरकार के साथ एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करने के बाद की गई है। रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, ' जीवन में हम जो भी करते हैं, हमारा लक्ष्य हमेशा बेहतर करना, बेहतर बनना और बेहतर प्रदर्शन करना होता है। यही आरपीएल का मूलमंत्र रहेगा।'

### अंडमान में 9 अप्रैल से राष्ट्रीय सर्फिंग चैंपियनशिप



**श्रीविजयपुरम।** अंडमान के बटलर की खाड़ी में 9 से 12 अप्रैल तक राष्ट्रीय सर्फिंग चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। बटलर की खाड़ी श्रीविजयपुरम से लगभग 130 किलोमीटर दूर दक्षिण में स्थित है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पहली बार इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। सूचना, प्रचार और पर्यटन कार्यालय के निदेशक ने कहा, 'भारतीय सर्फिंग महासंघ के सहयोग से आयोजित की जाने वाली यह प्रतियोगिता जापान में होने वाले एशियाई खेलों को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, ' इस चैंपियनशिप में देशभर के शीर्ष सर्फर भाग लेंगे। अंडमान में इस प्रतियोगिता का आयोजन करने का उद्देश्य इस द्वीपसमूह को सर्फिंग और समुद्री खेलों के उभरते केंद्र के रूप में बढ़ावा देना है।'



## अर्जेंटीना के रोमन एंड्रेस बुरुचागा को हराया

# पॉल ने दिखाया दम, यूएस मेन्स क्ले कोर्ट में जीता पहला खिताब

एजेंसी ▶▶| ह्यूस्टन

टॉमी पॉल ने अर्जेंटीना के रोमन एंड्रेस बुरुचागा पर 6–1, 3–6, 7–5 से जीत के साथ अपना पहला यूएस मेन्स क्ले कोर्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता। यह उनका पांचवां एटीपी टूर खिताब है, वहीं क्ले पर पहला खिताब है।

28 साल के पॉल ने चैंपियनशिप में तीन मैच पॉइंट बचाए, तीसरे सेट में 3-5 से पीछे होने के बाद लगातार चार गेम जीतकर खिताब अपने जीता। पॉल ने अपनी दो घंटे, 40 मिनट की जीत के साथ ह्यूस्टन में लगातार पांचवां अमेरिकन चैंपियनशिप पक्का किया। पॉल के शुरुआती सेट में तेजी से आगे बढ़ने के बाद, बुरुचागा ने दूसरे सेट में ज्यादा मजबूती से जवाब दिया, पॉइंट्स बढ़ाए और वापसी पर अपनी लय पाकर मैच को निर्णायक बना दिया।



### तीसरा सेट में पॉल का असली टेस्ट

तीसरा सेट उनकी हिम्मत का असली टेस्ट था। 5-3 से पीछे चल रहे पॉल तीन मैच पॉइंट से पीछे थे, और हार से बस कुछ मिनट दूर थे। पहले दो सेट में बुरुचागा से दो गलतियां करवाने के बाद, पॉल ने टिके रहने के लिए टच वॉली विनर से नेट पर गोल किया। इसके बाद पॉल ने 6-5 से बढ़त बना ली, लेकिन बुरुचागा ने वापसी की और लगभग तीसरे सेट में टाईब्रेकर के लिए मजबूर कर दिया। अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने 40-0 से सर्विस की, लेकिन पॉल ने पॉइंट-बाय-पॉइंट अपनी पकड़ बनाए रखी और अपने विरोधी को हराकर आखिरी सेट 7-5 से जीत लिया।

### सबसे उम्रदराज चैंपियन बने टॉमी

इस जीत के साथ, 28 साल के पॉल 2016 में 32 साल के जुआन मोनाको के बाद ह्यूस्टन के सबसे उम्रदराज चैंपियन बन गए। वहीं, इस जीत के साथ टॉमी पॉल फ्रांसिस टियाफो के साथ क्ले, ग्रास और हार्ड कोर्ट पर खिताब जीतने वाले दो सक्रिय अमेरिकी खिलाड़ियों में शामिल हो गए। वह अब 2026 मैच जीतने में अमेरिकन टूर लीडर हैं, जिनका इस साल का रिकॉर्ड 19-7 है। पॉल पिछले अक्टूबर के बाद पहली बार टॉप 20 में वापस आएंगे, और अगले हफ्ते की एटीपी रैंकिंग में उनके 18वें नंबर पर पहुंचने की उम्मीद है। इस बीच, बुरुचागा फरवरी में पहली बार टॉप 100 में पहुंचने और 77वें नंबर पर टूर्नामेंट में एंट्री करने के बाद अपने करियर के नए सबसे ऊंचे नंबर 62 पर पहुंच जाएंगे।

### बीजेकेसी में जगह बनाने की दौड़ में भारत

**नई दिल्ली।** भारत 2026 के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ मंगलवार से डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में होने वाले बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक के मुकाबलों में परिचित परिस्थितियों और घरेलू समर्थन का भरपूर लाभ उठाने की कोशिश करेगा। भारत को हालांकि प्रतिभाशाली श्रीवल्ली भामिदिपति के हटने से झटका लगा है।

इंडोनेशिया, कोरिया, मंगोलिया, न्यूज़ीलैंड और थाईलैंड की मौजूदगी में भारतीय टीम को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें ही आगे बढ़ेंगी, जबकि सबसे नीचे की दो टीमें 2027 के लिए ग्रुप दो में खिसक जाएंगी। भारत का बेंगलुरु में 2025 प्लेऑफ में निराशाजनक प्रदर्शन रहा था। वह तब तीन टीमों के ग्रुप जी में तीसरे स्थान पर रहा था। मेजबान टीम को स्लोवेनिया से 1-2 और नीदरलैंड से 0-3 की हार का सामना करना पड़ा, हालांकि नवोदित खिलाड़ी श्रीवल्ली और सहजा यमलापल्ली ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था।

## 3.4 ओवर का ही हो पाया खेल

# कोलकाता नाइट राइडर्स व पंजाब किंग्स का मैच चढ़ा बारिश की भेंट

भाषा ▶▶| कोलकाता



कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच सोमवार को यहां खेला गया इंडियन प्रीमियर लीग मैच बारिश के कारण 3.4 ओवर के खेल के बाद रद्द करना पड़ा जिससे दोनों टीम को एक-एक अंक मिला। मैच रद्द होने के साथ मौजूदा सत्र में नाइट राइडर्स के अंकों का खाता भी खुल गया। टीम को अपने शुरुआती दो मैच में हार का सामना करना पड़ा था जबकि तीसरे मैच में भी टीम दो विकेट पर 25 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी और अगर मैच शुरू होता तो यह पांच ओवर का ही हो पाता और टीम को सिर्फ आठ गेंद और खेलने को मिलती जिससे संभवतः उसकी स्थिति काफी कमजोर होती। दूसरी तरफ अपने शुरुआती दो मैच जीतने वाली पंजाब की टीम तीन मैच में पांच अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। मैच को नाइट राइडर्स की पारी में 3.4 ओवर के खेल के बाद हल्की बूंदाबांदी के कारण रोका गया जो बाद में बारिश तेज होने के कारण दोबारा शुरू नहीं हो पाया।

### एमआई के सामने आज होगी आरआर की मुश्किल चुनौती

*गुवाहाटी (एजेंसी)। पिछले मैच में हार के बाद वापसी के लिए प्रतिबद्ध मुंबई इंडियंस को उम्मीद होगी कि कप्तान हार्दिक पंड्या पूरी तरह से फिट होकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मंगलवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में खेलेंगे। हार्दिक अस्वस्थ होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे, जिसमें उनकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। हार्दिक की अनुपस्थिति में भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अगुवाई की थी लेकिन टीम को हार्दिक के ऑलराउंड खेल की कमी महसूस हुई। हार्दिक की अनुपस्थिति के कारण टीम संयोजन में भी फेरबदल करना पड़ा। उनकी जगह टीम में शामिल किए गए दीपक चाहर ने सधी हुई गेंदबाजी की, लेकिन अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की जगह कॉर्बिन बॉश को लाने का फैसला उल्टा पड़ गया, क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज ने जमकर रन लुटाए। इसके बाद हार्दिक ने अभ्यास शुरू कर दिया है, जिससे कि उनकी वापसी की संभावना मजबूत बन गई है।*

## एशिया चैंपियनशिप

# लक्ष्य सेन और सिंधु पर दारोमदार सात्विक-चिराग ने लिया नाम वापस



एजेंसी ▶▶| निंगबो

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से अपना नाम वापस ले लिया है और अब इस प्रतियोगिता में भारत का दारोमदार शानदार फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन और अनुभवी पीवी सिंधु पर टिका रहेगा। सात्विक अभी कंधे की चोट से उबर रहे हैं, जिसके कारण इस स्टार भारतीय जोड़ी को टूर्नामेंट से नाम वापस लेना पड़ा। सात्विक और चिराग ने 2023 में इस प्रतियोगिता का खिताब जीता था।

### सात्विक को दर्द, नहीं खेल पाएंगे : कोच

भारतीय कोच टैन किम हेर ने बताया, 'सात्विक को अभी भी कुछ दर्द है, इसलिए वे इस सप्ताह नहीं खेल पाएंगे।' सात्विक के दाहिने कंधे में दर्द के कारण यह भारतीय जोड़ी स्विस ओपन में भी क्वार्टर फाइनल के मैच से भी हट गई थी। इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत की निगाहें अब एकल खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर टिकी रहेंगी, जिसका नेतृत्व लक्ष्य और सिंधु करेंगे। यह दोनों इस प्रतियोगिता में एकल में देश के खिताब के 61 साल से चले आ रहे इंतजार को खत्म करने की कोशिश करेंगे।

### सिंधु का पहला मुकाबला लिंग चिंग से

महिला एकल में सिंधु का पहला मुकाबला मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से होगा। उन्नति हुडा का सामना थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग से, तन्वी शर्मा का सामना मलेशिया की के लेटशाना से और मालविका बंसोड़ का सामना थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से होगा। पुरुष एकल वर्ग में भारत के कुछ अन्य खिलाड़ी भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। कंधे की चोट से उबरकर वापसी कर रहे एचएस प्रणय का सामना क्वालीफायर से होगा, वहीं किदांबी श्रीकांत सिंगापुर के आठवें वरीयता प्राप्त लोह कीन यू से भिड़ेंगे। आयुष शेट्टी का सामना चीन के पांचवीं वरीयता प्राप्त ली शी फेंग से होगा। हरिहरन आमसकारुनन और एमआर अर्जुन का सामना दक्षिण कोरिया के किम वॉन हो और सियो सेउंग जे की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से जबकि कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक का मुकाबला जापान के काकेरू कुमागाई और हिरोकी निशी से होगा।

## अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप

# स्वर्ण के लिए चुनौती पेश करेंगे ललित अमन और सुनील कांस्य की दौड़ में

**नई दिल्ली (भाषा)।** अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता ललित ने किर्गिस्तान के बिश्केक में चल रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में सोमवार को पुरुषों के 55 किग्रा ग्रीको रोमन वर्ग में चीन के हुओयिंग शी को हराकर स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई। तेइस वर्षीय ललित ने सेमीफाइनल में हुओयिंग शी को 11-3 से हराया। प्रतियोगिता के पहले दिन हालांकि भारतीय टीम के लिए नतीजे मिश्रित रहे जब अमन (77 किग्रा, ग्रीको रोमन) और पूर्व चैंपियन सुनील कुमार (87 किग्रा, ग्रीको रोमन) अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले हार गए। ये दोनों मंगलवार को कांस्य पदक के लिए मुकाबला करेंगे। ललित फाइनल में 2025 एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता उज्बेकिस्तान के इख्तियार बोतिरोव से भिड़ेंगे। बोतिरोव ने दूसरे सेमीफाइनल में उलान उलू को 5-3 से हराया था। अमन को 77 किग्रा ग्रीको रोमन सेमीफाइनल में ईरान के अली ओस्कू ने 13-3 से हराया। क्वार्टर फाइनल में चीन के हलीशान बाहेजियांग के खिलाफ 1-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 6-4 से जीत दर्ज करने वाला यह भारतीय पहलवान अब कांस्य पदक के मुकाबले में दक्षिण कोरिया के येओनघुन नोह का सामना करेगा। वर्ष 2020 के एशियाई चैंपियन सुनील कुमार इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में अपना चौथा पदक जीतने की कोशिश करेंगे लेकिन यह स्वर्ण पदक नहीं होगा। वह 87 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में ईरान के गुलामरेजा फारोखिसेनजानी के खिलाफ 0-8 से हार गए। दूसरी तरफ 65 किग्रा ग्रीको रोमन भार वर्ग में सनी कुमार क्वालीफिकेशन दौर में कजाखस्तान के सैफुल्ला कुरमान के खिलाफ हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# हरियाणा की प्रीति,प्रिया व राजस्थान की अरुंधति चौधरी फाइनल में पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


**बेटियों का शानदार प्रदर्शन, 10 पदक पक्के**



प्रीति



प्रिया



अरुंधति

एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सोमवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। जिसमें प्रीति पवार, प्रिया और अरुंधति चौधरी सोमवार को उलानबटार में अपने-अपने फाइनल में पहुंच गईं। यह प्रतियोगिता मंगोलिया में आयोजित की जा रही है। प्रीति ने 54 किलोग्राम वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता कोरिया की ऐजी इम को 5-0 रौंदा। भारतीय मुक्केबाज ने तीनों राउंड में सटीक नियंत्रण और संयम दिखाते हुए फाइनल में जगह पक्की की। फाइनल में उनका मुकाबला कई बार की विश्व चैंपियन चीनी ताइपे की हुआंग शियाओ-वेन से होगा। 60 किलोग्राम वर्ग में, प्रिया ने मंगोलिया की नामुन मोनखोर पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अब उनका मुकाबला खिताबी मुकाबले में उत्तर कोरिया की उन ग्योंग वोन से होगा। अरुंधति चौधरी ने 70 किलोग्राम वर्ग में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान की ओयशा तोइरोवा पर 4-1 से जीत हासिल की और फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली, जहां उनका मुकाबला कजाकिस्तान की बकित सेइडिश से होगा। अंकुशिता बोरो 65 किलोग्राम वर्ग में चीनी ताइपे की निएन-चिन चेन से 0-3 से हार गईं। बिजली गुल होने के कारण मुकाबले में बाधा आने के बाद अंकों के आधार पर फैसला किया गया। निकहत जरीन को 51 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की ओलंपिक चैंपियन वू यू के हाथों 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। लवलीना बोरगोहेन और पूजा रानी भी अपने-अपने वर्गों में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।


## वेस्ट हैम को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया

# 1987 के बाद एफए कप के सेमीफाइनल में लीड्स

एजेंसी ▶▶| लंदन

लीड्स ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में दो गोल की बढ़त गंवा दी लेकिन आखिर में वह वेस्ट हैम को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर 1987 के बाद पहली बार एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा।

माटेउस फर्नांडेस और एक्सल दिसासी ने 93वें और 96वें मिनट में गोल दागकर वेस्ट हैम को लंदन स्टेडियम में खेले गए मैच में 2-2 से बराबरी पर ला दिया। इससे मैच अतिरिक्त समय तक खिंच गया। क्वार्टर फाइनल के इस मैच में अतिरिक्त समय में वेस्ट हैम के दो गोल ऑफसाइड के कारण रद्द कर दिए गए, जिसके बाद लीड्स ने शूटआउट में जीत हासिल की। वेस्ट हैम के फिनले हेरिक ने जोएल पिरो की पेनल्टी बचाई, लेकिन लीड्स ने पास्कल स्ट्रुइक ने निर्णायक पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम को जीत दिलाई। इससे पहले निर्धारित समय में आओ तानाका और डोमिनिक कैल्वर्ट लेविन के गोल से लीड्स ने 2-0 की बढ़त हासिल की थी। लीड्स सेमीफाइनल में चेल्सी से भिड़ेगा। दूसरे सेमीफाइनल मैच में मैनचेस्टर सिटी और साउथेम्प्टन आमने-सामने होंगी। ये मैच 25 और 26 अप्रैल को वेम्बली में खेले जाएंगे।



### इंटर मिलान ने रोमा को 5-2 से हराया, मार्टिनेज ने दागे दो गोल

**मिलान।** लोटारो मार्टिनेज ने चोट से उबरकर वापसी करते हुए दो गोल दागे, जिससे इंटर मिलान ने रोमा को 5-2 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को मजबूत कर दिया। इंटर मिलान ने इस जीत से प्रतियोगिता में पिछले चार मैच में जीत हासिल नहीं करने का सिलसिला भी समाप्त कर दिया। सैन सिरो स्टेडियम में मार्टिनेज ने दूसरे और 52वें मिनट में गोल दागे। उनके अलावा हाकान चालहानोग्लू, मार्कस थुरम और निकोलो बरेला ने भी इंटर मिलान के लिए गोल किए। रोमा के लिए जियानलुका मैनसिनी और लोरेंजो पेलेग्रिनी ने गोल किए। इस जीत से इंटर मिलान के 31 मैच में 72 अंक हो गए हैं और उसने शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।




वह अब दूसरे नंबर पर काबिज एसी मिलान से नौ अंक और मौजूदा चैंपियन नेपोली से 10 अंक आगे है।




# ईरान को लगा बड़ा झटकाः इजराइल-अमेरिका हमले में आईआरजीसी के खुफिया प्रमुख माजिद खादेमी की मौत

## राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक रक्षा विज्ञान में पीएचडी करने वाले खादेमी मौत से मध्यस्थता की कोशिशों को लगेगा झटका


माजिद खादेमी

एजेंसी ▶▶ तेहरान

अमेरिका और इजराइल की ओर से जारी हमलों में ईरान को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका और इजराइल के हमलों में ईरान के सबसे शक्तिशाली और विशिष्ट सैन्य बल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के खुफिया प्रमुख माजिद खादेमी के मौत हो गई। ईरान की सरकारी मीडिया ने सोमवार को पुष्टि करते हुए बताया कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के खुफिया संगठन के प्रमुख माजिद खादेमी की मौत हो गई। रिपोर्ट में बताया गया कि तड़के सुबह एक हमले में माजिद खादेमी को मार दिया गया। आईआरजीसी ने उनकी मृत्यु की पुष्टि करते हुए इसे आपराधिक आतंकवादी हमले का नतीजा कहा। आईआरजीसी ने माजिद खादेमी की हत्या के लिए अमेरिकी-यहूदी शासन के दुश्मन को जिम्मेदार ठहराया।


हालांकि, हमले की सटीक जगह का तुरंत पता नहीं चला सका था। मीडिया रिपोर्टों ने सोमवार की सुबह तेहरान और उसके आसपास के क्षेत्रों में इजराइल-अमेरिका ने संपत्तियों को लक्षित करने वाले भारी हवाई हमलों को अंजाम दिया था। ब्रिगेडियर जनरल माजिद खादेमी ईरान के सबसे शक्तिशाली सुरक्षा अधिकारियों में से एक थे। जून 2022 में, उन्हें आईआरजीसी के खुफिया संरक्षण संगठन का प्रमुख नियुक्त किया गया था। 2025 तक उन्होंने मोहम्मद काजेमी की जगह आईआरजीसी खुफिया संगठन के प्रमुख का पद संभाला था, जिनकी पहले के संघर्षों में मृत्यु हो गई थी।

- राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीति बनाने में माहिर थे खादेमी
- अमेरिका से निपटने के लिए बेहतर विकल्प दिए थे
- अमेरिका लंबे समय से कर रहा था प्लानिंग वही किया

### जंग की भेंट चढ़े ईरान के कर्ता-धर्ता

- प्रमुख लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के साथ करीब 40 वरिष्ठ सैन्य कमांडर भी मारे गए
- सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव और पूर्व संसद अध्यक्ष,अली लारीजानी
- खामेनेई के शीर्ष सलाहकार और सुरक्षा नीति के विशेषज्ञ,अली शमखानी
- आईआरजीसी के ग्राउंड फोर्स के कमांडर मेजर जनरल, मोहम्मद पाकपुर
- ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ, मेजर जनरल अब्दुलरहीम मौसवी
- ईरान के रक्षा मंत्री,ब्रिगेडियर जनरल अज़ीज़ नासिरज़ादेह
- आईआरजीसी नौसेना के प्रमुख, रियर एडमिरल अलीरेज़ा तंगसिरी
- आईआरजीसी नौसेना के खुफिया प्रमुख, बेहनाम रज़ाई
- ईरान के खुफिया मंत्री, इस्माइल खतीब
- बासिज अर्धसैनिक बल के कमांडर, गुलामरेज़ा सुलेमानी
- आईआरजीसी के प्रवक्ता,अली-मोहम्मद नईनी

## ईरान ने आईएईए से कहा- आपकी चुप्पी हमलावरों को दे रही बढ़ावा, रेडिएशन लीक की दी चेतावनी


बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट

*ईरान ने यूएन की परमाणु निगरानी एजेंसी पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है। साथ ही रेडिएशन लीक की चेतावनी दी है। ईरान के परमाणु प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने इस पूरे मामले पर आईएईए निदेशक रफेल ग्रॉसी को खत लिखा है। जिसमें ईरान के एकमात्र चालू संयंत्र को चार बार निशाना बनाने की निंदा की। तस्नीम न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान के परमाणु प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने कहा कि एजेंसी की निष्क्रियता के कारण उसके न्यूक्लियर प्लांट्स पर हमले बढ़ रहे हैं। इस्लामी ने इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि उसकी चुप्पी हमलावरों को बढ़ावा दे रही है। उसके बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट को अब तक चार बार निशाना बनाया जा चुका है। शनिवार को इसके आस-पास हुए सबसे हालिया हमले में सुरक्षा स्टाफ का एक सदस्य मारा गया और अन्य घायल हो गया। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे हमलों से रेडियोधर्मी पदार्थ के रिसाव का खतरा बढ़ता है, जिससे इंसानों, पर्यावरण और पड़ोसी देशों को गंभीर नुकसान भुगतने पड़ सकते हैं। ऐसी क्षति हो सकती है जिसकी भरपाई मुश्किल होगी। इस्लामी ने यह भी स्पष्ट किया कि विचाराधीन सैन्य अभियान जिनेवा कन्वेंशन और उससे जुड़े प्रोटोकॉल, आईएईए के विधान, एनपीटी (परमाणु अप्रसार संधि), ईरान के व्यापक सुरक्षा समझौते (आईएनएफसीआईआरसी/214), और आईएईए के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा पारित प्रस्तावों और एजेंसी के सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करते हैं। ईरान ने इन हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए कहा कि केवल चिंता जताना काफी नहीं है, बल्कि एजेंसी को ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।*

**सोमवार को हमला**

## ईरान, इजराइल में हमलों की लगी होड़


लेबनान के बेरूत के दक्षिणी उपनगर दाहियेह में इजराइली हवाई हमलों से हुआ धुआं-धुआं

**ईरान पर हवाई हमलेः** तेहरान और उसके आसपास के इलाकों (जैसे इस्लामशहर) में भीषण हवाई हमले हुए हैं, जिसमें कम से कम 13 लोगों की मौत की खबर है। इजराइली सेना (आइडीएफ) ने दावा किया है कि उन्होंने आईआरजीसी के खुफिया प्रमुख मजीद खादेमी को मार गिराया है। वहीं इजराइल ने लेबनान के बेरूत पर हमला कर धुआं-धुआं कर दिया।
**ईरान का पलटवारः** जवाब में ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात और इजरायल के विभिन्न शहरों पर मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। अबू धाबी में ईरानी मिसाइलों को बीच में ही नष्ट कर दिया गया, जबकि इजरायल के तेल अवीव और हाइफा जैसे शहरों में कुछ लोग घायल हुए हैं।

## फारस की खाड़ी से तिरंगा लहराते भारतीय जहाज ग्रीन आशा सुरक्षित निकला, अब जग विक्रम ही फंसा, सान्वी आज पहुंचेगा!

*ग्रीन सान्वी 46,655 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर गुजरात के भरूच पहुंचेगा*

अमेरिका-ईरान में जारी जंग के बीच लिक्विफॉयड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) को लेकर आ रहा भारतीय झंडे वाला जहाज ग्रीन आशा ने रविवार को होर्मुज स्ट्रेट पार कर लिया है। यह जहाज होर्मुज में फंसा हुआ था। अब भारत का केवल जग विक्रम ही होर्मुज में फंसा हुआ है। ग्रीन आशा जहाज को अब भारतीय नौसेना के निर्देशों के मुताबिक भारत की ओर रास्ता तय करना है। रिपोर्टों के अनुसार, ग्रीन सान्वी 46,655 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर गुजरात के भरूच जिले में 7 अप्रैल को दाहेज बंदरगाह पर पहुंचने वाला है। उसी वक्त एलपीजी कैरियर बी डब्ल्यू टीवायआर मुंबई में खड़ा है, जहां सान्वी से माल उतारा जाएगा। वहीं, एक और पोत बी डब्ल्यू ईएलएम को 4 अप्रैल को ही चेन्नई में एन्नौर की ओर मोड़ दिया गया था। यह गतिविधियां तब और बढ़ गई थीं, जब 47,612 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर जग वसंत कोलकाता पहुंचा था।

**कहां और कितने भारतीय जहाज फंसे हैं?**



जहाजरानी मंत्रालय के अनुसार, 16 भारतीय पोत फारस की खाड़ी में हैं, जो होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिम में हैं। वहीं, चार जहाज ओमान की खाड़ी में हैं। इसके अलावा, एक जहाज अदन की खाड़ी में है। वहीं, 2 जहाज लाल सागर में हैं। फारस की खाड़ी में मौजूद जहाजों में से 5 जहाज मूवमेंट कर रहे हैं। वहीं, शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के 5 जहाज हैं।

### भारत सरकार ईरान के संपर्क में

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, भारत सरकार लगातार ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं। होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित निकासी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर खुद बातचीत कर रहे हैं। वहीं, होर्मुज के बाद से भारत जाने वाले जहाजों को भारतीय नौसेना लगातार निगरानी और सुरक्षा दे रही है।

## अब अमोनिया का संकट, 7200 वाला सिलिंडर 15 हजार में



अमेरिका-इजराइल, ईरान युद्ध का असर पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बाद अब कोल्ड स्टोरेज उद्योग और कृषि अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। अमोनिया गैस की कीमत दोगुनी होने के चलते अलीगढ़ से लेकर वाराणसी तक प्रदेश के करीब 2500 कोल्ड स्टोरेज संचालन प्रभावित हो रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर आलू उत्पादन वाले जिलों पर पड़ने की आशंका है। यूपी के आगरा में संचालित 327 शीतगृह में पूरे सीजन में औसतन 1.5 से दो टन अमोनिया गैस की खपत होती है।


### आपूर्ति सुधरी पर महंगी मिल रही गैस

कानपुर में दाम 20 फीसदी तक बढ़ गए हैं। 90-95 रुपये प्रति किलो मिलने वाली अमोनिया गैस के दाम 109-110 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। वहीं दाम बढ़ने से कोल्ड स्टोरों के संचालन पर सीधा असर पड़ रहा है।

**ट्रंप ने बयां की कहानी**

## ईरान में अमेरिकी पायलटों का रेस्क्यूः 36 घंटे का सैन्य अभियान पर ट्रंप ने की चर्चा

ईरान के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी वायुसेना के एक एफ 15 ई फाइटर जेट के क्रैश होने के बाद, पेंटागन ने अपने दो पायलटों को बचाने के लिए अब तक के सबसे जोखिम भरे ऑपरेशन को अंजाम दिया। यह मिशन 36 घंटों तक चला, जिसमें अमेरिका ने अपने दोनों जांबाजों को तो बचा लिया, लेकिन उसे अपने छह सैन्य विमानों की आहुति देनी पड़ी। इसकी जानकारी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी। घटना की शुरुआत गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात को हुई जब जेट क्रैश होने के बाद दोनों पायलट अलग-अलग दिशाओं में जा गिरे। पहले पायलट को तो 6 घंटे के भीतर ही सील टीम 6 ने भारी गोलीबारी के बीच निकाल लिया, लेकिन असली चुनौती दूसरे पायलट (वेपन्स सिस्टम ऑफिसर) को लेकर थी। वह घायल होने के बावजूद ईरानी सेना से बचने के लिए 20 किलोमीटर पैदल चलकर जग्रोस पहाड़ों की 7,000 फुट ऊंची चोटी पर जा छिपा। इस दौरान अमेरिका ने जबरदस्त कूटनीतिक और रणनीतिक चालाकी दिखाई। सीआईए ने जानबूझकर यह अफवाह फैलाई कि पायलट को सड़क मार्ग से निकाला जा रहा है।



## फारस की खाड़ी में सुरक्षित हैं भारत के 16 जहाज और उन पर सवार 433 नाविक

# किसी भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास गैस की कोई कमी नहीं, रोजाना बेच रहे 50 लाख

## देश में पर्याप्त मात्रा में मौजूद है चावल और गेंहू का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र में एक महीने से अधिक समय से जारी भीषण युद्ध के बीच भारत में कच्चे तेल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। इन सभी पेट्रोलियम उत्पादों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता बनी हुई है। जिसकी वजह से किसी भी उपभोक्ता (घरेलू, कमर्शियल) को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। सिर्फ जरूरत के मुताबिक ही इन चीजों की खरीद पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। यह जानकारी सोमवार को राजधानी में आयोजित की गई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में केंद्रीय पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दी है।दोनों नेताओं ने भारत-बांग्लादेश की राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं के साथ जुड़े कई क्षेत्रों में लोगों पर केंद्रित सहयोग पर ध्यान देते हुए द्विपक्षीय बातचीत पर चर्चा की।

**18 करोड़ घरों तक पहुंचा एलपीजी सिलेंडर**



उन्होंने कहा कि आज युद्ध को करीब 35 दिन हो गए हैं। हमारी एलपीजी की जरूरत का एक बड़ा हिस्सा मध्य-पूर्व से आता है। इसलिए इस संबंध में प्रभाव पड़ा है। लेकिन केंद्र ने आम लोगों की परेशानी को कम से कम करने के लिए तमाम जरूरी कदम उठाए हैं। देश में एलपीजी की सप्लाई पर्याप्त है और अतिरिक्त कार्गो के लिए कवायद जारी है। वर्तमान में किसी भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के यहां गैस की किसी तरह की कोई कमी नहीं है। हम लगभग 50 लाख सिलेंडर रोजाना दे रहे हैं। बीते पांच हफ्ते में लगभग 18 करोड़ घरों तक एलपीजी सिलेंडर पहुंचाया गया है। साथ ही हमारी ऑनलाइन बुकिंग रिकार्ड उच्च स्तर के साथ ही 97 फीसदी पर पहुंच गई है। डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड के जरिए 90 डिलीवरी की जा रही है।

### पीएनजी से जुड़े 4 लाख नए उपभोक्ता

शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक गैस को लेकर एलपीजी से दबाव घटाने को लेकर सरकार पीएनजी को बढ़ावा दे रही है। यूरिया प्लांट को 70 से 75 फीसदी गैस की सप्लाई जारी है। इसके अतिरिक्त आज तक उर्वरक प्लांट्स को दी जाने वाली गैस सप्लाई भी बढ़ी है। यह 90 फीसदी तक पहुंच गई है। सीजीडी नेटवर्क को अतिरिक्त 10 फीसदी गैस देने की बात कही गई है। 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को व्यापार सुगमता के लिए अतिरिक्त 10 फीसदी एलपीजी दी गई है। एक आवेदन पर अभी विचार जारी है। मार्च महीने में 3 लाख 67 हजार पीएनजी कनेक्शन को गैस दी गई, 4 लाख नए उपभोक्ता पंजीकृत हुए हैं। देश में सभी पेट्रोल पंप पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल मौजूद है। घरेलू उपभोक्ता के लिए कीमतों में वृद्धि रोकने के लिए सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में कटौती है। सप्लाई को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए एक्सपोर्ट लेवी लगाई है। ईंधन का दाम हमारे यहां पड़ोसी देशों के मुकाबले काफी कम है।

### 42 लाख कमर्शियल सिलेंडर दिए हैं

सुजाता के मुताबिक, हमारे डिस्ट्रीब्यूटर रविवार के दिन भी काम कर रहे हैं। ताकि सभी आमजन को आराम से सिलेंडर की डिलीवरी की जा सके। कमर्शियल एलपीजी को लेकर सरकार ने आवंटन 70 फीसदी तक बढ़ाया है। क्योंकि युद्ध के चलते हमारी एलपीजी सप्लाई प्रभावित हुई थी। इसी वजह से केंद्र ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी और कमर्शियल उपभोक्ताओं को दी जाने वाली एलपीजी में कटौती की गई। बीते 3 हफ्तों में 79 हजार 900 टन कमर्शियल एलपीजी उपभोक्ताओं को बेची गई है। 19 किलो के लगभग 42 लाख सिलेंडर दिए गए हैं। 5 किलोग्राम के छोटे सिलेंडरों को लेकर भी कुछ खबरें मिली हैं। जिन्हें लेकर कदम उठाए हैं। मैं स्पष्ट कर दूं कि हमारे पास 5 किलोग्राम के सिलेंडर का भी पर्याप्त स्टॉक है। उपभोक्ता वेलिड आईडी प्रूफ के साथ किसी भी निकट डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाकर इसकी खरीद कर सकता है। अब उसे किसी भी एड्रेस प्रूफ की आवश्यकता नहीं होगी।

### सुरक्षित हैं 16 जहाज, 433 नाविक

जहाजरानी मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि अभी फारस की खाड़ी में भारत के कुल 16 जहाजों पर 433 नाविक सवार हैं। यह सभी पूरी तरह से सुरक्षित हैं। डीजी शिपिंग इनकी तमाम गतिविधियों की निगरानी कर रहे हैं। बीते दो दिन में दो जहाज गीन सानवी (साढ़े 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी और 25 नाविकों के साथ), ग्रीन आशा (साढ़े पंद्रह हजार टन एलपीजी और 26 नाविकों के साथ) स्वदेश पहुंच रहे हैं। डीएफपीडी में संयुक्त सचिव सी.शिक्षा ने कहा, खाद्य सुरक्षा तैयारी को लेकर केंद्र सख्त निगरानी कर रहा है। गेंहू और चावल का भारत में पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। गेहूं 220 लाख मीट्रिक टन, चावल 380 मीट्रिक टन है। जो पीडीएस या आपात जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी है। कीमतों को स्थिर रखने के लिए कोशिशें जारी हैं। एफसीआई ने ओपन बाजार में सरप्लस गेहूं, चावल दिया है। इन दोनों की कीमतें बीते एक साल में नहीं बढ़ी हैं। पर्याप्त स्टॉक भी है एफसीआई के पास। स्टेट स्कीम के तहत राज्यों को अतिरिक्त चावल दिया जा रहा है।

### 6 लाख से ज्यादा 5 किलो. के सिलेंडर बेचे

बीते 2 दिनों में 5 हजार 500 जागरुकता कैंप लगाए गए हैं। जिनमें आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, जम्मू कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, यूपी, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 6 हजार 700, 5 किलोग्राम के सिलेंडर बेचे गए हैं। इसके अलावा पिछले 14 दिन की बात करें तो इस दौरान 6 लाख 75 हजार से ज्यादा 5 किलोग्राम के सिलेंडरों की बिक्री हुई है। 5 किलो. के सिलेंडर की फरवरी महीने की औसत बिक्री लगभग 77 हजार सिलेंडर थी। यही बिक्री 4 अप्रैल को 90 हजार से अधिक थी।

### कालाबाजारी रोकने को प्रयास जारी

कालाबाजारी रोकने को लेकर हमारी टीमें काम कर रही हैं। राज्य प्रेस ब्रीफिंग नियमित रूप से करें। जिससे फेक न्यूज से बचाव हो सकेगा। कमर्शियल एलपीजी, केरोसीन आवंटन पूरा करने की बात कही गई है। बीते 5 हफ्ते में 1 लाख से ज्यादा छापे मारे गए हैं, राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, दोनों की संयुक्त टीमों द्वारा इसमें अहम भूमिका निभाई गइ है। जिसका परिणाम यह हुआ कि 52 हजार सिलेंडर जब्त किए गए, 850 एफआईआर हुई हैं। साथ ही 220 लोग गिरफ्तार हुए हैं। तेल कंपनियों की औचक जांच जारी है, 1500 कारण बताओ नोटिस दिए गए हैं। 118 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरों पर पैनल्टी लगाई है, 41 को सस्पेंड भी किया गया है। केंद्र द्वारा हर स्तर पर एक्शन लिया जा रहा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109